


दैनिक **अर्थ प्रकाश** खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी

सही समय का इंतजार मत करो, न वो कभी आया है, न कभी आएगा। बस जहां, हो वहीं से शुरुआत करो।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, रविवार, 06 जुलाई, 2025 | अषाढ़ शुक्ल पक्षः एकादशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 185 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12


### एसवाईएल पर हरियाणा व पंजाब की अहम बैठक 9 को

# सुप्रीम कोर्ट के निर्देशः एसवाईएल मामला सुलझाएं

**केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल करेंगे अध्यक्षता, भगवंत मान व नायब सैनी रहेंगे मौजूद**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** पंजाब व हरियाणा के बीच वर्ष 1982 से चल रहे एसवाईएल विवाद को सुलझाने के लिए भारत सरकार अब दोनों राज्यों के बीच नौ जुलाई को संयुक्त बैठक करवाएगी। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने 9 जुलाई को दिल्ली में यह बैठक बुला ली है। जिसमें पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों तथा जल संसाधन विभाग के आला अधिकारियों के साथ भाग लेंगे।

इससे पहले भी केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत दोनों राज्यों में बैठक करवा चुके हैं। इस केस में हरियाणा में द्वारा डाली गई याचिका निर्णायक दौर में आ चुकी है। बैठक का उद्देश्य एसवाईएल के मसले को सुलझाना है ताकि दोनों राज्यों के बीच चला आ रहा पानी विवाद समाप्त हो सके। इससे पहले दोनों प्रदेशों के सीएम के बीच कई दौर की वार्ता हो चुकी है, लेकिन वार्ता में कोई हल नहीं निकल पाया है।

मई माह में सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा और पंजाब के बीच चल रहे जल विवाद को सुलझाने के निर्देश दिए थे। सुप्रीम द्वारा पहले जल शक्ति मंत्री को इस मामले में मध्यस्थता करने के निर्देश दिए थे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार अब केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने एसवाईएल के मुद्दे पर दोनों प्रदेशों की बैठक बुलाई है। 2004 के पंजाब के इस कानून को 2016 में सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। तब से यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में अटका हुआ है। अब 13 अगस्त को अगली सुनवाई की तारीख तय है। इस सुनवाई में केंद्र सरकार द्वारा दोनों राज्यों के फाइनल स्टैंड को लेकर अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दी जाएगी। इस रिपोर्ट के आधार पर ही सुप्रीम कोर्ट कोई फैसला करेगा।

# हिमाचल में बादल फटने और भूस्खलन से 261 सड़कें बाधित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 5 जुलाई।** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश का दौर लगातार जारी है। बीते 24 घंटों के दौरान जोगिंद्रनगर में 52.0, नाहन 28.8, पालमपुर 28.8, पांवटा साहिब 21.0, ऊना 18.0, बरठीं 17.4, कांगड़ा 15.6 और श्री नयना देवी में 12.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। प्रदेश में शनिवार सुबह 10:00 बजे तक 261 सड़कें ठप रहीं। राज्य में 300 बिजली ट्रांसफार्मर और 281 जल आपूर्ति स्कीमें भी प्रभावित चल रही हैं। सबसे अधिक 176 सड़कें मंडी जिले में बाधित हैं।



कुल्लू में 39 व सिरमौर जिले में 19 सड़कें बाधित हैं।

**इन जिलों में रेड अलर्टः** मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से प्रदेश के कई भागों में 7 व 8 जुलाई के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 6 जुलाई के लिए कांगड़ा, मंडी व सिरमौर जिले के कुछ स्थानों पर भारी से अत्याधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी हुआ है। विभाग के अनुसार 5 से 9 जुलाई तक अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। 10 और 11 जुलाई कई स्थानों पर बारिश हो सकती है।

**मानसून सीजन में अब तक 72 लोगों की मौतः** सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस मानसून सीजन में 20 जून से 4 जुलाई तक 72 लोगों की जान गई है। 113 लोग घायल हुए हैं। 251 मवेशियों की मौत हुई है। 122 से अधिक घरों, दुकानों को क्षति हुई है। 208 गोशालाएं भी तबाह हो गईं। नुकसान का आंकड़ा 54,109.17 लाख रुपये तक पहुंच गया है। सड़क हादसों में 27 लोगों की मौत हुई है।

# पंजाब में गैंगस्टर की हत्या बदमाशों ने घेरकर गोलियां मारीं

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अमृतसर, 5 जुलाई।** पंजाब के अमृतसर में शनिवार को दिनदहाड़े एक 28 वर्षीय युवक जुगराज सिंह उर्फ तोता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने दिनदहाड़े वारदात को अंजाम दिया, जो पास के सीसीटीवी कैमरे में भी रिकॉर्ड हो गई।

पुलिस के अनुसार, थाना मेहता के अंतर्गत गांव चन्ननके में 3 अज्ञात युवकों ने जुगराज सिंह पर फायरिंग की है। तीनों बदमाश बाइक पर सवार होकर आए थे। उन्होंने बेहद नजदीक से जुगराज सिंह पर फायरिंग की थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

इस वारदात की जिम्मेदारी एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बंबीहा गैंग ने ली है। हत्या का कारण जग्गू भगवानपुरिया का साथ देना बताया है। आगे इसमें चेतावनी भी लिखी है, 'जो भौंक रहे हैं, वे भी तैयार रहें। हमारा ध्यान सभी पर है।' हालांकि, इस पोस्ट की पुष्टि दैनिक भास्कर नहीं करता है।

बता दें कि इससे पहले बंबीहा गैंग जग्गू भगवानपुरिया के करीबी करनवीर सिंह और जग्गू की मां हरजीत कौर भी हत्या करवा चुका है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

हत्या के बाद जारी की गई पोस्ट में लिखा गया है- मेरे सभी भाइयों को सत श्री आकल। यह जो चन्ननके गांव में जुगराज सिंह उर्फ तोता का कत्ल हुआ है, इसकी जिम्मेदारी मैं डोनी बल, मोहब्बत रंधावा और कौशल चौधरी लेते हैं। पोस्ट में आगे लिखा है- इसने (जुगराज सिंह ने) जग्गू भगवानपुरिया के कहने पर हमारे भाई गोरे बरिया के कत्ल में रेकी करवाई थी और जग्गू के कहने पर हमारे भाइयों के खिलाफ प्रधानगी करवाई। बाकी जो भौंक रहे हैं, वे भी तैयार रहें। हमारा ध्यान सभी पर है।

# बर्मिंघम टेस्टः भारत की बढ़त 484 रन की हुई

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**एजबेस्टन।** टेस्ट फॉर्मेट की कप्तानी मिलने और बल्लेबाजी क्रम में एक स्थान नीचे चौथे स्थान पर आते ही शुभमन गिल के खेलने का अंदाज ही बदल गया है। इंग्लैंड दौरे पर चार पारियों में गिल ने तीसरा शतक लगा दिया है। एजबेस्टन टेस्ट के चौथे दिन शनिवार को दूसरे सेशन की समाप्ति तक भारत ने चार विकेट पर 304 रन बना लिए। गिल 100 रन पर नाबाद हैं।

पहले टेस्ट में उपकप्तान ऋषभ पंत ने दोनों पारियों में शतक लगाया था। वही, काम एजबेस्टन में गिल ने कर दिया है। पहली पारी में यादगार 269 रन की पारी खेलने वाले गिल दूसरी पारी में 100 रन बना चुके हैं। गिल का यह आठवां टेस्ट शतक है। वह 130 गेंद पर नौ चौके और तीन छक्के की मदद से 100 रन पर नाबाद हैं।


शुभमन गिल ने ऋषभ पंत के साथ चौथे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की। पंत ने भी विस्फोटक अर्धशतक लगाया। बाएं हाथ के इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 58 गेंद पर तीन छक्के और आठ चौके लगाते हुए 65 रन बनाए। पंत ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से भारतीय पारी को गति दी।

क्रीज पर गिल और जडेजा हैं। जडेजा 68 गेंद पर 25 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों के बीच 68 रन की साझेदारी हो चुकी है। भारत का स्कोर चार विकेट पर 304 रन है।

भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाए थे। इंग्लैंड अपनी पहली पारी में 407 रन पर सिमट गई थी। इस तरह पहली पारी के आधार पर मिले 180 रन की बढ़त से टीम इंडिया की कुल बढ़त 484 रन की हो गई है। देखना होगा भारतीय टीम इंग्लैंड को जीत के लिए कितने रन का लक्ष्य देती है।







# सरकारी स्कूलों के 11वीं-12वीं के विद्यार्थियों को कारोबार और मार्किटिंग में कुशल बनाऐगी सरकार : बैंस

कारोबारियों ने 10 टीमों के बिज़नस आईडियाज़ को वित्तीय सहायता देने का दिया भरोसा

संसद मैंबर विकरमजीत साहनी द्वारा पहली 10 टीमों को अपने उद्यम स्थापित करने 10 लाख रुपए देने का ऐलान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रूपनगर, 5 जुलाई।** पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने आज ऐलान किया कि विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा के दौरान अपने स्टार्ट- अप स्थापित करने की तरफ उत्साहित करने के लिए पंजाब सरकार अगले सैशन 2026- 27 से सरकारी स्कूलों में 11वीं और 12वीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों को पंजाब यंग इंटरप्रीन्योरज़ स्कीम के अंतर्गत कारोबार और मार्किटिंग में हुनर शिक्षा प्रदान करेगी।

बिज़नस ब्लास्टर्स एक्सपो 2025 को संबोधन करते हुए स. बैंस ने कहा कि ऐसी स्थिति में जहाँ हज़ारों आवेदक एक नौकरी लेने की होड़ में हैं, पंजाब सरकार ने नयी प्रवृत्ति डालते हुये नये रोज़गार मौकों का माहौल सृजन कर दिया है। बिज़नस ब्लास्टर्स एक्सपो 2025 के अंतर्गत विद्यार्थियों को नौकरी ढूँढने वालों की बजाय नौकरी पैदा करने वाले बनने की तरफ उत्साहित किया जा रहा है क्योंकि पंजाब सरकार सभी प्रगतिशील विद्यार्थियों को हर तरह की सहायता के साथ-साथ वित्तीय और तकनीकी सहायता भी प्रदान करेगी।

बिज़नस ब्लास्टर्स एक्सपो 2025 का जिक्र करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पंजाब भर के सरकारी स्कूलों में से चुने गए 10 विद्यार्थियों के नेतृत्व वाले उद्यमों ने सरकारी नेताओं, उद्योगपतियों, स्टारटअप्प संस्थापकों और शिक्षा शास्त्रियों के सामने शार्क टैंक- शैली प्रदर्शन में अपने व्यापारिक विचारों का प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी टीमे अपने सपनों को साकार करने के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने में सफल रहीं। बाकी की 30 टीमों ने भी एक्सपो स्टालों पर अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया और बिक्री भी की।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि नवीन लैबज़ स्थापित करने के लिए 17 लाख का निवेश किया गया है, जहाँ विद्यार्थी अब आईआईटी के सहयोग के साथ भी अपने उत्पाद विकसित कर सकेंगे।

पंजाब यंग इंटरप्रीन्योरज़ स्कीम के बारे रौशनी डालते हुए उन्होंने कहा कि राज्यय सरकार ने विद्यार्थी उद्यमिता का एक नया युग शुरू किया है और यह राज्य के 30 स्कूलों में एक पायलट प्रोजैक्ट के तौर पर शुरू किया गया है, जहाँ विद्यार्थियों को अपने व्यापारिक विचार पेश करने का मौका दिया गया। इसमें एक अनूठी उदाहरण सरकारी मुल्लांपुर दाखा स्कूल के बी. पी. एल. परिवार से सम्बन्धित एक लड़की की है, जिसने सजावटी फूलों के गमले बनाऐ और लुधियाना में उनकी कीमत से 20 गुणा अधिक कीमत पर उनको बेचा। इसी तरह मेरे अपने हलके का एक नौजवान अब गुरूग्राम से टी-शर्टे ख़रीदता है और उनको इंस्टाग्राम के द्वारा बेचता है, इस तरह आसानी से प्रति महीना 50,000 कमा रहा है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की अग्रणी 10 टीमों ने कई क्षेत्रों में प्रदर्शन किया जिन में इलैक्ट्रिकल साइकिल, कुदरती सुंदरता उत्पाद, हाथ से बने दुपट्टे, ड्राइविंग सिमूलेटर, आर्ट वर्क फरेमिंग, कुदरती सामग्री मसाले, सुरक्षा स्टिकस, चाकलेट, हर्बल साबुन, समेत कई अन्य नवीन उत्पाद शामिल हैं।

इस मौके पर बोलते हुये दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री, श्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि पंजाब यंग इंटरप्रीन्योरज़ स्कीम एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को पास होने के लिए एक कारोबारी विचार पेश करने की ज़रूरत होगी। विद्यार्थियों को व्यावहारिक समझ और असली- संसार की शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। 12वीं कक्षा पास होने वाले विद्यार्थी अपने साथ कुछ ऐसा लेकर जाएंगे जो उन्होंने बनाया है, बेचा है और जिससे उन्होंने पैसे कमाऐ हैं। उन्होंने कहा हरेक विद्यार्थी को पढ़ाई के दौरान कमाई करना सीखना चाहिए चाहे उन्होंने किसी भी डिग्री या डिप्लोमा का चयन किया हो।

उन्होंने बताया कि, हर साल, भारत में 1 करोड़ ग्रैजुएट पास होते हैं, परन्तु सिर्फ़ 10 लाख को ही नौकरियाँ मिलती हैं और बाकी प्राईवेट क्षेत्र में नौकरियों की खोज करते रहते हैं। संसद की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2014-15 और 2021- 22 के बीच, 22.05 करोड़ नौजवानों ने नौकरियों के लिए आवेदन दिया, परन्तु सिर्फ़ 7 लाख को ही नौकरियाँ मिलीं।

### इस मौके पर ये रहे मौजूद

इस मौके पर जरपैकट के संस्थापक प्रमोद बेसिन, पंजाब विकास कमीशन के मैंबर अनुज कुन्दरा, स्कूल शिक्षा पंजाब बोर्ड के सचिव श्रीमती आनन्दिता मित्रा, आई. ए. एस., पहली ज्यूरी टीम के मैंबर टोरैंट नैटवर्किंग टैक्नालोजीज़ के संस्थापक और पूर्व सी. ई. ओ. डा. हेमंत कनकिया, शेरोस के संस्थापक और सी. ई. ओ. मिस सायरी चाहल, टैकनॉलॉजी बिज़नस इनक्यूबेटर फाउंडेशन, आई. आई. टी. रोपड़ के प्रमुख डा. श्रेय पाठक, सी. ई. ओ., पंजाब इनोवेशन मिशन श्रीमती सोमवीर आनंद और दूसरी ज्यूरी टीम के मैंबर सी. ई. ओ., उधयम लर्निंग फाउंडेशन और ग्लोबल अलायंस फार मास ऐंटरप्रन्योरशिप मेकिन महेश्वरी, डायरैक्टर, एस. आई. डी. बी. आई. (स्माल इंडस्ट्रीज डिवैल्पमैंट बैंक आफ इंडिया) जितेंद्र कालडा, संस्थापक ग्रीनअफेयर श्रीमती कोमल जैसवाल और डायरैक्टर एजुकेशन, एन. सी. टी. दिल्ली सरकार के पूर्व प्रमुख सलाहकार श्री शैलेंद्र शर्मा शामिल हैं। तीसरी ज्यूरी टीम के मैंबर सी. ई. ओ., टैकनॉलॉजी बिज़नस इनक्यूबेटर फाउंडेशन, आईआईटी रोपड़ सत्यम, संस्थापक और सी. ई. ओ., सिगनीसैंट इन्फर्मेशन सल्यूशनज़ लिमटिड हरित मोहन और पूर्व प्रधान, टी. आई. ई. चंडीगढ़ मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने पवित्र नगरी के निवासियों को दिया 350 करोड़ रुपये का तोहफा

अमृतसर में नई बनी सड़कें, अपग्रेड की गई संपर्क सड़कें और छह नई लाइब्रेरी जनता को समर्पित



अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन

**अमृतसर, 5 जुलाई।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शनिवार को अमृतसर के निवासियों को लगभग 350 करोड़ रुपये के तोहफे के रूप में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पवित्र नगरी को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृतसर के निवासियों को कुल 346.57 करोड़ रुपये की परियोजनाएं समर्पित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि नई सड़कों के निर्माण पर 56.36 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, जबकि सड़क नेटवर्क को अपग्रेड करने पर 287.01 करोड़ रुपये और छह नई लाइब्रेरी बनाने पर 3.20 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

भगवंत सिंह मान ने बताया कि अमृतसर जिले में पंजाब मंडी बोर्ड और लोक निर्माण विभाग द्वारा 56.36 करोड़ रुपये की लागत से नई सड़कों का निर्माण किया गया है और 287.01 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का उन्नयन किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार पूरे राज्य में ग्रामीण संपर्क सड़कों की मरम्मत और उन्नयन करवा रही है। उन्होंने बताया कि पंजाब में कुल 64,878 किलोमीटर संपर्क सड़कें हैं, जिन्हें अब तक हर छह साल में मरम्मत किया जाता रहा है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अब इन लिंक सड़कों की मरम्मत के साथ-साथ अगले पांच वर्षों के लिए इनके रखरखाव को भी इस योजना में शामिल करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि अमृतसर के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में छह नई लाइब्रेरी स्थापित की गई हैं। उन्होंने बताया कि इन लाइब्रेरियों का निर्माण नगर निगम द्वारा 3.20 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अमृतसर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में दो मौजूदा लाइब्रेरी, जिनमें छेहर्टा लाइब्रेरी और पुरानी डीसी कार्यालय लाइब्रेरी शामिल हैं, का क्रमशः 32.58 लाख रुपये और 31.41 लाख रुपये की लागत से नवीनीकरण किया गया है।

### अमृतसर के उत्तरी, केंद्रीय, पूर्वी और दक्षिणी विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक नई लाइब्रेरी स्थापित की गई

मुख्यमंत्री ने बताया कि अमृतसर के उत्तरी, केंद्रीय, पूर्वी और दक्षिणी विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक नई लाइब्रेरी स्थापित की गई है, प्रत्येक लाइब्रेरी की लागत 64 लाख रुपये है। उन्होंने कहा कि ये आधुनिक सुविधाओं से युक्त लाइब्रेरी कंप्यूटर, इंटरनेट, उच्च गुणवत्ता वाला साहित्य और प्रतियोगी परीक्षाओं की अध्ययन सामग्री से सुसज्जित हैं। भगवंत सिंह मान ने आशा व्यक्त की कि ये लाइब्रेरी विद्यार्थियों के लिए अपने सपनों को साकार आई करने की नई आशा की किरण बनेंगी क्योंकि अब विद्यार्थी इन पुस्तकों के माध्यम से विश्वस्तरीय ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये लाइब्रेरी विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर को ऊंचा उठाने और उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# अखाड़ा गांव के बायोगैस प्लांट के मसले के समाधान के लिए संयुक्त कमेटी के गठन की

निर्धारित समय में रिपोर्ट देगी कमेटी

कमेटी की सिफारिशों पर सरकार करेगी कार्रवाई



अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**लुधियाना 5 जुलाई।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने लुधियाना जिले के गांव अखाड़ा में लगाए जा रहे बायोगैस प्लांट के मसले के स्थायी समाधान के लिए गांववासियों और विशेषज्ञों की एक संयुक्त कमेटी बनाने की घोषणा की है।

शनिवार को यहां मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर तालमेल संघर्ष कमेटी के नेता गुरतेज सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कमेटी गांववासियों द्वारा उठाई गई आपत्तियों और आशंकाओं के हर एक बिंदु पर गंभीरता से विचार करेगी। यह कमेटी पूरी जांच के बाद अपनी सिफारिशें देगी, जिनके आधार पर सरकार आवश्यक कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कमेटी निर्धारित समय में अपनी रिपोर्ट देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से किसी भी प्रकार की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी और गांववासियों के हितों की पूरी तरह से रक्षा करने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पंजाब में प्रदूषण को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदूषण के प्रति बिल्कुल भी ढील न बरतने की नीति अपनाई गई है। उन्होंने गांववासियों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया कि प्लांट पूरी तरह से प्रदूषण-मुक्त होगा और किसी को भी नियमों का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घुंगराली गांव के बायोगैस प्लांट का भी उदाहरण दिया, जिसे गांव की सहमति से चालू किया गया था। बैठक के दौरान घुंगराली गांव के प्रतिनिधि ने अपना अनुभव साझा किया।

गांव अखाड़ा के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि गांववासी कमेटी को पूरा सहयोग देंगे ताकि इस मसले का सुखद समाधान निकाला जा सके।

# पंजाब में नशे के खिलाफ अभियान जारी, 6.9 किलोग्राम हेरोइन 6.1 किलोग्राम अफीम समेत 139 नशा तस्कर काबू

पुलिस टीमों ने छह जिलों में 195 मेडिकल दुकानों की भी जांच की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 5 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों पर राज्य से नशीले पदार्थों के पूर्ण खात्मे के लिए चलाई जा रही मुहिम %युद्ध नशों विरुद्ध% के 126वें दिन भी जारी रखते हुए पंजाब पुलिस ने 139 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6.9 किलोग्राम हेरोइन, 6.1 किलोग्राम अफीम और 1.19 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की। इसके साथ ही, केवल 126 दिनों में गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों की कुल संख्या 20,594 हो गई है। यह ऑपरेशन, पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देशानुसार, राज्य के सभी 28 पुलिस जिलों में एक साथ चलाया गया।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशामुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार ने नशे के विरुद्ध इस जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में एक पांच सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है। स्पेशल डीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने जानकारी दी कि 92 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 1400 से अधिक पुलिसकर्मियों वाली 200 से अधिक पुलिस टीमों ने पूरे राज्य में 451 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके दौरान कुल 91 एफआईआर दर्ज की गई। उन्होंने आगे बताया कि पूरे दिन चले इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 460 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की।

स्पेशल डीजीपी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पंजाब से नशे के खात्मे के लिए तीन स्तरीय रणनीति – प्रवर्तन, डी-एडिक्शन और रोकथाम (ईडीपी) – लागू की गई है और पंजाब पुलिस ने %डी-एडिक्शन% के तहत आज 53 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास इलाज के लिए सहमत किया है। इस दौरान, पुलिस टीमों ने कमिश्नरेट अमृतसर, पठानकोट, गुरदासपुर, बटाला, अमृतसर देहाती और तरनतारन समेत छह जिलों में 195 मेडिकल दुकानों की जांच की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे नशीली गोलियों या किसी अन्य प्रकार के नशीले पदार्थों की बिक्री न कर रहे हों और दवाइयों की बिक्री संबंधी निर्धारित नियमों का पूरी तरह से पालन कर रहे हों।

# सरहद पार से नशा तस्करी करने वाले नैटवर्क का अमृतसर में पर्दाफाश; 5 किलो हेरोइन सहित चार गिरफ्तार

पाकिस्तान आधारित तस्कर काका के निर्देशों पर काम कर रहे थे गिरफ़्तार किये दोषी : डीजीपी गौरव यादव




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 5 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चल रही मुहिम के दौरान काउन्टर इंटेलिजेंस (सीआइ) अमृतसर ने पाकिस्तान के साथ संबंधों वाले एक नशा तस्करी माड्यूल का पर्दाफाश किया और इसके चार गुर्गों को 5 किलो हेरोइन सहित गिरफ़्तार किया है। यह जानकारी डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने शनिवार को यहाँ दी।

गिरफ़्तार किये गए व्यक्तियों की पहचान रेशम सिंह, गुरपिन्दर सिंह दोनों निवासी धनोए कलाँ (अमृतसर), रूपप्रीत सिंह और शुभकर मनजीत सिंह दोनों निवासी सहिनेवाली (अमृतसर) के तौर पर हुई है। पुलिस टीमों ने 5 किलो हेरोइन बरामद करने के इलावा उनकी महिन्दरा थार ( पीबी-ऐफसी- 7002) और हीरो सपलैंडर मोटरसाईकल ( पीबी-डीवी- 6761) को भी ज़ब्त किया है, जिनका प्रयोग खेपों को लाने-लेजाने के लिए किया जाता था।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्राथमिक जांच से पता लगा है कि मुलजिम पाकिस्तान स्थित तस्कर काका, जोकि पाकिस्तान के दयाल का रहने वाला है, के निर्देशों अधीन काम कर रहे थे। ज़िक्रयोग्य है तस्कर काका सरहद पार से नशीले पदार्थों की खेप फेंकने के लिए ड्रोन का प्रयोग करता था। उन्होंने कहा कि गिरफ़्तार किये गए मुलजिम नशीले पदार्थों की खेपें राज्य में आगे अन्य नशा कारोबारियों तक पहुँचाते थे।

डीजीपी ने ऑपरेशन सम्बन्धी विवरण सांझे करते हुये कहा कि काउन्टर इंटेलिजेंस, अमृतसर की टीमों को अमृतसर के गाँव धनोए कलाँ के नज़दीक पड़ते भारत-पाकिस्तान सरहदी क्षेत्र के नज़दीक कुछ व्यक्तियों की तरफ से नशीले पदार्थों की खेप प्राप्त करने के बारे पुख्ता सूचना मिली थी।

उन्होंने कहा कि तेज़ी से कार्यवाही करते हुए पुलिस टीमों ने अटारी से पुल कंजरी रोड, अमृतसर की ओर जाते हुये चार व्यक्तियों को रोक कर तब काबू कर लिया, जब वह अपने वाहनों पर खेप पहुँचाने जा रहे थे और उनके कब्ज़े में से हेरोइन की खेप भी बरामद की। उन्होंने बताया कि इस मामले में नैटवर्क के अगले-पिछले संबंधों का पता लगाने के लिए और जांच की जा रही है। आने वाले दिनों में और गिरफ़्तारियाँ और बरामदगियां होने की संभावना है।

इस सम्बन्ध में अमृतसर के पुलिस स्टेशन स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सैल में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 25 और 29 के अंतर्गत एफआईआर नंबर 36 तारीख़ 05-07-2025 को केस दर्ज किया गया है।

# सड़क किनारे बने जन शौचालय बंद होने से लोग परेशान, प्रशासन कर रहा अनदेखी

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 5 जुलाई।** डेराबसी तहसील कंप्लेक्स के बाहर सड़क किनारे बने जन शौचालय लंबे समय से बंद पड़े हैं, जिसके कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां आने वाले लोगों, खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को प्राकृतिक जरूरत के लिए उचित जगह नहीं मिलने से काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ये जन शौचालय काफी समय से खराब पड़े हैं या इन्हें बंद ही रखा गया है। तहसील कंप्लेक्स में रोजाना बड़ी संख्या में लोग अपने कामों से आते हैं। इसके अलावा, यह सड़क एक मुख्य मार्ग पर स्थित है, जहां से बड़ी संख्या में राहगीर गुजरते हैं। शौचालय बंद होने के कारण लोगों को आसपास खुली जगहों या झाड़ियों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे न सिर्फ सफाई की समस्या खड़ी हो रही है बल्कि बदबू के कारण आसपास का वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है।

दूसरी तरफ तहसील कंप्लेक्स में चल रहे नवीनीकरण कार्य के चलते कंप्लेक्स के भीतर बने शौचालयों को तोड़ दिया गया है और तहसील परिसर के अंदर न्यायिक अधिकारियों की अदालतों का काम भी चल रहा है। इसके कारण तहसील और अदालत में आने वाले वकीलों और मुंशियों को भी शौचालयों की खस्ता हालत से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन इस ओर स्थानीय प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संबंध में कई बार प्रशासन और संबंधित विभागों को शिकायतें दी गई हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द इन जन शौचालयों की मरम्मत करवा कर इन्हें आम लोगों के लिए खोला जाए ताकि आम जनता को राहत मिल सके और सफाई व्यवस्था भी बनी रहे।

# कार्यकारी अधिकारी के आदेशों के एक महीना बाद भी नहीं दिया गया जब्त किए गए सामान का डाटा

अधिकारी एक दूसरे पर जिम्मेवारी डाल झाड़ते हैं पल्ला

पिछले दो सप्ताह से पटियाला लाइट प्वाइंट के पास सज रहा पूरा बाजार, नहीं हुई कोई भी कार्रवाई





अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 5 जुलाई।** जीरकपुर शहर की सड़कों के किनारे पर अवैध रूप से कब्जे करके रेहड़ी फड़ी लगाने का चलन बढ़ता ही जा रहा है। जिसके कारण सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या भी बढ़ रही है। लोगों द्वारा नगर परिषद अधिकारियों को शिकायतें करने के बावजूद भी इन रेहड़ी फड़ी वालों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। जिस संबंधी अखबारों में समय-समय पर खबरें भी प्रकाशित होती रहती हैं। पटियाला चौंक से अंबाला की तरफ जाने वाले रोड़ पर प्रीत कॉलोनी के आगे ऐसी रेहड़ी फड़ी वाले अक्सर देखे जा सकते हैं जो के अवैध कब्जा करके सड़क के किनारे पर बैठकर अपना काम कर रहे हैं जिनके कारण वहां से गुजरने वाले वाहन चालक वहां पर अपनी गाड़ियां तथा दोपहिया वाहन सड़क पर ही खड़े करके खरीदारी करते हैं जिससे अक्सर ही शाम के समय वहां पर भारी ट्रैफिक जाम की समस्या देखी जा सकती है। इस संबंधी लगातार खबरें प्रकाशित होने के बाद नगर परिषद की इंफोर्समेंट टीम द्वारा खानापूर्ति के लिए इस क्षेत्र में कई बार कार्रवाई की गई और मंजे तथा रेहडियों आदि उठाई गई। कई बार की यह कार्रवाई मात्र खानापूर्ति के लिए ही की गई क्योंकि टीम द्वारा दिन में कार्रवाई को अंजाम दिया जाता है लेकिन शाम के 6.00 बजे से यहां पर फिर से वही बाजार सज जाता है जो के लोगों द्वारा लगाए गए आरोपों के अनुसार मिली भगत के बिना नहीं सज सकता। पत्रकारों द्वारा बार-बार इंफोर्समेंट टीम द्वारा उठाए गए सामान का डाटा मांगने पर अधिकारी एक दूसरे पर बात फेंक कर पल्ला झाड़ लेते है।

इस संबंध में कार्यकारी अधिकारी जगजीत सिंह जज ने भी अधिकारियों को यह डाटा पत्रकारों को देने के लिए कहा था परंतु एक महीना बीत जाने के बाद भी यह डाटा पत्रकारों को नहीं दिया गया, इसका सीधा मतलब है कि सब कुछ गोल माल है।

जानकारी के अनुसार पटियाला चौंक से लेकर पूरी प्रीत कॉलोनी के आगे बहुत से दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के आगे मंजे रखकर स्टॉल लगाने का किराया भी वसूल किया जाता है और वह स्टॉल वाले अपना मंजा तथा समान रात के समय इस दुकान में रखकर चले जाते हैं। इसके अलावा कुछ दुकानों में ज्यादा मंजे रखे हुए हैं ताकि अगर नगर परिषद की टीम बाहर रखा हुआ मंजा उठाकर लेख भी गई तो टीम के जाने के बाद अंदर से नया मंजा बाहर रहकर फिर से स्टाल लगा दिया जाता है।

जब्त किए गए सामान का डाटा हमारे कंप्यूटर में है सोमवार को चेक करने के बाद बताया जाएगा। समय-समय पर हम पटियाला लाइट प्वाइंट के पास कार्रवाई करते रहते हैं। हमने पूरा शहर कवर करना है इसलिए हो सकता है पिछले 15 दिन से पटियाला लाइट प्वाइंट के पास कार्रवाई न हुई हो।

**परविंदरजीत सिंह इंस्पेक्टर एनफोर्समेंट विंग**

### गोदाम की चाबी नगर परिषद के कच्चे कर्मियों के हाथ में ही रहती

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इंफोर्समेंट टीम द्वारा जो सामान जप्त किया जाता है उसे गोदाम में रखा जाता है उसकी चाबी नगर परिषद के कच्चे कर्मियों के हाथ में ही रहती है। सरकारी गाड़ी को शहर में घूमते हुए वह कच्चे कर्मचारी शाम तक कितना सामान इस गोदाम में रखते हैं और कितना सामान वापस करते हैं इसकी जानकारी अधिकारियों के पास नहीं होती। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी जगजीत सिंह जज ने भी इंफोर्समेंट टीम द्वारा जप्त किए सामान का डाटा पत्रकारों को देने के लिए कहा था परंतु एक महीना बी जाने के बाद भी वह डाटा प्रदान नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि अगर इंफोर्समेंट टीम द्वारा ईमानदारी से रेहड़ी तथा फड़ी वालों से जुर्माना वसूल करके उनकी रसीद काटी जाती तो आज लाखों रुपया नगर परिषद के पास अलग से जमा होता इसलिए इनकी कार्य प्रणाली की गहनता से जांच की जानी चाहिए। लोगों का कहना है कि रेहड़ी तथा मंज़े के साथ-साथ सारा सामान भी उठाया जाना चाहिए ताकि उसे मंजे वाले को वित्तीय नुकसान होने के बाद ही वह दोबारा कब्जा करने के बारे में नहीं सोचेगा।

### अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस सहकारिता मंत्री की घोषणाएं

# सीएम पैक्स के माध्यम से खुलेंगे जन औषधि केंद्र, सीएससी सेंटर व गैस स्टेशन

- हरको बैंक युवाओं, किसानों को हार्वेस्टिंग मशीन खरीदने के लिए देगा लोन
- डेयरी फेडरेशन बनाएगा मॉडर्नाइज्ड वीटा पार्लर
- हरको बैंक का प्लेटिनम डेबिट

अर्थ प्रकाश संवाददाता







**चंडीगढ़, 5 जुलाई।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा ने कहा कि गन्ना उत्पादकों को हार्वेस्टिंग के दौरान आने वाली परेशानियों के समाधान के लिए हरको बैंक के माध्यम से लोन उपलब्ध करवाने की घोषणा की। इससे युवाओं, किसानों को हार्वेस्टिंग मशीनों के व्यावसायिक इस्तेमाल से आर्थिक तौर पर मजबूत होने के अवसर मिलेंगे।

शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में सहकारिता मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का लोगो लांच किया व दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम की शुरुआत की। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि सहकारी समितियों के माध्यम से जन औषधि केंद्र, सीएससी सेंटर, गैस स्टेशन जैसे 25 प्रकार के काम करने के अवसर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

सहकारिता मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के तहत 500 सीएम पैक्स का गठन करने की दिशा में प्रदेश में अब तक 141 सीएम पैक्सों का गठन हो चुका है। कैबिनेट मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में गन्ना उत्पादक किसानों के सामने हार्वेस्टिंग को लेकर आने वाली समस्या के समाधान के लिए हरको बैंक के पैक्स के माध्यम से युवाओं,किसानों को हार्वेस्टिंग मशीन खरीद के लिए लोन उपलब्ध करवाने की घोषणा की। अब डेयरी फेडरेशन के माध्यम से सीएम पैक्स के सदस्यों को भी वीटा बूथ आबंटन में अवसर प्रदान किए जाएंगे। यहीं नहीं डेयरी फेडरेशन वीटा बूथों को मॉडर्नाइज्ड बनाया जाएगा, ताकि वहां वीटा और हैफेड के खाद्य उत्पादों की उपलब्धता होगी। उन्होंने हरको बैंक के प्लेटिनम डेबिट कार्ड को भी लांच किया। पांच लाख रुपए तक के इस डेबिट कार्ड का इस्तेमाल देश के एयरपोर्ट लाउंज में भी किया जा सकेगा।

# हरियाणा के स्कूलों में डिजिटल उपकरणों की जांच करेंगे अधिकारी

- सरकार ने सात एचसीएस अधिकारियों को फील्ड में उतारा,अलॉट किए जिले
- प्रदेश में पहली बार होगा नया अनुभव

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 5 जुलाई।** हरियाणा के सरकारी स्कूलों बच्चों को डिजिटल माध्यम से दी जा रही शिक्षा की जांच करने के लिए प्रदेश के एचसीएस अधिकारी अब फील्ड में दिखाई देंगे। सोमवार से प्रदेश के जिलों में यह अधिकारी स्कूलों में चल रहे डिजिटल माध्यमों की जांच करेंगे।

प्रदेश सरकार ने शनिवार को एक आदेश जारी करके सात एचसीएस अधिकारियों को जिले अलाट कर दिए हैं। यह मुद्दा हालही में शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में हुई विभाग की बैठक में उठा था। प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के सभी स्कूलों में बच्चों को न केवल टैब दिए गए हैं बल्कि डिजिटल बोर्ड भी अलाट किए गए हैं।

आए दिन इन बोर्ड के सही काम नहीं करने तथा विद्यार्थियों को दिए गए टैब में आ रही खराबी की शिकायत निदेशालय तक पहुंच रही हैं। बहुत से बच्चे तो टैब का लॉक तोड़ चुके हैं। शिक्षा निदेशालय के संज्ञान में आया है कि स्कूलों में डिजिटल संसाधनों का उपयोग बहुत कम हो रहा है, जोकि बड़ी विफलता मानी जा रही है। कई स्कूलों के बारे में पता चला है कि वहां डिजिटल बोर्ड आदि का इस्तेमाल ही नहीं हो रहा है। निदेशालय द्वारा बार- बार चेताए जाने के बावजूद भी जब स्कूल मुखिया नहीं माने तो अब सरकार एक्शन मोड में आ गई है।

इन सब शिकायतों की हकीकत जानने के लिए अब एचसीएस अधिकारियों को सोमवार से फील्ड में उतारा जा रहा है। हरियाणा के निदेशक सेकेंडरी शिक्षा जितेंद्र कुमार ने शनिवार को एक आदेश जारी करके कहा कि उक्त एचसीएस अधिकारी स्कूलों में डिजिटल बोर्ड के इस्तेमाल, विद्यार्थियों तथा अध्यापकों को अलाट किए गए टैब, आईसीटी लैब की वास्तविक स्थिति तथा स्कूलों में बनाई गई भाषा लैब के इस्तेमाल को लेकर अपनी रिपोर्ट तैयार करेंगे। इन चार बिंदुओं की जांच वाली रिपोर्ट 15 जुलाई तक मुख्यालय को सौंपी जाएगी।

सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार एचसीएस अधिकारी अमृता सिंह को पंचकूला व यमुनानगर, एचसीएस कमलप्रीत कौर को कैथल, जींद तथा करनाल, ममता को कुरुक्षेत्र व अंबाला, सुरेंद्र सिंह को हिसार, फतेहाबाद व सिरसा, संजीव कुमार को महेंद्रगढ़, मेवात, पलवल और फरीदाबाद, मयंक वर्मा को पानीपत, सोनीपत, गुरुग्राम तथा रेवाड़ी, हिमांशु चौहान को रोहतक, झज्जर, भिवानी तथा चरखी दादरी जिलों के स्कूलों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। उक्त अधिकारी स्कूलों का दौरा करके अपने सुझाव तथा बदलाव के बारे में एक रिपोर्ट तैयार करेंगे। जिसे सरकार द्वारा आने वाले समय में लागू किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वास्थ्य विभाग ने आयोजित किया स्वास्थ्य कैंप

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** उपमंडल पिहोवा के गांव नैंसी, टबरा व जलबेहड़ा बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ठस्का मीरांजी की स्वास्थ्य टीम के द्वारा बाढ ग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण किया गया और स्वास्थ्य कैंप का आयोजन कर बाढ ग्रस्त क्षेत्र में लोगों के स्वास्थ्य जांच की गई। स्थानीय लोगों की जांच उपरांत जरूरी दवाइयों का वितरण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ठसका मीराजी के डेंटल सर्जन डा. अरुण गोत्रा ने गांव के लोगों को बताया कि बाढ़ के कारण पानी का जमाव होता है, जिससे मच्छरों का प्रजनन होता हैं। मच्छरों के कारण मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियाँ फैलती हैं।गंदे पानी के संपर्क में आने से हैजा और अन्य जलजनित रोग होते हैं। बाढ़ वाले पानी से होने वाली बीमारियों से जागरूक करते हुए उनको होने वाली बीमारिओ से अवगत करवाया और उन बीमारिओ की रोकथाम के विशेष उपाय बताए गए। इस मौके पर डा. राहुल, प्रीति, मंजू ,राहुल शर्मा फार्मसेस्टी, रविंद्र सिंह एमएलटी, रेखा, प्रगट सिंह, दीपिका, पुष्पा मौजूद रहे।

### आँख पर पट्टी बांधकर जादूगर ने चलाई शहर में मोटरसाइकिल



**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** शहर की रेलवे रोड स्थित विश्वकर्मा धर्मशाला में जादूगर सम्राट एस. कुमार के शो क्षेत्रवासियों का मनोरंजन कर रहे हैं। बड़ी संख्या में जादू के कद्रदान दूर-दूर से पहुंच कर शो देखने के लिए आ रहे हैं। दोपहर को हुए शो जादूगर एस. कुमार ने दर्शकों को चमत्कृत कर दिया। इसी कड़ी में जादूगर सम्राट एस कुमार ने शनिवार को शहर के रेलवे रोड पर ट्रेफिक नियमों का पालन करते हुए अपने शो की शुरुआत आंखों पर पट्टी बांधकर मोटरसाइकिल चलाने के स्टंट से की। उन्होंने अपने स्टंट से लोगों को एकाग्र होकर वाहन चलाने व यातायात नियमों को पालन करने का संदेश दिया। इस दौरान जादूगर एस कुमार नें विश्वकर्मा धर्मशाला से स्टंट को शुरू कर शहर के मुख्य बाजार से होते हुए वापिस धर्मशाला में समाप्त किया। आंखों पर पट्टी बांधकर बाइक चलाते देख राहगीर हैरत में देखते रह गए। जादूगर एस कुमार के स्टंट को लोगों ने खूब पसंद किया। इस अवसर पर जादूगर सम्राट एस कुमार नें अपने संबोधन में कहा कि जादू हमारी संस्कृति की अनमोल धरोहर है। इस कला ने लोगों को सीधे तौर से मंच से जो? रखा है। हालांकि इंटरनेट के युग में लोग मंच कलाओं से दूर होते जा रहे हैं। लेकिन जादू की कला को आज भी जादूगरों ने जिन्दा रखा हुआ हैं। उन्होंने कहा कि मोटरसाइकिल को आंखों पर पट्टी बांध कर चलाना से उनका मकसद लोगों को अचंभित करना नहीं, उनका मकसद लोगों को इसके जरिये वैज्ञानिक सोच के साथ जो?ना है। आखों पर पट्टी बांधकर मोटरसाइकिल चलाना कोई जादू या दैव्य शक्ति का प्रतीक नहीं है। लोगों को यह भी बताया गया कि जादू कोई शक्ति नहीं, बल्कि वैज्ञानिक कला है। उन्होंने लोगों को वैज्ञानिक सोच अपनाने का संदेश दिया।

# विधायक जांबा ने 1.33 करोड़ के कार्यों का किया शिलान्यास

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 5 जुलाई।** विधायक सतपाल जांबा ने शनिवार को पूंडरी क्षेत्र में 1.33 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले तीन प्रमुख विकास कार्यों का शिलान्यास किया। कार्यक्रम की शुरुआत पूंडरी स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 76 लाख की लागत से बनने वाले मल्टीपर्पज हॉल से की गई। जहां विधायक ने परंपरागत अंदाज में स्कूल की छात्रा से नारियल तुड़वाकर निर्माण कार्य की विधिवत शुरुआत करवाई। इसके अलावा गांव बदनारा में 7 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सरकारी स्कूल में आंगनवाड़ी के कमरे तथा गांव कौल में 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सरकारी अस्पताल में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का शिलान्यास भी किया गया। इस मौके पर विधायक जांबा ने कहा कि वे अपने हलके को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुंदरता के क्षेत्र में हरियाणा में अव्वल बनाना चाहते हैं और इसी दिशा में लगातार कार्य हो रहे हैं। हलके के हर गांव में किसी न किसी योजना पर काम जारी है और यह सब प्रदेश सरकार की ग्रामीण विकास के प्रति मजबूत सोच का परिणाम है।कार्यक्रम में स्कूल प्रिंसिपल धर्म सिंह, सरपंच लाभ सिंह, नगरपालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी, वाइस चेयरमैन रामप्रसाद, ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश बरसाना, अमित सैनी, जगदीश क्वात्रा, हर्ष सेठी, दीपक नंदराजोग, विना सेठी, बलबीर गोलन, डॉ. बलविन्द्र मैहला और विधायक के निजी सचिव अरुण गुलाटी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## नौ जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में पूरे देश से भाग लेंगे पैंशनर्ज

**कैथल (अप्रस)।** हरियाणा बिजली पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला कैथल के रिटायर्ड पेंशनर ने विद्युत सदन पर मीटिंग की जिसकी अध्यक्षता बलबीर सिंह जिला प्रधान ने की और मंच का संचालन महिन्द्र पाल सैनी ने किया। आज का मुख्य एजेंडा रिटायर्ड कर्मचारियों की मांग रहा फाइनैंस बिल में क्लाज 4 जो कहता है कि आठवें वेतन आयोग का लाभ रिटायर्ड कर्मचारियों को मिलना चाहिए, रिटायर्ड कर्मचारियों को 65, 70, 75, 80 वर्ष की आयु होने पर हर स्टेज पर पांच-पांच प्रतिशत बढ़ना चाहिए, सभी पैंशनर को केशलैश मेडिकल सुविधा मिलनी चाहिए। यदि सरकार रिटायर पैनशनरों की इन मांगों के प्रति गंभीर नहीं होती तो पैंशनर 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय हड़ताल में पूरे देश में भाग लेकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# नंबरदार एसोसिएशन ने विधायक को मिल अपना मांग पत्र सौंपा

अर्थ प्रकाश/सीमा देवी



**इन्द्री, 5 जुलाई।** नबरदार यूनियन की नई कार्यकारिणी ने आज विधायक रामकुमार कश्यप से मुलाकात कर अपनी मागों का एक मांग पत्र सौंपा। इस मौके पर नंबरदार यूनियन के नवनिर्वाचित प्रधान धर्म सिंह ने अपनी कार्यकारिणी के साथ विधायक को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। विधायक रामकुमार कश्यप ने नवनियुक्त प्रधान धर्मसिंह को उनकी नियुक्ति के लिए बधाई देते हुए कहा भरोसा जताया कि नवननियुक्त प्रधान अपनी जिम्मेवारी का पूर्ण ईमानदारी से निर्वाह करेगें ओर सरकार की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम करेगें। विधायक ने कहा कि नंबरदारों की कुछ मांगे है जिनमें सही समय पर मानदेय ना मिलना, गांव के सूचना पट्ट पर नंबरदारों के नाम व मोबाईल नंबर इत्यादि लिखा होना है। इसी प्रकार साठ साल के ज्यादा उम्र वाले नंबरदारों का मैडिकल वगैरा ना करवाया जाना है। इनमें से कुछ मांगों को एसड़ीएम के माध्यम से शीघ्र हल निकलवाया जाएगां ओर कुछ मांगों को सरकार के माध्यम से हल करवाने का काम किया जाएगा। उन्होंने नंबरदारों को सरकार की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने की अपील की। नवनियुक्त प्रधान धर्मसिंह ने कहा कि सभी सदस्यों ने उनको जो जिम्मेवारी सौंपी है उसको वो पूरी ईमानदारी से व सब को साथ लेकर निभाने का काम करेगें। उन्होंने कहा कि आज विधायक महोदय को नंबरदारों की कुछ मांगों के बारे में अवगत करवाया गया है जिनमें कुछ मांगों को विधायक ने शीघ्र हल करवाने का आश्वासन दिया है। धर्म सिंह ने कहा कि कुछ समय पहले नंबरदारों का सम्मेलन होना था जिसममें मुख्यमंत्री ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करनी थी लेकिन आचार संहिता लगने के कारण वो हो नहीं पाया था ओर अब हमने विधायक महोदय से वो सम्मेलन करवाने की मांग की है। इस मौके पर काफी संख्या में नंबरदार मौजूद रहे।

# जनता को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं देना सरकार का कर्तव्य: रजनीश जैन

- कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक, संगठन विस्तार पर की चर्चा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 5 जुलाई।** आम आदमी पार्टी की महिला विंग की प्रदेश अध्यक्षा और कैथल जिला प्रभारी डॉ. रजनीश जैन ने पार्टी के जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष जगमग मटौर की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा की गई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। डॉ. रजनीश जैन ने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में आम जनता की आवाज बनकर उभरी है और महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करते हुए हर गांव और वार्ड स्तर तक संगठन को सक्रिय किया जाएगा। प्रेसवार्ता में उन्होंने बिजली के बिलों में हो रही बेहताशा बढ़ोतरी पर चिंता जताई और कहा कि आम जनता पहले ही महंगाई से जूझ रही है, ऐसे में बिजली दरों में बढ़ोतरी सरासर अन्याय है। साथ ही, राशन डिपो पर दरों में बढ़ोतरी को लेकर भी उन्होंने विरोध जताया और कहा कि सरकार आम आदमी की जेब पर डाका डाल रही है। डॉ. जैन ने कहा कि जनता को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं देना सरकार का कर्तव्य है, लेकिन बीजेपी सरकार ने केवल महंगाई और बेरोजगारी बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे बदलाव की राजनीति को अपनाएं और आम आदमी पार्टी का समर्थन करें।

कैथल जिला अध्यक्ष जगमग मटौर ने कहा कि जिला स्तर पर संगठन को सशक्त करने के लिए जल्द ही गांव-गांव जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता मास्टर सतबीर गोयत, मास्टर जसविंदर खरकां, अमरीक मोर, सुनील सहारण, प्रदीप कुराड, सोनिया शर्मा, मानवी मनचंदा, संध्या, सोनिया लौट, कुलदीप देवीगढ़, सुभाष चौहान, राजबीर सोंगल, दलबीर नेहरा, संजीत चौशाला, शमशेर मान, जयपाल शर्मा, कृष्ण चन्दाना गुरनाम पाई, युद्धवीर वालिया, महावीर प्यौदा सहित कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद थे।

## लायंस क्लब कैथल सेंट्रल ने किया फलदार पौधारोपण

**कैथल (अप्रस)।** लायंस क्लब कैथल सेंट्रल द्वारा सनातन धर्म मंदिर कैथल सिटी में फलदार पौधारोपण किया गया। इस सेवा कार्य का भार अध्यक्ष लायन नरेश बत्रा ने संभाला। लिटल फ्लावर स्कूल कैथल में भी पौधारोपण किया गया। यह सेवा कार्य लायन अश्वनी शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस वर्ष क्लब का मकसद मात्र फलदार 1000 पौधे लगाने का रखा गया है जिस से समाज में हरियाली, छाया और शुद्ध वातावरण के साथ आम जनता को फल पाने का भी अवसर प्रदान हो सके। पौधारोपण के पश्चात श्री राम चिकित्सालय, तहसील रोड कैथल पर निशुल्क शुगर टेस्ट कैंप लगाया गया। यह सेवा कार्य लायन सुभाष चुग की अध्यक्षता में किया गया।

# नवीन जिंदल फाउंडेशन की टीम ने फ्री हेल्थ कैंप लगाकर जांचा 58 लोगों का स्वास्थ्य

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 5 जुलाई।** लोगों तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल की ओर से चलाई गई मेडिकल वैन शुक्रवार को गांव जुरासी कलां में पहुंची। इन दोनों गांवों में डॉ. प्रमोद के नेतृत्व में टीम ने ग्रामीणों का चेकअप करने के बाद उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई। 50 लोगों को दवा देने के साथ 8 मरीजों लैब टेस्ट किए गए। कुल 58 लोगों तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया गया। यशस्वी योजना से संबंधित कई आवेदन शिविर में पहुंचे। इस अवसर पर सरपंच जरनैल सिंह ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल जो बात कहते हैं उसे पूरा करके दिखाते हैं। सांसद चुने जाने के तुरंत बाद उन्होंने अपने संकल्प पत्र का वादा पूरा करते हुए निशुल्क मेडिकल वैन सेवा शुरू की। बेटियों के लिए 2100 रुपये की कन्यादान योजना, यशस्वी छात्रवृत्ति योजना, अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्किल केंद्र ऐसे बहुत से उदाहरण हैं। जिन्हें सांसद नवीन जिंदल ने एक वर्ष में ही पूरा कर दिया। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लेकर चल रहे हैं। उसमें सांसद नवीन जिंदल ने 2035 तक लक्ष्य प्राप्ति का जिम्मा उठाया है। सांसद नवीन जिंदल का प्रयास है कि 2035 तक कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र शिक्षा, चिकित्सा, विकास एवं रोजगार में अव्वल रहकर प्रधानमंत्री मोदी के विजन में सहयोगी बने।

# सनातन धर्म की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी: मंत्री कृष्ण बेदी

- गौ संरक्षण व संवर्धन के लिए बनाए कानून
- अखंड हरी धाम ट्रस्ट द्वारा कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 5 जुलाई।** हरियाणा के सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि सनातन धर्म भारत का राष्ट्रीय धर्म है। उन्होंने कहा कि इसकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। कैबिनेट मंत्री आज रोहतक में अखंड हरी धाम ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का फक्र है कि भाजपा की सरकार को गंगा व गाय की सरकार कहा जाता है। कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि कृष्ण व शिव की इस भूमि पर गाय का खून नहीं बहाने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि गौ संरक्षण व गौ संवर्धन के लिए राज्य सरकार ने कानून बनाए हैं। देश की पुरातन परंपराओं को पुनर्जीवित करने का काम भी भाजपा की सरकार ने किया है।

मनीष कुमार ग्रोवर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हरियाणा के पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि संतों के आशीर्वाद से आज पूरी दुनिया में सनातन व भगवा की गूंज है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म भारत के राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिनिधित्व करता है और इसकी रक्षा करना सभी नागरिकों का कर्तव्य है। मंत्रोच्चार के साथ मंदिर की नींव रखी गई और लोगों की सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर नलवा के विधायक रणधीर पनिहार, देवेंद्र सूर्यवंशी, स्वामी अद्भुतानंद महाराज, महंत ब्रह्म ऋषि श्रीनाथ तथा समाजसेवी राजेश लुम्बा टीनू आदि मौजूद थे।

# संविधान जेब में रखने से कुछ नहीं होता, अंबेडकर को समझो: कृष्ण बेदी

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 5 जुलाई।** हरियाणा के सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार डॉ. भीमराव अंबेडकर के पदचिन्हों पर चलते हुए वंचित अनुसूचित जाति (डीएससी) के लोगों के सपने को साकार करने का कार्य कर रही है। बेदी आज महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के राधाकृष्णन सभागार में डीएससी छात्र कल्याण संघ हरियाणा द्वारा बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर और वंचित समाज विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में बोल रहे थे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने वंचित अनुसूचित जाति के लोगों को शिक्षा में आरक्षण वर्गीकरण का लाभ दिया और मौजूदा मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सरकारी नौकरियों में इस समाज को आरक्षण का लाभ प्रदान करके समाज की वर्षो पुरानी मांग को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर उन राजनीतिक दलों को एक्सपोज करना होगा, जिन्होंने वर्षो तक डीएससी समाज को उनके अधिकारों से वंचित रखा। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा को लेकर कार्य वर्ष 2014 के बाद शुरू हुए। लेकिन समाज के लोग वर्षो तक उन राजनीतिक दलों पर विश्वास करते रहे जो बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विरोधी थे। कृष्ण कुमार बेदी ने अनेक ऐसे उदाहरण प्रस्तुत किए जब कांग्रेस पार्टी में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को आगे बढ़ने से रोका और उनका विरोध किया। इन्हीं ने समाज के लोगों को यह कह कर बरगलाने का प्रयास किया कि अगर भाजपा की सरकार आएगी तो संविधान खतरे में पड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने ही महापुरुषों की जयंतियां सरकारी स्तर पर मनाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार के दौरान समाज के लोगों को जो कुछ मिला है उसे लेकर सतर्क व जागरूक रहने की जरूरत है। डॉ भीमराव अंबेडकर को एक युग बताते हुए कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि उन द्वारा जो मशाल जलाई गई थी उसे आगे लेकर चलने की जरूरत है।

**डॉ. अंबेडकर का समाज हित में संघर्ष अद्वितीय:** हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र बलियाला ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा वंचित समाज के लिए किया गया संघर्ष अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि उनके संघर्ष की बदौलत की हम उसके फल के रूप में सरकारी नौकरी, छात्र आरक्षण, राजनीतिक व प्रशासनिक पदों का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर को अपने वंचित समाज के अधिकारों के लिए हर क्षेत्र में संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था के दौरान डॉ आंबेडकर द्वारा सही गई प्रताड़नाओं का विस्तार से जिक्र किया। हिंदू कोड बिल का जिक्र करते हुए डॉ रविंद्र बलियाला ने कहा कि हिंदू कोड बिल पास करवाकर डॉ. अंबेडकर ने महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार दिलवाएं। डॉ अंबेडकर की सोच के मुताबिक की मौजूदा सरकार वंचित अनुसूचित जाति समाज के उत्थान के लिए योजनाएं क्रियान्वित कर रही है।

**हक दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे डॉ. अंबेडकर:** राज्य सूचना आयुक्त अमरजीत सिंह सोलंकी ने अपने संबोधन ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर व्यक्ति नहीं बल्कि समूचा ब्रह्मांड है। उन्होंने कहा कि वंचित समाज का अर्थ केवल अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति नहीं है, बल्कि सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक असमानता ही वंचित समाज है। इन्हीं मुद्दों को लेकर वंचित अनुसूचित जाति को उनके अधिकार दिलाने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर ने आजीवन संघर्ष किया। इस संघर्ष के फल स्वरुप आज वंचित अनुसूचित जाति को उनके अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों को लेकर ही डॉ. भीमराव अंबेडकर ने मंत्रिमंडल से अपना इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा कि वंचित अनुसूचित जाति का अगर कोई व्यक्ति ऊपर उठता है तो उसका यह दायित्व है कि समूचे से समाज के उत्थान के लिए कार्य करें। डॉ आंबेडकर के कथन को दोहराते हुए अमरजीत सिंह सोलंकी ने कहा कि पैर में जुता हो या ना हो लेकिन किताब अवश्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ आंबेडकर कहा करते थे की शिक्षा शेरनी का दूध है जो पियेगा वह धाड़ेगा। उन्होंने वंचित समाज के लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि चाय का खर्च छोड़कर अपने बच्चों की शिक्षा पर फोकस करें।

# स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों ने किया नई और पुरानी संसद का भ्रमण

## देश में पहली बार नगरीय सम्मेलन करवाने पर हरियाणा विधानसभा का जताया आभार

**लोकसभा अध्यक्ष ने किया जनता से सीधा संवाद करने के लिए प्रेरित**

अर्थ प्रकाश/नरेश वत्स

**नई दिल्ली, 5 जुलाई।** देश भर से आए नगर पालिका, नगर परिषद के पार्षद और अध्यक्षों के 30 से अधिक प्रतिनिधियों ने आज नई दिल्ली में पुरानी और नई संसद का भ्रमण किया और म्यूजियम भी देखा।

इस अवसर पर उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला से सीधा संवाद किया और उनके विचार सुने। अधिकाश प्रतिनिधियों ने गुरुग्राम में हुए दो दिवसीय सम्मेलन जैसे सम्मलेन बार-बार करने और सबसे बड़ी पंचायत को देखने का अवसर दिलाने का भी अनुरोध किया। देश में पहली बार ऐसा नगरीय सम्मेलन करवाने पर उन्होंने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष का भी विशेष रूप से आभार जताया और सम्मेलन में ग्रहण किए गए अनुभव साझा किए। कई पदाधिकारियों ने नगरीय परिषदों में भी अध्यक्ष की तर्ज पर पद बनाने और अलग से बजट जारी करने का भी अनुरोध किया।



शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों के साथ नई दिल्ली संसद परिसर में समूह चित्र में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला, हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण और उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण लाल मिढ़ा। फोटो: अजय गौतम

इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने उक्त प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे यहां से अपने क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद करने और उनकी अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने का संकल्प लेकर जाएं।

इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण एवं उपाध्यक्ष कृष्ण लाल मिढ्ढा भी मौजूद रहे।

लोक सभा अध्यक्ष ने सभी प्रतिनिधियों का ऐतिहासिक संविधान सदन में पहुंचने पर आभार जताते हुए कहा कि यह सदन आजादी के स्वतन्त्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों के बलिदान से हस्तांतरण हुआ। इसके बाद बाबा साहेब के नेतृत्व में विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का संविधान बनाने की प्रक्रिया का भी यह सदन साक्षी रहा है। उन्होंने कहा कि यह सदन देश को आगे बढाने और संविधान में मिले अधिकारों और दायित्वों को निभाने का भी साक्षी बना है। उन्होंने कहा कि नए भारत के निर्माण के साथ-साथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप देने की प्रेरणा भी क्रांतिकारियों से ही मिली है।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि देश भर के नगरीय प्रतिनिधियों का यह सम्मेलन स्थानीय शासन को और अधिक बल देगा। लोकतंत्र की सबसे मजबूत क?ी शहरी निकाय के प्रहरी होते हैं। उन्हें उम्मीद है कि वे इस सम्मेलन से नई प्रेरणा और ऊर्जा लेकर जाएंगे। इसके साथ ही सम्मेलन में लिया गया अनुभव, प्रशिक्षण, नवाचार, विचार और किया गया मंथन, अनुभव का लाभ अपने क्षेत्र की जनता को देंगे।

सभी प्रतिनिधियों ने दो दिवसीय सम्मेलन को लेकर हरियाणा सरकार की मेजबानी की भी भूरी-भूरी प्रशंसा की।

---

**लोकतंत्र पर भारत का अटूट भरोसा**

# लोकतांत्रिक प्रणाली में संतुष्टि के मामले में भारतीय दूसरे स्थान पर

## 15 देशों में आधे से अधिक लोग अपने देश की लोकतांत्रिक प्रणाली से संतुष्ट नहीं

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली, 5 जुलाई।** भारतीय लोगों का अपनी लोकतांत्रिक प्रणाली के मामले में भरोसा लगातार बढ़ रहा है। भारत ने हाल ही में अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भी उल्लेखनीय प्रगति की है, जो भारतीय नागरिकों की अपनी लोकतांत्रिक व्यवस्था में बढ़ते विश्वास के अनुरूप है। एक सर्वेक्षण के अनुसार, भारतीय लोग दुनिया में अपने लोकतंत्र से संतुष्टि के मामले में दूसरे नंबर पर हैं।

प्यू रिसर्च सेंटर के हालिया सर्वेक्षण के अनुसार, भारतीय अपने लोकतंत्र से संतुष्टि के मामले में दुनिया भर में दूसरे स्थान पर हैं, जो स्वीडन (75 प्रतिशत) के ठीक पीछे 74 प्रतिशत के साथ खड़े हैं। यह उपलब्धि 23 देशों के सर्वेक्षण में हासिल की गई है, जहां औसतन 58 प्रतिशत लोग अपनी लोकतांत्रिक व्यवस्था से असंतुष्ट हैं।

यह आंकड़ा भारत की प्रगति और जनता के विश्वास को दर्शाता है जो देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक राष्ट के रूप में स्थापित करता है। इस सर्वे के अनुसार 15 देशों में आधे से अधिक लोग अपने देश की लोकतांत्रिक प्रणाली से संतुष्ट नहीं हैं।



2017 से लगातार किए जा रहे प्यू रिसर्च के सर्वेक्षणों में यह स्पष्ट हुआ है कि उच्च आय वाले देशों जैसे कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, इटली, जापान, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्वीडन, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका में लोकतंत्र के प्रति असंतोष 64 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जबकि संतुष्टि महज 35 प्रतिशत है।

इसके विपरीत, भारत में 74 प्रतिशत लोग अपने लोकतंत्र के कामकाज से खुश हैं, जो यह दर्शाता है कि देश की जनता अपनी सरकार और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में विश्वास रखती है।

यह विश्वास आर्थिक प्रगति और सामाजिक स्थिरता से भी जुड़ा है, क्योंकि सर्वेक्षण बताते हैं कि जहां अर्थव्यवस्था मजबूत है, वहां लोकतंत्र के प्रति संतुष्टि भी अधिक है। भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। कई चीजें इस बात को प्रभावित कर सकती हैं कि लोग अपने लोकतंत्र के काम करने के तरीके से कितने संतुष्ट हैं, लेकिन आर्थिक धारणाएं एक महत्वपूर्ण कारक हैं। जिन देशों में जनता का एक बड़ा हिस्सा कहता है कि अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है, वहां आम तौर पर ऐसे लोग भी होते हैं जो अपने लोकतंत्र से संतुष्ट होते हैं।

सर्वेक्षण में यह भी उभरकर सामने आया है कि कोविड-19 महामारी के बाद कई देशों में लोकतंत्र के प्रति संतुष्टि में गिरावट आई है, लेकिन भारत में यह स्तर बरकरार रहा। 2017 में जहां दुनिया के बड़े देशों में 49 प्रतिशत लोग अपनी लोकतांत्रिक प्रणाली से संतुष्ट थे, वहीं आज 74 प्रतिशत का आंकड़ा भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली में सुधार और जनता की भागीदारी को दर्शाता है।

यह संतुष्टि देश के युवाओं, जो आबादी का बड़ा हिस्सा हैं, और आर्थिक विकास में उनकी भूमिका से भी प्रेरित है। इस मामले में इंडोनेशिया (66 प्रतिशत) और ऑस्ट्रेलिया (61 प्रतिशत) जैसे देशों के साथ तुलना में, भारत का प्रदर्शन उल्लेखनीय है, जबकि ग्रीस (19 प्रतिशत) और जापान (24 प्रतिशत) जैसे देश लोकतंत्र के प्रति असंतोष से जूझ रहे हैं।

हालांकि, इसका यह मतलब नहीं है कि लोग लोकतांत्रिक मूल्यों से दूर हो रहे हैं। शोध बताता है कि दुनिया भर के लोग लोकतंत्र को अच्छा मानते हैं। हालांकि, कई लोग राजनीतिक अभिजात वर्ग से निराश हैं या उन्हें लगता है कि सरकार में उनके विचारों का सही प्रतिनिधित्व नहीं किया जाता है।

वहीं, दुनिया में अपने लोकतंत्र से सर्वाधिक संतुष्ट लोगों में स्वीडन और भारत के बाद इंडोनेशिया (66 प्रतिशत), ऑस्ट्रेलिया (61 प्रतिशत) और जर्मनी (61 प्रतिशत) के नाम आते है। एशिया-प्रशांत के पांच देशों (ऑस्ट्रेलिया, भारत, इंडोनेशिया, जापान और दक्षिण कोरिया) में भी लोगों की राय काफी अलग-अलग है। भारत इस क्षेत्र में भी टॉप पर है।

---

## अर्जेंटीना में भव्य स्वागत पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# 'सांस्कृतिक संबंधों के लिए दूरी कोई बाधा नहीं'



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ब्यूनस आयर्स, 5 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि सांस्कृतिक संबंधों के लिए दूरी कोई बाधा नहीं है। यह बात उन्होंने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में अल्वियर पैलेस होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय द्वारा किए गए गर्मजोशी भरे और पारंपरिक स्वागत के बाद कही।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'सांस्कृतिक जुड़ाव के मामले में दूरी कोई बाधा नहीं है! ब्यूनस आयर्स में भारतीय समुदाय द्वारा किए गए शानदार स्वागत से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह देखना वाकई बहुत अच्छा है कि कैसे घर से हज़ारों किलोमीटर दूर, भारत की भावना हमारे भारतीय समुदाय के माध्यम से चमकती है।'

अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स स्थित अल्वियर पैलेस होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने गर्मजोशी से 'मोदी-मोदी', 'जय हिंद' और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। इस दौरान पारंपरिक भारतीय शास्त्रीय नृत्य का प्रदर्शन किया गया, जिसमें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की छाप दिखी। वहां मौजूद लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी से ऑटोग्राफ भी लिया। बता दें कि पीएम मोदी की यह अर्जेंटीना यात्रा 57 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा है, जो इसके ऐतिहासिक महत्व को दर्शाती है। पीएम मोदी राष्ट्रपति जेवियर माइली के निमंत्रण पर अर्जेंटीना पहुंचे हैं।

---

# सीएम नीतीश ने कानून व्यवस्था को लेकर की समीक्षा बैठक, अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पटना, 5 जुलाई।** बिहार की राजधानी पटना में व्यवसायी और उद्योगपति गोपाल खेमका की अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर देने की घटना के बाद कानून व्यवस्था को लेकर सरकार भी सक्रिय नजर आ रही है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पुलिस महानिदेशक एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस पदाधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतें। लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों और पुलिस कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक में मुख्यमंत्री को पुलिस महानिदेशक ने अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कार्यों की अपडेट दी।

मुख्यमंत्री ने उद्योगपति गोपाल खेमका की हुई हत्या के संबंध में पुलिस महानिदेशक से विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने इस घटना के कारणों की पूरी तहकीकात कर दोषी की पहचान करने और बिना किसी भेदभाव के उन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि आपराधिक घटना के पीछे किसी प्रकार की साजिश है तो उसकी भी जांच की जाए और जांच के बाद कठोर कार्रवाई की जाए।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध करने वाले कोई भी हों, उन्हें किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाए। उन्होंने कहा कि घटित आपराधिक घटनाओं के अनुसंधान कार्यों में तेजी लाएं और इसे समय पर पूरा करें ताकि दोषियों पर त्वरित कार्रवाई हो सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी मुस्तैदी से कार्य करें।

वहीं, बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी राजद ने इस घटना को लेकर सरकार को घेरा है। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने तंज कसते हुए कहा कि हर महीने बिहार में सैकड़ों व्यापारियों की हत्या हो रही है, लेकिन जंगलराज नहीं कह सकते

राजद नेता तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर गोपाल खेमका की हत्या को लेकर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए लिखा, 'थाना से चंद कदम दूर पटना में बिहार के बड़े व्यापारी की गोली मारकर हत्या! हर महीने बिहार में सैकड़ों व्यापारियों की हत्या हो रही है, लेकिन जंगलराज नहीं कह सकते क्योंकि इसे ही शास्त्रों में मीडिया प्रबंधन, परसेप्शन मैनेजमेंट और छवि प्रबंधन कहते हैं।'

---

# भारत लागत प्रभावी इनोवेशन के साथ ग्लोबल टेक रेस में सबसे आगे: पीयूष गोयल

अर्थ प्रकाश/नरेश वत्स

**नई दिल्ली, 5 जुलाई।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत अपनी युवा आबादी, लागत प्रभावी आरएंडडी इकोसिस्टम और दूरदर्शी नीतियों के कारण टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत द्वारा एआई, मशीन लर्निंग, क्वांटम कंप्यूटिंग और डेटा एनालिटिक्स जैसी तकनीकों को अपनाने से देश को ग्लोबल विकास चार्ट में ऊपर जाने में मदद मिल रही है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में केंद्रीय मंत्री गोयल ने इस



बात पर प्रकाश डाला कि भारत की इनोवेशन लागत पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में काफी कम है।

उन्होंने कहा, ÷जब हम भारत में नई तकनीकों पर काम करते हैं, तो हमारी लागत स्विट्जरलैंड या यूरोप या अमेरिका की लागत का लगभग छठा या सातवां हिस्सा होती है।÷

उन्होंने बताया कि इनोवेशन में 12 बिलियन डॉलर के निवेश से भारत प्रभावी रूप से 100 बिलियन डॉलर के परिणाम उत्पन्न कर सकता है, जो विकसित देशों में लागत के बराबर है।

आईआईटी मद्रास एलुमनाई एसोसिएशन के संगम 2025 कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, ÷और जब हम उस पैसे को तीन या चार साइकल में आगे बढ़ाएंगे, तो आप कल्पना कर सकते हैं कि यह फंड हमारे इनोवेशन इकोसिस्टम को कितना बड़ा समर्थन दे सकता है।÷

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत अपने बढ़ते स्टार्टअप और रिसर्च लैंडस्केप की बदौलत नौकरी चाहने वाले देश से नौकरी देने वाले देश में बदल रहा है।

उन्होंने कहा, ÷हमारी साइंस एंड टेक्नोलॉजी, हमारे स्टार्टअप इकोसिस्टम और आरएंडडी प्रयासों के साथ मिलकर भविष्य के भारत की विकास कहानी लिख रहे हैं।÷

केंद्रीय मंत्री गोयल ने इस बदलाव को आगे बढ़ाने का श्रेय देश के युवाओं को दिया और कहा कि भारत की युवा आबादी सभी क्षेत्रों और सरकारी कार्यक्रमों में इनोवेशन, रिसर्च और टेक्नोलॉजी अपनाने में अग्रणी है।

उन्होंने आगे जोर दिया कि भारत नई तकनीकों को अपनाने से पीछे नहीं हटता है और इसके बजाय उन्हें आर्थिक विकास के लिए आवश्यक मानता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ÷वे हमारे मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस और व्यापार क्षेत्रों में समाहित हो रहे हैं, जिससे भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में मदद मिल रही है।÷

---

# बिहार एसआईआर का काम जोर-शोर से चल रहा है, 1.04 करोड़ गणना फॉर्म किए एकत्रित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पटना, 5 जुलाई।** बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य जोर-शोर से चल रहा है, जिसमें बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), बीएलओ पर्यवेक्षक, सभी चुनाव पदधारी, राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए और वालंटियर्स जमीनी स्तर पर अथक परिश्रम कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी पात्र निर्वाचक छूट न जाए।

आज शाम 6 बजे तक, 1,04,16,545 गणना फॉर्म (Enumeration Forms) प्राप्त हो चुके हैं, यानी दिनांक 24 जून, 2025 तक बिहार में कुल 7,89,69,844 (लगभग 7.90 करोड़) निर्वाचकों में से 13.19 प्रतिशत निर्वाचकों के गणना फॉर्म प्राप्त हो चुके हैं। वितरित किए गए फॉर्मों का प्रतिशत भी बढ़कर 93.57 प्रतिशत हो गया है, जिसमें 7,38,89,333 फॉर्म पहले ही वितरित किए जा चुके हैं।

77,895 बीएलओ निर्वाचकों को गणना फार्म भरने में सहायता करने और फार्मों को एकत्र करने के लिए घर-घर जा रहे हैं। अनेक मामलों में, बीएलओ निर्वाचकों की लाइव तस्वीरें ले रहे हैं और उन्हें अपलोड कर रहे हैं, जिससे निर्वाचकों को अपनी तस्वीरें क्लिक करने की परेशानी से छुटकारा मिल रहा है।

आंशिक रूप से भरे गए फॉर्म आयोग के पोर्टल (https://voters.eci.gov.in) के साथ-साथ ईसीआई-नेट ऐप पर भी डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं और भरे हुए फॉर्म को निर्वाचक स्वयं ईसीआई-नेट ऐप पर अपलोड कर सकते हैं।

इसके अलावा, इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से और समय पर पूरा करने के लिए 20,603 बीएलओ नियुक्त किए जा रहे हैं। सरकारी अधिकारियों, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के सदस्यों आदि सहित लगभग 4 लाख वालंटियर्स भी एसआईआर प्रक्रिया में बुजुर्गों, दिव्यांगों, बीमार और कमजोर लोगों की सुविधा के लिए फील्ड में काम कर रहे हैं। इसके अलावा, 239 ईआरओ, 963 एईआरओ, 38 डीईओ और राज्य के सीईओ निर्वाचकों को उनके फॉर्म जमा करने में सुविधा प्रदान करने के लिए जमीनी स्तर पर मौजूद हैं।

विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 1,54,977 बूथ स्तरीय एजेंट (बीएलए) भी एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग दे रहे हैं।

---

# ईवीएम से छेड़छाड़ की पुरी संभावना, यदि 10 प्रतिशत ईवीएम बदल दी गईं तो नतीजों से छेड़छाड़ हो जाएगी

अर्थ प्रकाश/बोख्खा रेड्डी

**नई दिल्ली, 5 जुलाई।** दिल्ली दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, 2009 में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद टीडीपी ने सवाल उठाया था कि छेड़छाड़ हो रही है (तब मैं उस पार्टी में था)। हमने दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब ऑफ इंडिया में इस पर सेमिनार आयोजित किया और जागरूकता फैलाई। उस समय ईवीएम से छेड़छाड़ के मामले में गिरफ्तारियां भी हुई थीं। उन्होंने कहा, चुनाव से एक दिन पहले ईवीएम को हर निर्वाचन क्षेत्र में लाया जाता है और वितरण केंद्र में रखा जाता है।

मतदान के लिए आवश्यक ईवीएम की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक ईवीए आवंटित किए जाते हैं। इनका उपयोग तब किया जाता है जब



चुनाव के दिन कहीं भी ईवीएम खराब हो जाती है। मतदान समाप्त होने के बाद सभी ईवीएम सबसे पहले वितरण केंद्र पर आती हैं। उन्हें रात भर वहीं रखा जाता है।

रेवंत ने कहा, रात में ईवीएम को इधर-उधर ले जाने के लिए कुछ किया जा सकता है। मतदान के अगले दिन ईवीएम को स्ट्रांग रूम में भेजा जाएगा।

उन्होंने कहा, हम यह नहीं कह सकते कि ईवीएम से कहीं बैठकर छेड़छाड़ की गई या फिर चिप्स में कोई फ्रीक्वेंसी भेजी गई। अगर चिप की फ्रीक्वेंसी कम है तो ईवीएम एक तरह से संचालित होती है और अगर इसकी फ्रीक्वेंसी ज्यादा है तो ईवीएम दूसरे तरह से संचालित होती है। ईवीएम कंपनी द्वारा तैयार किए गए प्रोग्राम के अनुसार काम करती है पिछले चुनाव में प्रोग्रामिंग चिप जो है एडिट हुआ है यह शंका चुनाव आयोग के समक्ष एक मंत्री के समक्ष या बयान दिया गया था उसे पर चुनाव आयोग क्यों चुप है पिछले चुनाव में जो एवं उपयोग में ले गए उनको दोबारा स्ट्रांग रूम से सीधा कोर्ट भेजें और कोर्ट में इसकी जांच करें प्रोग्रामिंग गलत है या सही है एक दो नहीं ज्यूडिशरी के अंतर्गत जहां-जगह घपला हुआ वहां के अगर जांच करें तो पता लगेगा कहा हां यह बात भी सही है वह एवं को स्ट्रांग रूम में चुनाव समाप्ति के बाद उसे स्ट्रांग रूम को खोल नहीं गया हो और छेड़छाड़ नहीं किया गया हो तो आराम से घपला पता करने में बहुत सुविधाजनक है कहा साथ में सीसी फुटेज अगर हो नकली मतदाता को लावारिस मतदाता की पहचान मतदान से मतदाता ज्यादा कैसे होते हैं वही पकड़ में आएगा कहा।

---

# मुख्यमंत्री की सुरक्षा पर सरकार का 'लेट लतीफी' क्यों...?

अर्थ प्रकाश/बोख्खा रेड्डी

**अमरावती।** राज्य सरकार ने गुरुवार को हाईकोर्ट को बताया कि वह पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी को सामान्य 2+ श्रेणी की सुरक्षा प्रदान कर रही है।

महाधिवक्ता दामलापति श्रीनिवास ने कहा कि जगन ने पहले भी अपनी सुरक्षा को लेकर आशंका जताते हुए हाईकोर्ट में दो याचिकाएं स प्लस सुरक्षा प्रदान करने की दायर की थीं, लेकिन उन्हें कोई अनुकूल आदेश अभी तक नहीं मिला कहा।

विदित हो चुनाव के दौरान जगन का हत्या करने की साजिश के चलते एयर गन फायर भी किया गया था सर में चोट लगी तत्काल इस समय सुरक्षा प्रदान करना किसी भी राज्य सरकार की जिम्मेदारी तथा संविधान भी यही कहता है सरकार की जिम्मेदारी भी बनती है जबकि



राज्य में तेलुगू देशम बीजेपी की गठबंधन होने के बाद केंद्र तत्काल निर्णय लेना था स प्लस सुरक्षा प्रदान करने का मौन धारण कर बैठे रहने के पीछे शंका और गहरा होते जा रहा है सरकार के तरफ से उन्होंने कोर्ट को बता बात कर स्वीकार किया कि वर्तमान याचिका जगन मोहन रेड्डी द्वारा ही दायर की गई है कहा।

वाईएसआर पार्टी ने भी स प्लस सुरक्षा प्रदान करने का प्रार्थना किया गया था कहकर कोर्ट को पूर्व मुख्यमंत्री के वकील ने बताया है ।

वाईएसआर पार्टी के तरफ से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर पूर्व सीएम को जेड प्लस सुरक्षा प्रदान करने के निर्देश देने की मांग किया है, मैं रोप पद्य सुरक्षा दल को भी शामिल करने का अनुरोध किया है।

हाल में राज्य के किसने की । समस्याओं से रूबरू होने के लिए जब वह निकले तो कई अवरोध उत्पन्न किया असामाजिक तत्वों ने अनेक तरह के गलत हथकंडे भी अपनाया कहा जिसमें जगन के पोडिली, गुंटूर, और राप्तादु , के दौरे के दौरान हाल ही में हुई घटनाओं का हवाला देते हुए वाईएसआर पार्टी केंद्रीय कमेटी ने नेल्लोर के उनके आगामी दौरे के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने के निर्देश देने की प्रार्थना की।

तथा नेल्लौर जाने के लिए हेलीकॉप्टर को उतरने की अनुमति देने मांग भी किया था। लेकिन वहां की पुलिस ने आपत्ती दर्शी दोबारा शहर से थोड़े दूर एकांत प्रांत में हेलीपैड बनाने की अनुमति मांगी उसे पर भी पुलिस ने आपत्ति जताई इस तरह के ( पुलिस के रवैया से संदिग्ध और गहरा होते जा रहा है कि आखिर सुरक्षा क्यों नहीं दे रही है और जगन के विरुद्ध संवैधानिक ढंग के विरुद्ध में गलत मामलेदार कर परेशान करने की योजना भी शामिल है इन सारी स्थितियों को देखते हुए तत्काल उन्हें जेट प्लेस सुरक्षा प्रदान करना कानून की जिम्मेदारी बनता है )

हाई कोर्ट को अनुरोध कर सुरक्षा प्रदान करने की निर्देश देने की भी प्रार्थना करने के बाद भी सुरक्षा क्यों प्रदान नहीं किया यह भी एक प्रश्न चिन्ह है, क्योंकि पुलिस ने इसके लिए अनुमति नहीं दी थी।

उधर सरकारी महाधिवक्ता ने कहा कि याचिका निष्फल हो गई क्योंकि पुलिस ने अनुमति नहीं दिया कह कर बताया ।

यहां यह स्पष्ट हो जाता है की पुलिस अनुमति क्यों नहीं दिया क्योंकि जगन ने अनुमति मांगने की तिथि पर नेल्लोर का अपना दौरा पुलिस द्वारा अनुमति नहीं मिलने के कारण स्थगित कर दिया है कहा ।

उन्होंने याचिकाकर्ता द्वारा दायर अंतर-निर्णय आवेदन में प्रतिवाद दायर करने के लिए समय मांगा। प्रस्तुतियों पर विचार करते हुए आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एन हरिनाथ ने मामले की अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को तय की।

विद्युत हो इस नाचो की स्थिति में दो गुटों के बीच आरोप प्रत्यारोप हत्या का प्रयास होने के बाद भी अनेक तरह के प्रताड़ना करते हुए इसे इतने लंबे समय तक विचाराधीन करने के पहले ही संवैधानिक ढंग से शीघ्र हल होना चाहिए का कर कई राजनीतिक दलों ने समाचार पत्र को बताया अगर इतने लंबे समय के बीच कोई अपनी स्थिति होता है तो कौन जिम्मेदार होगा यह भी एक प्रश्न चिन्ह है कहकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता ने प्रेस को बताया ।

▲ अधिकतम 32 डिग्री से.
डिग्री से. 26 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 5.26 बजे
सूर्यास्त 7.29 बजे
सोना 24 कैरेट : 98,980.00
सैंसेक्स : 83,432.89
अमेरिका : 85.50
कैनेडियन : 62.82
आस्ट्रेलिया : 55.99

# वन महोत्सव 2025 : चंडीगढ़ में रिकॉर्ड पौधारोपण, राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने किया नेतृत्व

एक ही दिन में 253 स्थानों पर 1,05,874 से अधिक पौधे रोपे गए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 5 जुलाई।** 'वन महोत्सव 2025' के अवसर पर चंडीगढ़ में अब तक का सबसे बड़ा वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें एक ही दिन में 253 चिन्हित स्थलों पर 1,05,874 पौधे लगाने के लक्ष्य से बढ़कर 318 स्थलों पर कुल 1,17,836 पौधे रोपे गए। पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने इस महाअभियान का नेतृत्व करते हुए स्वयं 23 अलग-अलग स्थलों पर पौधारोपण किया।

इस ऐतिहासिक अभियान के तहत शहर के पार्कों, शैक्षणिक परिसरों, सड़कों और आवासीय क्षेत्रों में पौधे लगाए गए। यह कार्यक्रम न केवल चंडीगढ़ की हरित परंपरा को आगे बढ़ाता है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध एक ठोस प्रयास भी है। राज्यपाल ने इस अवसर को एक हरित आंदोलन बताया, जो प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।



फोटो : अजीत कौशल

अपने भाषण में श्री कटारिया ने नागरिकों से अपील की कि वे इस दिन को केवल उत्सव न मानें, बल्कि इसे पर्यावरण संरक्षण की एक जीवन भर की प्रतिज्ञा के रूप में लें। उन्होंने मुंशी प्रेमचंद के शब्दों को उद्धृत करते हुए कहा, 'वृक्षों का अर्थ है जल, जल से रोटी और रोटी से ही जीवन।' उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि वैश्विक स्तर पर हर साल 15 बिलियन पेड़ कट रहे हैं, जो एक गंभीर संकट का संकेत है।

राज्यपाल ने इस दौरान हरित चंडीगढ़ कार्य योजना, राज्य जलवायु परिवर्तन कार्य योजना और चंडीगढ़ वृक्ष मानचित्र जैसे तीन महत्वपूर्ण पर्यावरणीय दस्तावेजों का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ 2030 तक नेट ज़ीरो एमिशन शहर बनने की दिशा में अग्रसर है।

प्रशासक ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की सराहना की, जिससे पर्यावरणीय पहल को भावनात्मक जुड़ाव मिला है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस मुहिम को जन आंदोलन बनाएं। उन्होंने कहा, 'एक पेड़ लगाना, जीवन लगाना है।'

वृक्षारोपण स्थलों में मटका चौक, पंजाब विश्वविद्यालय, शांतिकुंज, सेक्टर 22 स्कूल, सेक्टर 53 गार्डन ऑफ स्प्रिंग, सुखना चो रिजर्व फॉरेस्ट और अन्य प्रमुख स्थान शामिल थे, जहाँ विभिन्न औषधीय, सांस्कृतिक और पारिस्थितिक महत्व वाले पौधे लगाए गए। इस अवसर पर हरप्रीत कौर बबला, प्रमुख सचिव विवेक प्रताप सिंह, गृह सचिव मनदीप बराड़, डीजीपी पुष्पेंद्र कुमार, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, मुख्य वन संरक्षक सौरभ कुमार और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। चंडीगढ़ ने इस ऐतिहासिक वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से एक बार फिर पर्यावरणीय नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर मिसाल कायम की है।

## वार्ड नंबर 24 में प्रशासक ने फ्रेंगरेंस गार्डन में पौधारोपित कर की शुरुआत



वार्ड नंबर 24 में शनिवार को पौधारोपण अभियान चलाया गया। सेक्टर 36 के फ्रेंगरेंस गार्डन में आयोजित इस पौधारोपण अभियान के तहत चण्डीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने पौधा रोपित कर इसकी शुरुआत की। इस अवसर पर होम सेक्रेटरी मनदीप बराड़, निगम आयुक्त अमित कुमार, स्पेशल कमिश्नर प्रदीप कुमार और चंडीगढ़ नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर और वार्ड पार्षद जसबीर सिंह बंटी सहित एम ओ एच इंदर दीप कौर और स्कूल प्रिंसिपल कुलदीप कौर भी उपस्थित थे। वही इस दौरान वार्ड की आर डब्ल्यू ए के पदाधिकारी, प्रशासन व निगम अधिकारियों सहित अन्य लोग भी मौजूद थे। अभियान की शुरूआत के तहत आज कुल मिलाकर 1200 पौधे लगाए गए। पौधारोपण अभियान के अंतर्गत वार्ड के अधीन आते सेक्टर 53 और 54 के गवर्नमेंट स्कूल्स में भी पौधारोपण किया गया। जिसमें नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर और वार्ड पार्षद जसबीर सिंह बंटी ने पौधारोपण कर बच्चों को हमारी इंसानी जिंदगी में पेड़ पौधों की अहमियत से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार ग्लोबल वार्मिंग के चलते मौसम में बदलाव आया है। उसका मुख्य कारण प्रकृति से खिलवाड़ है।

## हरियाली की ओर एक कदमः पेक ने मनाया वन महोत्सव 2025



पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), चंडीगढ़ के एस्टेट ऑफिस ने यूटी प्रशासन के सहयोग से वन महोत्सव 2025 को 5 जुलाई को एक बड़े पौधारोपण अभियान के साथ मनाया — यह कदम पर्यावरण संरक्षण के प्रति संस्थान की मजबूत प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। इस आयोजन की शोभा बढ़ाई पंजाब के माननीय राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने, जो इस पहल के मुख्य प्रेरणास्त्रोत भी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने अरेका पाम का पौधा लगाकर की, जिसमें पेक के निदेशक प्रो. राजेश कुमार भाटिया, रजिस्ट्रार कर्नल आर.एम. जोशी, फैकल्टी मेंबर्स और एस्टेट ऑफिस के स्टाफ सदस्यों ने भी भाग लिया। 600 से ज्यादा पौधे ङ्क जिनमें औषधीय, फूलों वाले, आम के पेड़, हिबिस्कस और अरेका पाम शामिल हैं – कॉलेज परिसर में लगाए गए। यह पहल सिर्फ पेक तक सीमित नहीं रही, बल्कि शहर भर में फैली, जहां चंडीगढ़ के वन एवं वन्यजीव विभाग की अगुवाई में 253 स्थानों पर पौधारोपण किया गया। लक्ष्य है – एक ही दिन में एक लाख से ज्यादा पौधे लगाना। वन महोत्सव 2025 सिर्फ एक दिन की रस्म नहीं है, बल्कि एक ऐसा अभियान है जो समाज के हर वर्ग को जोड़कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता और भागीदारी बढ़ा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### खड़ी कार का शीशा तोड़ कर नकदी व जरूरी कागजात चोरी, मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना मलोया पुलिस ने खड़ी कार का शीशा तोड़ कर नकदी और जरूरी कागजात चोरी करने के मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता डीएमसी के रहने वाले अजय कुमार ने पुलिस को बताया कि उसने चंडीगढ़ नबर की कार 3 जुलाई को डीएससी स्थित वॉशिंग प्वाइंट के पास खड़ी की थी। जब उसने अगले दिन सुबह देखा तो गाड़ी का शीशा टूटा हुआ है। और अंदर से पेन कार्ड, आधार कार्ड,और 700 रुपए की नकदी गायब है। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हाइकोर्ट में जॉब दिलवाने के नाम पर लाखों की ठगी, आरोपी महिला गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 3 पुलिस ने हाइकोर्ट में जॉब दिलवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाली आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान हरियाणा के जिला महेंद्रगढ़ की रहने वाली एक महिला एक रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता हरियाणा के जिला महेंद्रगढ़ के रहने वाले दीपक कुमार ने पुलिस को बताया कि उसका कुछ समय पहले उक्त आरोपी महिला के साथ संपर्क हुआ था। उसने पीड़ित को झांसे में लेते हुए कहा था कि वह उसे पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में जॉब दिलवा देगी। पीड़ित उसके झांसे में आ गया। उसने कुल मिलाकर एक लाख 50 हजार रुपए दे दिए। जब कुछ दिन बीत जाने के बाद संपर्क किया तो वह टाल मटोल करती रही। ना तो उसे जॉब दिलवाई।और ना ही लिए गए लाखों रुपए वापस किए। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### घर से नकदी व ज्वैलरी सामान चोरी, केस दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना आईटी पार्क क्षेत्र एरिया के अंतर्गत शातिर चोरों ने एक घर को अपना निशाना बनाते हुए घर से नकदी और कुछ ज्वेलरी का समान चोरी कर ले गए। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सुभाष नगर मनी माजरा के रहने वाले अभिमन्यु शर्मा ने पुलिस को बताया कि कोई अज्ञात उनके घर से 70 से 80 हजार रुपए की नकदी के अलावा एक गोल्ड रिंग, एक डायमंड रिंग,दो पेयर सिल्वर पाजेब और एक सिल्वर कड़ा चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## क्राइम ब्रांच ने शातिर चोर को किया गिरफ्तार, रास्ते में ऑटो रुका तो उसमें रखी एलईडी की थी चोरी

एलईडी पहले जंगल में छिपाई, बेचने की कोशिश भी की, नही बिकी तो घर लाया, अब पुलिस ने की बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 5 जुलाई।** पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम लगातार सक्रियता से चोरी, ठगी व अन्य आपराधिक मामलों में आरोपियों की धरपकड़ में जुटी हुई है। इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 प्रभारी इंस्पेक्टर निर्मल सिंह के नेतृत्व में कार्य कर रही टीम ने ऑटो से एलईडी चोरी करने के एक मामले में मुख्य आरोपी राज सिंह उर्फ कांच पुत्र राजन निवासी बापूधाम कॉलोनी, सेक्टर-26, चंडीगढ़ को गिरफ्तार



कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा 55 इंच की सैमसंग एलईडी भी बरामद कर ली है।

यह मामला 1 मई को थाना सेक्टर-7 में दर्ज हुआ था, जिसमें शिकायतकर्ता सोमकृष्ण पुत्र भेतश्वर निवासी सेक्टर-26 पंचकूला, जो सेक्टर-20 में एक शोरूम में मैनेजर है, ने बताया था कि 30 अप्रैल को उनका एक कर्मचारी उनके सेक्टर-7 चंडीगढ़ स्थित शोरूम से एलईडी लेकर ऑटो से जा रहा था। जब ऑटो सेक्टर-12ए रैली मार्केट के पास कुछ देर के लिए रुका, तो उसी दौरान एक 55 इंच की सैमसंग एलईडी चोरी हो गई। मामला क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 को सौंपा गया था। जांच अधिकारी एएसआई संजीव कुमार ने इस मामले में चंडीगढ़ और पंचकूला के कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे काबू कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे का आदी है और उसने अपने नाबालिग दोस्त के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था।

30 अप्रैल को आरोपी व उसका साथी हाउसिंग बोर्ड चौक के पास खड़े थे और वहां उन्होंने एक ऑटो को निशाना बनाने की योजना बनाई। जब ऑटो सेक्टर-12ए में जाम में फंसा, तो एक ने ऑटो में चढ़कर ड्राइवर को बातों में उलझाए रखा और दूसरे ने चुपचाप एलईडी नीचे उतारकर सेक्टर-14 पंचकूला के एक कॉलेज के पास जंगल में छिपा दी। आरोपी ने बाद में एलईडी को बेचने की कोशिश की, लेकिन जब ग्राहक नहीं मिला, तो वह उसे अपने घर ले गया।

फिलहाल क्राइम ब्रांच ने आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। चोरी की गई एलईडी को भी बरामद कर लिया गया है। वहीं, पुलिस द्वारा अब नाबालिग साथी के बारे पता किया जा रहा है।

### धनास में आज निकाली जाएगी जगन्नाथ यात्रा

**चंडीगढ़, 5 जुलाई (अप्रस)।** रविवार को श्री जगन्नाथ यात्रा चंडीगढ़ धनास मंदिर कमेटी की और से निकाली जाएगी।

यात्रा शाम 4 बजे से गांव धनास के श्री विश्वकर्मा मंदिर से यह शुरू होगी।

इस यात्रा में आसपास के सैकड़ों भक्त जनों के भाग लेने की संभावना है।

## एमसीसी ने सेक्टर 20 की एक दुकान से 520 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री जब्त की

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 5 जुलाई।** चंडीगढ़ नगर निगम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सेक्टर 20 में स्थित पीके प्लास्टिक नामक दुकान से भारी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री जब्त की है और 520 किलोग्राम गैर-खाद प्लास्टिक जब्त किया है, जिसे तुरंत वजन और कतरने के लिए सूखे अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र में ले जाया गया।

यह कार्रवाई शहर भर में प्रतिबंधित प्लास्टिक की आपूर्ति और उपयोग को खत्म करने के लिए एमसीसी के गहन अभियान का हिस्सा थी। सैनिटरी इंस्पेक्टरों की एमसीसी टीम अवैध प्लास्टिक आइटम आपूर्तिकर्ताओं और स्थानीय खुदरा विक्रेताओं के बीच सांठगांठ की पहचान करने और उसे खत्म करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। यह कार्रवाई सैनिटरी इंस्पेक्टर हिम्मत सिंह, लोकेश मीना, आशीष मलिक और सैनिटरी सुपरवाइजर अमर राणा की एक समर्पित टीम द्वारा की गई। नगर आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने सभी उल्लंघनकर्ताओं को सख्त चेतावनी जारी की है, जिसमें कहा गया है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक की बिक्री या वितरण पर भारी जुर्माना और कानूनी परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने प्लास्टिक प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के लिए एमसीसी की प्रतिबद्धता दोहराई।

## शाहपुर कॉलोनीवासियों को राहत, सांसद मनीष तिवारी के हस्तक्षेप से पुन: सर्वे, पात्र लोगों को मिलेगा मकान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 5 जुलाई।** शनिवार को कमलेश बनारसी दास, पूर्व महापौर चंडीगढ़ एवं सदस्य, एआईसीसी ने शाहपुर कॉलोनीवासियों के साथ चंडीगढ़ के यशस्वी व प्रगतिशील सांसद मनीष तिवारी से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। शाहपुर कॉलोनीवासियों में यह आशंका थी कि 'स्लम फ्री चंडीगढ़' अभियान के तहत उनकी कॉलोनी भी तोड़ी जा सकती है। इस चिंता को लेकर वे मनीष तिवारी से मिले। मनीष तिवारी ने कॉलोनीवासियों की बात को गंभीरता से लेते हुए चंडीगढ़ के उपायुक्त से मुलाकात की सलाह दी।

डीसी साहब से कॉलोनीवासियों की मुलाकात कराई गई, जहाँ कॉलोनी का पूरा मामला रखा गया। बताया गया कि कॉलोनी का बायोमेट्रिक सर्वे हो चुका है, जिसमें 136 लोगों के डॉक्यूमेंट्स पूर्ण और



वैध पाए गए हैं। इसके अतिरिक्त कुछ मकानों की गिनती व नंबरिंग में असमानता, तथा सरकारी रिकॉर्ड में घरों के फोटो और नंबर को लेकर गड़बड़ियां सामने आई थीं, जिन पर आपत्ति जताई गई थी।

डीसी साहब ने इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुनः सर्वे करवाया, जिसमें कुल 332 झुग्गियों की पहचान हुई। इनमें से 136 लोग पात्र पाए गए हैं और शेष में से अधिकतर आपत्तियों को निराकरण कर लिया गया है। अब इन पात्र लोगों को जल्द ही मकान आवंटित किए जाने की संभावना है।

यह प्रक्रिया सांसद मनीष तिवारी के हस्तक्षेप और मार्गदर्शन से ही संभव हो पाई। कॉलोनीवासियों ने आज कमलेश बनारसी दास जी के नेतृत्व में मनीष तिवारी से भेंट कर उनका हार्दिक धन्यवाद किया।राम राज वर्मा ओर राजेश गिरी एवं कॉलोनीवासियों को यह आश्वासन भी दिया गया है कि जब तक उन्हें वैकल्पिक मकान नहीं मिलते, तब तक उन्हें वहाँ से हटाया नहीं जाएगा।

## सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत वार्ड नंबर 29 में करवाई गई साफ सफाई

लोगों को वार्ड को साफ सुथरा रखने का दिया संदेश

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 5 जुलाई।** पंजाब सरकार के आदेशों पर नगर परिषद जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी जगजीत सिंह जज द्वारा सेनेटरी इंस्पेक्टर रामगोपाल और रंजीत सिंह को शहर में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान की शुर कर दिया हैं। इस अभियान के तहत शहर के अलग-अलग भागों साफ सफाई की जा रही है। इस अभियान के तहत वार्ड नंबर 29 में साफ सफाई करवाई गई है। इस दौरान वार्ड की गलीयों एवं नालियों की साफ सफाई करवाई गई। इस अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया गया कि अपने आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई का ध्यान रखें और अपने आसपास बरसाती पानी खड़ा ना होने दें क्योंकि बरसातों के चलते




बरसाती पानी इधर-उधर के इकट्ठा होने से उसमें मक्खी मच्छर पनपते हैं जिनसे कई किस्म की बीमारियां फैलने का खतरा हो सकता है। इस अभियान के अंतर्गत शहर के अलग-अलग वार्डों में से कचरे को इकट्ठा करना, कचरे से खाद तैयार करना और जिस स्थान पर कचरा गिरा हुआ हो वहां से कचरा को हटाकर उन स्थान का सुंदरीकरण करना, शहर के अलग-अलग स्थान से कूड़ा कचरा एवं मलबे को उठाना, सॉलिड वेस्ट प्लांट्स की साफ सफाई और क्षेत्र वासियों को मुफ्त में जैविक खाद बांटने के लिए कैंप लगाना अधिकारी किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत स्कूल के विद्यार्थियों के साथ मिलकर लोगों को रैली निकाल कर साफ सफाई के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी वर्करों को कूड़े कचरे से खाद तैयार करने की ट्रेनिंग दी जाएगी।

### कार्यकारी अधिकारी द्वारा दिया गया विशेष संदेश

इस अभियान के शुरू होने पर नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी जगजीत सिंह जज ने शहर वासियों से अपील की है कि अपने घर व अपने आसपास साफ सफाई का खास ध्यान रखें ताकि शहर को साफ सुथरा एवं सुंदर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि शहर को साफ सुथरा रख कर शहरवासी बीमारियों से दूर एवं स्वस्थ रहेंगे। इस अभियान के तहत कार्यकारी अधिकारी द्वारा लोगों को अपील की गई है कि या तो वह खाली पड़े प्लॉटों को साफ सफाई करवाकर चार दीवारी करवाएं नहीं तो उनके चालान भी किए जाएंगे।

# बनूड़ में नशा तस्कर की अवैध संपत्ति को तोड़ा

समाज में नशा तस्करों के लिए कोई जगह नहीं : एसएसपी वरुण शर्मा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़, 5 जुलाई।** पटियाला पुलिस ने नशे के खिलाफ मुहिम के तहत अहम कार्रवाई करते हुए एसएसपी पटियाला वरुण शर्मा के नेतृत्व में बनूड़ थाने में एक नशा तस्कर की अवैध संपत्ति को जेसीबी मशीन से तोड़ दिया है।

मौके पर पहुंचे एसएसपी वरुण शर्मा ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और पंजाब पुलिस प्रमुख गौरव यादव के नेतृत्व में नशे के खिलाफ छेड़ी गई मुहिम को लगातार बड़ी सफलता मिल रही है।

उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 4 के दो नशा तस्कर भाई मोहन सिंह उर्फ मोगली और सुरजीत सिंह ने मोहल्ला सैनीवाला बनूड़, जिला मोहाली में अवैध निर्माण किया हुआ था, जिस





पर नगर परिषद बनूड़ की ओर से कार्रवाई की गई है और पुलिस की ओर से सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि जब किसी नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत या ग्राम पंचायत द्वारा किसी नशा तस्कर द्वारा अवैध रूप से बनाए गए किसी ढांचे को गिराने के लिए संपर्क किया जाता है, तो सुरक्षा प्रदान करने सहित कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस तैनात की जाती है। वरुण शर्मा ने कहा कि इस मामले में भी नगर परिषद ने नशा तस्कर द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की है और पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था की है। एसएसपी ने आगे कहा कि इन कुख्यात नशा तस्करों के खिलाफ राजपुरा और बनूड़ में हेरोइन और अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी के पांच मामले दर्ज है।

एसएसपी वरुण शर्मा ने कहा कि पुलिस जहां नशे की सप्लाई चेन तोड़ने में सफलता हासिल कर रही है, वहीं नशा तस्करों को पकड़कर सलाखों के पीछे डाला जा रहा है तथा साथ ही नशा तस्करी के जरिए पंजाब की जवानी को बर्बाद करने के लिए नशा तस्करों ने जो जायदादें बनाई है, उनकी जायदादें जब्त की जा रही है।

इसके अलावा पंचायती या शामलात जमीनों पर किए गए अवैध निर्माणों को भी गिराया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे नशा तस्करों की जानकारी सेफ पंजाब हेल्पलाइन 9779100200 पर पुलिस को दें, तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर एसपी स्थानीय वैभव चौधरी, डीएसपी राजपुरा मनजीत सिंह, एसएचओ बनूड़ थाना अर्शदीप शर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## रैक लेजिस सोशल ने 'फीड द फ्यूचर' कार्यक्रम का आयोजन किया

रोटरैक्टर्स ने बच्चों के साथ घुल-मिलकर समय बिताया, मुस्कानें बांटीं, हंसी-खुशी के पल साझा किए, जिससे पूरे स्कूल का वातावरण आनंदमय हो गया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 5 जुलाई।** 'अन्नपूर्णा' व्यापक परियोजना के अंतर्गत चल रहे एक सप्ताहीय दान अभियान के हिस्से के रूप में रैक लेजिस सोशल ने शुक्रवार को %फीड द फ्यूचर% कार्यक्रम का गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल, सेक्टर 29-ए, चंडीगढ़ में आयोजन किया। रोटरी इंटरनेशनल के अंतर्गत कार्यरत और रोटरी क्लब चंडीगढ़ की युवा इकाई के रैक लेजिस सोशल द्वारा अन्नदान 3.0 का आयोजन करते हुए गर्व महसूस किया गया। यह अभियान का चौथा दिन था। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कम्युनिटी सर्विसेस डायरेक्टर रोटरैक्टर यशिका और लिटरेसी कमेटी चेयर रोटरैक्टर मनकिरत कौर ने किया, जो अध्यक्ष




रोटरैक्टर अनंत टंडन और महासचिव रोटरैक्टर फ्रांसिस्का के मार्गदर्शन में संचालित हुआ। कार्यक्रम में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स और जनरल बॉडी से कुल 10 रोटरैक्टर्स ने भाग लिया और उन्होंने मिलकर 400 यूनिट मूंगफली और पौष्टिक पेय वितरित किए, जिससे प्री-नर्सरी से लेकर छठी कक्षा तक के सभी बच्चों को स्नेह और देखभाल के साथ सेवा प्रदान की गई।

इनमें से बॉडी के सदस्य रोटरैक्टर दक्ष सूद ने व्यक्तिगत रूप से 100 यूनिट वितरित किए। रोटरैक्टर्स ने बच्चों के साथ घुल-मिलकर समय बिताया, मुस्कानें बांटीं, हंसी-खुशी के पल साझा किए, जिससे पूरे स्कूल का वातावरण आनंदमय हो गया। लेजिस सोशल एक ऐसा गैर-लाभकारी संगठन है जो सामाजिक न्याय और नेतृत्व विकास को प्रभावशाली सेवा परियोजनाओं, जागरूकता अभियानों और कौशल निर्माण पहलों के माध्यम से बढ़ावा देता है। यह युवाओं को समाज की सेवा करने के साथ-साथ उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास को भी सशक्त बनाता है। यह क्लब अपनी समर्पित गतिविधियों के ज़रिए आवश्यकताओं की पूर्ति और सामाजिक एकता को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्यरत है।

सम्पादकीय

# ऑपरेशन सिंदूर से चीन और तुर्किए की सच्चाई भी उजागर

वह चाहे रूस और यूक्रेन युद्ध हो या फिर इजरायल और ईरान के बीच जंग। सभी जगह दोनों देश आपस में ही भिड़े हैं, बेशक पर्दे के पीछे रहकर उन्हें सैन्य और धन की मदद मिलती है। हालांकि भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया सीमित युद्ध के दौरान यह जानकारी सामने आना बहुत हैरतनाक है कि चीन जहां भारत में सैन्य तैयारियों का लाइव डेटा पाकिस्तान को पहुंचा रहा था, वहीं पाक का हमदर्द तुर्किए भी अपने ड्रोन और लड़ाके भेजकर पाक की मदद कर रहा था। यानी भारत के साथ मोर्चा लेने के लिए अकेले पाक की कुव्वत नहीं है, उसे अपनी मदद को अमेरिका, चीन और फिर कुछ और सिरफिरे मुल्क चाहिएं। बेशक भारतीय सेनाओं को इस सीमित युद्ध में तीन मोर्चों पर लड़ना पड़ा, लेकिन उस शौर्य को सलाम है, जिसने इन तीनों मोर्चों को न केवल फतेह किया अपितु ऐसी छाप छोड़ी की तीनों अब सिर उठाने की जुर्रत नहीं कर पा रहे। गौरतलब है कि भारतीय सेना के उपसेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह के हवाले से यह सच सामने आया है। अभी तक न जाने कितनी बातें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में सामने आ चुकी हैं। पाकिस्तान के अंदर का एक-एक वाक्या सामने आ चुका है और अब चीन जोकि उस समय अपने दोस्त का फिक्रमंद था, के बारे में भी सच सामने आ रहा है। चीन हमेशा से भारत का विरोधी रहा है और उसका यह विरोध शत्रुता के नये-नये आकार लेता रहा है। हालांकि हर बार उसे भारत की ताकत और उसके शौर्य के सामने नतमस्तक होना पड़ा है। गलवान में भारतीय सैनिकों के साहस ने चीनी सैनिकों को वह मार दी थी, जिसे चीन कभी नहीं भुला पाएगा। निश्चित रूप से पाक की मदद करके चीन अपने वर्चस्ववादी मंसूबों को पूरा करना चाहता है।

**जाहिर है, यह रहस्योद्घाटन भी गहन विश्लेषण के बाद सामने आया है, जिसमें कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक को चीन से भारत के सैन्य वेक्टर की रियल टाइम जानकारी मिल रही थी। आखिर चीन यह क्यों कर रहा था, यह कोई सवाल नहीं है। चीन का एकमात्र मंतव्य भारत को पीछे धकेलना और उसके लिए मुश्किलें खड़ी करके एशिया महाद्वीप में उसकी बढ़ती ताकत को सीमित करना है। बीते वर्षों में भारत ने चीन के समकक्ष उल्लेखनीय आर्थिक और सैन्य तरक्की हासिल की है और अब वह दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है। क्या वास्तव में चीन के रणनीतिकारों को यह पच सकता है। क्या वे यह सब जानकर चैन से बैठ सकते हैं कि भारत ने उनके मित्र नहीं अपितु पिद्दू देश पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर वह सबक सिखाया है, जोकि उसके वजूद पर संकट था।**

जाहिर है, यह रहस्योद्घाटन भी गहन विश्लेषण के बाद सामने आया है, जिसमें कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक को चीन से भारत के सैन्य वेक्टर की रियल टाइम जानकारी मिल रही थी। आखिर चीन यह क्यों कर रहा था, यह कोई सवाल नहीं है। चीन का एकमात्र मंतव्य भारत को पीछे धकेलना और उसके लिए मुश्किलें खड़ी करके एशिया महाद्वीप में उसकी बढ़ती ताकत को सीमित करना है। बीते वर्षों में भारत ने चीन के समकक्ष उल्लेखनीय आर्थिक और सैन्य तरक्की हासिल की है और अब वह दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है। क्या वास्तव में चीन के रणनीतिकारों को यह पच सकता है। क्या वे यह सब जानकर चैन से बैठ सकते हैं कि भारत ने उनके मित्र नहीं अपितु पिद्दू देश पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर वह सबक सिखाया है, जोकि उसके वजूद पर संकट था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश में इसकी मांग हो रही थी पाकिस्तान के तीन टुकड़े कर दिए जाएं। हालांकि वर्चस्ववादी देशों जैसे कि चीन जैसी सोच भारत की भी होती तो संभव है, इस सीमित युद्ध को और बढ़ाते हुए पाकिस्तान के वजूद को तीन हिस्सों में बांट दिया जाता। लेकिन भारत वसुधैव कुटुंबकम की विचारधारणा वाला देश है। उसे अपने पड़ोस में शांति और स्थायित्व चाहिए, वह अपनी सीमाओं से खुश है। उसे चीन की भांति अपने पड़ोसी देशों को नहीं हड़पना और न ही पाकिस्तान की तरह पड़ोसी देशों की भूमि पर नजर रखनी है। इसलिए इस युद्ध को उसी समय रोक दिया गया, जब पाकिस्तान की ओर से सीजफायर की गुहार आई।

निश्चित रूप से भारतीय सेना बखूबी जानती है कि अगर एक भी गोली चलाए बगैर अगर दुश्मन को उसके घुटनों पर ला दिया जाए तो इससे बड़ी जीत कोई नहीं हो सकती। और भारतीय सेनाओं ने तो अनूठे तादात्म्य का परिचय देते हुए पाकिस्तान को न केवल वायु, जमीन और जल पर भी लंबवत करने का काम कर दिखाया। पाक की ओर से हमले की पहली रात ही अगर भारत का एयर डिफेंस सिस्टम इतनी प्रभावी तरीके से काम नहीं कर पाता तो आज हमारे लिए यह युद्ध बड़ी क्षति का कारण बन चुका होता। जाहिर है, इसलिए सेना उपप्रमुख का यह बयान महत्वपूर्ण है कि एयर डिफेंस सिस्टम को और मजबूत करने की जरूरत है और अब इसे एडवांस बनाने के लिए तैयारियां आरंभ हो चुकी हैं। इस सीमित युद्ध ने पाक को नए सबक दिए हैं और वह इस समय अपनी जनता का पेट भरने, उसे शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार देने के बजाय अगर हथियार खरीदने पर फोकस किए हुए है तो यह सतर्क होने का समय है। पाक के हुक्मरान उसे नहीं चला रहे, अपितु सेना उसका संचालन कर रही है जोकि कभी भारत के साथ शांति नहीं चाहती। ऐसे में भारत को भविष्य की आशंकाओं को ध्यान में रखकर चलना होगा।

## त्रिनिदाद से कितने शंखनाद

# बिहार की बेटी, मोदी का यह संबोधन निभा सकता है एनडीए के पक्ष में अहम भूमिका

दैनिक अर्थ प्रकाश



धर्मवीर सिंह, स्टेट ब्यूरो चीफ

> त्रिनिदाद टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर के पुरखों की जन्म भूमि है भारत का बिहार
>
> प्राप्त जानकारी के तहत त्रिनिदाद टोबैगो में 40 प्रतिशत लोग भारतीय मूल के
>
> बाहुबली भी बिहार में सरकार बनाने और गिराने में निभाते रहे है भूमिका

**चंडीगढ़।** बदलते परिवेश में भारत की ऊंचाइयों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। इसका श्रेय देश की इच्छा शक्ति को जाता है, जिसका नेतृत्व देश की जनता के आदेश और निर्देश से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे है। प्रधानमंत्री मोदी अभी कुछ दिन पहले ही साइप्रस तथा अन्य देशों की कूटनीतिक सवारी करके आए और फिर पांच देशों के दौरे पर है। देश के लिए ही सब कुछ करने का जज्बा जेहन में लिए पूरी दुनिया को भारत की ताकत का संदेश देने में सफल हो रहे है वही दूसरी ओर समावेश और निवेशी व्यवस्था को बेहतर बनाना भी उनका लक्ष्य है। निवेश होगा तो प्रगति के द्वार भी खुलेंगे।

वैसे मोदी के व्यक्तित्व से सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि देश और समाज के लिए हर दिन कुछ नया करने की टिस उनके मन में है । फिर भी उनकी प्लानिंग और दूरदर्शिता को समझना आसान नहीं है। आए दिन कुछ नई सोच उनके जेहन में हुलारे लेती रहती है। त्रिनिदाद और टोबैगो के पोर्ट ऑफ स्पेन में जहां पर करीब 40 प्रतिशत भारतीय रहते है, उनमें भी अधिकतर वो लोग है जिनके पुरखे काफी समय पहले भारत के बिहार राज्य से रोजी रोटी कमाने के लिए गए थे और वहीं बस गए। वहां की नेता कमला प्रसाद बिसेसर, जिनका सम्बन्ध भी बिहार से है। उनके पूर्वज बिहार से गए और वहीं बस गए। मोदी का उनके संवाद, आतिथ्य ग्रहण करना, एक दिन की सोच का परिणाम नही। अभी इसी साल बिहार में चुनाव होने है और प्रधानमंत्री मोदी कमला और उनके परिवार के बीच जाकर अपनी कूटनीति सोपानों को तो आगे बढ़ा ही रहे है अपनी संस्कृति,सामाजिक रिश्तों को भी मजबूत कर रहे है। यही सोच उनको अन्य नेताओं से अलग दिखाती हुई नजर आती है। लेखक का उद्देश्य किसी को कमतर आंकना नहीं हे।

भारत के बिहार मूल की त्रिनिदाद टोबैगो की पीएम कमला प्रसाद से सरकारी मुलाकात क्या बिहार के चुनाव में एनडीए की मजबूती की ओर इशारा करती है। त्रिनाद टोबैगो और पोर्ट ऑफ स्पेन में मजबूत हुए रिश्तों की गूंज बिहार चुनाव में भी सुनाई देने वाली है। जब रैलियों का सिलसिला शुरू होगा। तब त्रिनिदाद की गूंज भारत में भी सुनाई देगी। वहां रह रहे बिहार के लोगों की जड़े यहां भी है और जड़ों से जुड़ा भारत भावनात्मक रूप से भी जुड़ा होता है। बेशक राजनीति के दिग्गज विषय को



समझते होंगे लेकिन आम लोगों को तो बात बाद में ही समझ आती है। घाना को सोने की खान भी कहा जाता है। जब भारत के साथ रिश्ते मजबूत होंगे तो निवेश भी बढ़ेगा। आर्थिक प्रगति के साथ साथ संस्कृति सामाजिक मूल्यों को भी बढ़ावा मिलेगा। आने वाला समय भी भारत का रहे , ऐसे प्रयास मील का पत्थर साबित होंगे। त्रिनिदाद, टोबैगो दौरे पर गए मोदी को राष्ट्रपति क्रिश्टिन कंगालू ने अपने देश के सर्वोच्च पुरस्कार दा आर्डर ऑफ दा रिपब्लिकन ऑफ त्रिनादाद और टोबैगो से नवाजा । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राष्ट्रपति कांगलू और प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर को भारतीय परम्परा अनुसार शुक्रिया कहना सामाजिक और नैतिक मूल्यों को प्रदर्शित और परिभाषित करता है। यह प्रधानमंत्री मोदी को दिया गया 25 वां सम्मान है। प्राप्त जानकारी के तहत करीब 200 साल पहले भारतीय वहां गए और वहीं बस गए। कमला प्रसाद बिसेसर का परिवार भी उन्हीं में से एक है। जानकारों का कहना है कि आने वाले बिहार चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी के दौरे का प्रभाव देखने को मिलेगा। कमला प्रसाद के पुरखे बिहार के बक्सर क्षेत्र से त्रिनिदाद टोबैगो गए। जड़ों की गहराई तक पहुंचना तो उनके व्यक्तित्व में निहित है। बिहार की बेटी के संबोधन की गूंज आने वाले बिहार चुनाव में भी देखने के मिलेगी। देश की मजबूती का संदेश दुनिया को भी जा रहा है। जाना भी चाहिए चूंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भी है। त्रिनिदाद से कितने शंखनाद होंगे यह तो वक्त बताएगा लेकिन शंखनाद का सिलसिला तो जारी है।

अपनी जड़ों से जुड़े रहकर समाज और देश को नई और प्रेरक दिशा दी जा सकती है। देश में अनेक योजनाएं परियोजनाएं इस प्रकार की है जो अपनी जड़ों को मजबूत करते हुए समाज को मजबूती देने का काम कर रही है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रधानमंत्री मोदी ने वहां एक पौधा भी लगाया। ऐसा करके उन्होंने सामाजिक अभियान को भलीभूत तो किया ही बल्कि पर्यावरण की शुद्धि के लिए भी संदेश देने का काम किया। सामाजिक सौहार्द की परम्परा को आगे बढ़ाना तो हमारा आधार रहा है। फिर विपक्ष के कुछ लोग हमारी संस्कृति और संस्कार क्यों भूल जाते है। प्रधानमंत्री मोदी मिलने वाले सम्मान को एक सौ चालीस करोड़ जनता का सम्मान बताते है जबकि विपक्षी दलों के कई नेता देश के अंदर की बात तो छोड़िये देश के बाहर भी सतासीन पार्टी की आलोचना करते करते देश की आलोचना कर बैठते है,जिसके चलते उनकी स्वयं की छवि तो खराब होती ही है देश की छवि भी खराब करते रहते है। इस विषय को लेकर उन्हे अच्छी सोच के साथ समाज और देश हित में काम करने की जरूरत है। ऐसा आमजन का भी कहना है।

आगामी नवम्बर 2025 में बिहार में विधानसभा चुनाव होने है। वर्तमान में वहां एनडीए और जेडीयू गठबंधन की साझा सरकार है। ऐसे में विपक्ष का प्रयास रहेगा कि वह लंबे सुक्खे को खत्म कर अपनी सरकार बनाए लेकिन इंडिया गठबंधन का बिखराव उनके लिए ड्क्षचता का विषय है। ओवैसी की पार्टी इंडि गठबंधन में शामिल होना चाहती है और यदि ऐसा हुआ तो वह अधिक सीटों की मांग करेगी चुकिं ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने पिछले विधानसभा चुनाव में मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन करके कई सीटें जीत ली थी। इंडि गठबंधन उनके साथ समझौता करने के मूड में दिखाई नही देता। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी ने अकेले ही बिहार में चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है हालांकि उनका वहां आप का कोई खास जनाधार दिखाई नहीं पड़ता। वर्तमान सत्तासीन सरकार फिर से अपनी सरकार बनाने का मौका कतई नही छोड़ना चाहेगी। लेकिन विपक्ष किसी भी हालात में सरकार बनाने का प्रयास करेगा। इसके लिए सभी दलों ने बुनियादी प्रयास शुरू भी कर दिए है। बिहार विधानसभा में 243 सीटें है। बहुमत के लिए किसी भी दल या गठबंधन को कम से कम 122 सीटों की जरूरत है। बिहार में बाहुबली भी सरकार बनाते रहे है अबकी बार देखते है कि कौन सा दल कितने बाहुबलियों को टिकट देता है और सत्ता के सुख की चाबी किसके हाथ लगती है।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### घोटाले रोकने के लिए निगरानी एजेंसी का गठन होगा : मनमोहन

नई दिल्ली। शेयर घोटाले जैसे अन्य घोटाले भविष्य में न हों, इसके लिये केंद्र सरकार निगरानी एजेंसी का गठन करेगी। यह बात वित्तमंत्री मनमोहन सिंह ने आज यहां आर्थिक मामलों से संबंधित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस निगरानी एजेंसी का गठन आगामी 2-3 महीनों के भीतर कर दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित निगरानी एजेंसी नौकरशाही के अंतर्गत नहीं आने दी जाएगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर इसके अध्यक्ष होंगे। उन्होंने कहा कि विशेष लेखा जांच का काम एक आम प्रक्रिया है तथा इसमें कोई भेदभाव नहीं बरता जाएगा। उन्होंने कहा कि शेयर घोटाले में उनकी जानकारी के अनुसार कोई भी मंत्री शामिल नहीं है।

### मुठभेड़ों में 7 खाड़कू मरे

चंडीगढ़। पंजाब में गत रात्रि से विभिन्न घटनाओं में पुलिस के साथ हुई। मुठभेड़ों में सात खाड़कू मारे गए एक पुलिस कांस्टेबल की खाड़कुओं द्वारा हत्या कर दी गई। जगरांव पुलिस थाना के गांव उजराला में सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में हरभजन सिंह व बग्गा सिंह नामक दो खाड़कू मारे गये।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1906- दूसरा जिनेवा सम्मेलन पूरा हुआ।

1923- सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक की स्थापना हुई।

1931- बिली बर्क ने यू.एस. ओपन गोल्फ टूर्नामेंट जीता।

1936- इंग्लैंड में मैनचेस्टर बोल्टन एंड बरी कैनाल के एक बड़े उल्लंघन ने 300 फीट पानी के झरने 300 फीट (91 मीटर) इरवेल नदी में भेजे।

1959- वेल्लोर अस्पताल में पहली बार सफलतापूर्वक ओपन हार्ट सर्जरी हुयी।

1961- मोजाम्बिक के निकट पुर्तगाल के जहाज में विस्फोट से 300 लोग मरे।

1964- अफ्रीक़ा महाद्वीप का देश मलावी ब्रिटेन से आज़ाद हुआ और आज के दिन को इस देश का राष्ट्रीय दिवस घोषित किया गया।

1978 इंग्लैंड के टुनटन में एक स्लीपिंग कार ट्रेन में आग लग गई, जिससे 12 लोगों की मौत हो गई और ब्रिटिश रेल को अत्याधुनिक अग्निरोधी उपाय लगाने पड़े।

1989 एक फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के सदस्य ने एक बस को अपहरण कर आत्मघाती हमला किया और इसे इज़राइल के किरीट यारिम के पास एक खड्ड में गिरा दिया।

1997 द ट्रिब्यूट्स-ड्रमक्री विवाद के जवाब में, उत्तरी आयरलैंड के आयरिश राष्ट्रवादी जिलों में पांच दिन की यात्रा शुरू हुई।

2002 अफगानिस्तान के उपराष्ट्रपति अब्दुल कादिर की हत्या काबुल में कर दी गई।

2005 मैक्सिको में मानव का चालीस हज़ार वर्ष पुराना पदचिह्न मिला।

2008 दक्षिणी मिस्र में 5000 साल पुराने शाही क़ब्रिस्तान की खोज की गई।

2008 115 वें विंबलडन महिला टेनिस- वीनस विलियम्स ने सेरेना विलियम्स को (7-5 6-4) हराया।

## बोल ब्यूटीफुल



**अभिषेक सिंघवी:** भाषा के नाम पर छोटे दुकानदारी पर हमला गर्व की बात नहीं, बल्कि एक दुराग्रह है। महाराष्ट्र का आत्मा समावेशी और भावना बहुलतावादी है। किसी प्रकार का मनमानापन राज्य की विरासत को तय नहीं करेगा। हिन्दीभाषियों को निशाना बनाना बंद हो।

**मीनाक्षी जोशी:** अगर सिंधू में पानी और खून एक साथ नहीं बह सकता, तो मैदान में हाकी-क्रिकेट भी नहीं हो सकता। किसी अंतराष्ट्रीय स्पर्धा के नियम से मुझे कोई लेना-देना नहीं, मुझे पहलगाम से उठी अर्थियां दिखती है।

# पर्यावरण के रचनात्मक प्रशासन के जरिए सतत हरित बदलाव

पर्यावरण कुजनेट्स वक्र (एनवायरनमेंट कुजनेट्स कर्व) से हासिल पर्यावरण के प्रशासन से जुड़ा पारंपरिक ज्ञान यह मानता है कि देश पहले विकास करते हैं और बाद में सफाई में जुटते हैं। यह अनुभवजन्य अंतर्दृष्टि अब विकसित हो चुके उन देशों के अनुभवों से प्रेरित है, जिन्होंने विकास की प्रक्रिया में संसाधन संबंधी जरूरतों को पूरा करने हेतु देश और विदेश में प्राकृतिक पर्यावरण का दोहन किया। लेकिन ऐसी सुविधा भारत जैसे देशों को नसीब नहीं है, जिन्हें अपनी विशाल आबादी की विकास संबंधी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अभी भी तेज गति से विकास करने की जरूरत है। जब 2014 में एनडीए सत्ता में आई, तो चुनौती हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मूल सिद्धांतों- 'सुधार, प्रदर्शन और बदलाव' पर आधारित विकास एवं प्रगति को गति देने की थी। इन सिद्धांतों में जरूरत के हिसाब से पर्यावरण की सुरक्षा के सख्त उपायों से समझौता किए बिना 'व्यवसाय करने में आसानी' की सुविधा प्रदान करते हुए तेजी गति से विकास करना शामिल था। आज 2025 में, हम न सिर्फ इस चुनौती से निपट पाने में सफल रहे हैं बल्कि हमने शासन का एक ऐसा मॉडल तैयार किया है जिसे सारी दुनिया ने माना है। प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण बिल्कुल साफ था- इस प्रणाली को एक ऐसी प्रणाली में बदला जाए जो 'इकोलॉजी और अर्थव्यवस्था' दोनों के लिए फायदेमंद हो।

वर्ष 2014 में 'स्वच्छ भारत मिशन' की शुरुआत हमारी पहली बड़ी पहल थी। यह पहल स्वच्छता से आगे बढ़कर कचरे के प्रबंधन व पर्यावरण के संरक्षण के लिए एक व्यापक ढांचा स्थापित करने तक जा पहुंची। इस मिशन ने पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं को सामाजिक विकास के साथ जोड़ने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाया। इस मिशन को सभी नागरिकों को शामिल करते हुए एक जन आंदोलन के रूप में शुरू किया गया था और एक स्वच्छ एवं संसाधन के मामले में अपेक्षाकृत अधिक कुशल भारत की चाहत को आगे बढ़ाया गया था। विभिन्न शहरों में नागरिकों को पारदर्शी तरीके से वास्तविक समय में वायु की गुणवत्ता की निगरानी से जुड़ी सुविधा प्रदान करने के तुरंत बाद राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक का शुभारंभ किया गया।

वर्ष 2014 में शुरू की गई 'मेक इन इंडिया' पहल में भी कड़े पर्यावरण अनुपालन मानकों को शामिल किया गया। इससे यह साबित हुआ कि हम इकोलॉजी की स्थिरता को बनाए रखते हुए मैन्यूफैक्चरिंग को अपेक्षाकृत बड़े पैमाने पर और तेज गति से बढ़ावा दे सकते हैं। ऊर्जा संबंधी दक्षता को बढ़ावा देने और ऊर्जा पर आधारित अधिक संख्या में उद्योगों को शामिल करने के उद्देश्य से 2015 में प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना का विस्तार किया गया। इससे ऊर्जा संबंधी दक्षता के लिए एक बाजार-आधारित तंत्र का निर्माण हुआ। कचरे के कारगर प्रबंधन, संसाधन संबंधी दक्षता में बढ़ोतरी और चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2016 से कचरे के प्रबंधन के सभी प्रमुख नियमों को नियमित रूप से अद्यतन किया जा रहा है। इस दृष्टिकोण का बुनियादी सिद्धांत बाजार आधारित तंत्र और 'प्रदूषक द्वारा भुगतान के सिद्धांत' पर आधारित विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व से जुड़े ढांचे पर निर्भरता में निहित है। प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम, ई-कचरा प्रबंधन नियम तथा टायर, बैटरी एवं प्रयुक्त तेल अपशिष्ट प्रबंधन नियम आदि इन्हीं सिद्धांतों के आधार पर तैयार किए गए थे। इससे एक ऐसे इकोसिस्टम का निर्माण हुआ, जिसके तहत विभिन्न सामग्रियों के लगभग 4,000 पुनर्चक्रणकर्ताओं को पंजीकृत पुनर्चक्रणकर्ताओं के रूप में अनौपचारिक क्षेत्र से हटाकर औपचारिक क्षेत्र में लाया गया है। इस कदम से वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 1600 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। वर्ष 2022 में शुरू किए गए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) पोर्टल चक्रीय अर्थव्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, कुल 61,055 उत्पादकों ने प्लास्टिक पैकेजिंग, ई-कचरा, बेकार टायर, बैटरी के कचरे और प्रयुक्त तेल के क्षेत्र में काम करने हेतु ईपीआर पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। अपशिष्ट नियम, 2022 के प्रकाशन और ईपीआर पोर्टल की शुरूआत के बाद, शोधित अपशिष्ट की मात्रा वित्तीय वर्ष 2024-25 में इन नियमों के प्रकाशन से पहले 3.6 एमएमटी प्रति वर्ष की तुलना में बढ़कर 127.48 एमएमटी प्रति वर्ष हो गई है। यह सभी हितधारकों के सहयोग एवं समर्थन से संभव हुआ है।

प्रक्रियागत देरी में कमी लाने और एक व्यापक पर्यावरणीय मूल्यांकन करने के उद्देश्य से 2018 में 'परिवेश' (प्रो-एक्टिव एंड रिस्पॉन्सिव फैसिलिटेशन बाई इंटरएक्टिव, वर्चुअस एंड एनवायरनमेंटल सिंगल-विंडो हब) नाम के एक ऑनलाइन आईटी टूल का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के 'डिजिटल इंडिया' के विजन को साकार करते हुए, इस डिजिटल प्लेटफॉर्म ने व्यवसाय जगत और पर्यावरण नियामकों के बीच के संवाद में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है। 'परिवेश' ने पर्यावरण संबंधी मंजूरी की बोझिल एवं कागज-आधारित प्रक्रिया को एक सुव्यवस्थित एवं मजबूत डिजिटल अनुभव में बदल दिया है। इस दृष्टिकोण ने जहां पर्यावरण से जुड़े सख्त मूल्यांकन को बनाए रखा है, वहीं इस प्रक्रिया में लगने वाले समय में काफी कमी ला दी है और पारदर्शिता को बढ़ाया है।

वर्ष 2019 में शहरों पर केन्द्रित कार्य योजनाओं से लैस 'राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम' (एनसीएपी) के आधिकारिक शुभारंभ ने हमें नीति निर्माता एवं नियामक से बदलकर अमल करने वाला बना दिया है। एनसीएपी का लक्ष्य 2025-26 तक पीएम 10 सांद्रता में 40 प्रतिशत की कमी लाना या



आधार वर्ष 2017-18 की तुलना में 60 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर के राष्ट्रीय मानक को हासिल करना है। एनसीएपी के साथ-साथ सीपीसीबी ने एनसीएपी के तहत आने वाले 131 शहरों में वायु की गुणवत्ता के रुझान की बारीकी से निगरानी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे वायु की गुणवत्ता निरंतर बेहतर हुई है। वर्ष 2021 में, गैर-प्राप्ति वाले शहरों में वायु गुणवत्ता के नियमन हेतु पोर्टल (पीआरएएनए) को कागज रहित परियोजना प्रबंधन के एकल बिंदु वाले वेब-आधारित उपकरण के रूप में शुरू किया गया। इससे स्वच्छ वायु से जुड़े उपायों के कार्यान्वयन की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति पर नजर रखना संभव हो सकेगा।

1 जुलाई, 2022 से एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध और 31 दिसंबर 2022 से 120 माइक्रोन से अधिक मोटाई वाली प्लास्टिक शीट पर प्रतिबंध ने जहां पर्यावरण के क्षेत्र में साहसिक नेतृत्व का परिचय दिया, वहीं उसी वर्ष शुरू किए गए 'जल जीवन मिशन' ने पानी की सुलभता को पर्यावरणीय स्थिरता के साथ जोड़ा।

एक व्यापक 'भारत शीतलन कार्य योजना' विकसित करके भारत दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हो गया है। इस कार्य योजना में विभिन्न क्षेत्रों की शीतलन संबंधी जरूरतों को पूरा करने वाले एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण समावेश है तथा इसमें ऐसे कार्यों की सूची दी गई है, जो शीतलन से जुड़ी मांग को कम करने में सहायक हो सकते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में शीतलन की जरूरत होती है तथा यह आर्थिक विकास का एक अनिवार्य हिस्सा है। आवासीय एवं वाणिज्यिक भवन, कोल्ड-चेन, प्रशीतन, परिवहन और उद्योग जैसे अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में इसकी जरूरत पड़ती है।

भारत ने हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (एचएफसी) के उत्सर्जन में चरणबद्ध तरीके से कमी लाने हेतु 27 सितंबर 2021 को मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल में किगाली संशोधन का अनुमोदन किया। इसके तहत 2032 से आगे चार चरणों में चरणबद्ध तरीके से इस कार्य को पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई गई है और 2032, 2037, 2042 एवं 2047 में उत्सर्जन में क्रमशः 10 प्रतिशत, 20 प्रतिशत, 30 प्रतिशत और 85 प्रतिशत की कटौती की जाएगी। वर्ष 2022 में पारित ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) अधिनियम ने भारत की कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना की स्थापना की। इससे उत्सर्जन में कमी से संबंधित बाजार आधारित तंत्र का निर्माण हुआ। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के तहत 2023 में हमारी कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना का संचालन देश के पहले व्यापक कार्बन बाजार के निर्माण की राह में एक अहम पड़ाव है। 1 नवंबर 2021 को ग्लासगो में सीओपी26 के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा घोषित 'मिशन लाइफ' (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) मानव व्यवहार को प्रेरित करके टिकाऊ उपभोग पैटर्न को बढ़ावा देने वाला एक और अनुकरणीय कदम है।

कार्बन क्रेडिट के अलावा, 'ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम' के रूप में एक सकारात्मक उपाय की शुरुआत 2023 में संयुक्त अरब अमीरात में सीओपी 28 के दौरान की गई ताकि पर्यावरण से संबंधित सकारात्मक कार्यों को पुरस्कृत किया जा सके और स्वैच्छिक पर्यावरणीय प्रबंधन को प्रेरित करने वाले प्रोत्साहनों का सृजन किया जा सके।

वर्ष 2024 में देश भर में भारत स्टेज VI (बीएस-VI) उत्सर्जन मानदंडों का पूर्ण कार्यान्वयन और टिकाऊ वित्त हेतु हमारे हरित कर प्रणाली (ग्रीन टैक्सोनॉमी) के ढांचे का विकास ऐसे कदम हैं जो स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। ये कदम इस बात को भी दर्शाते हैं कि पर्यावरण से जुड़ा प्रशासन कैसे तकनीकी उन्नति और वित्तीय नवाचार को बढ़ावा दे सकता है। पर्यावरण के अनुकूल और गुणवत्ता वाले टिकाऊ उत्पादों के उत्पादन व उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, मंत्रालय ने ई (पी) अधिनियम, 1986 के तहत इकोमार्क नियम, 2024 को अधिसूचित किया है। इसमें उत्पादन और उपभोग की टिकाऊ पद्धतियों को प्रोत्साहित करने हेतु उत्पादों की 80 उप-श्रेणियों के साथ 17 व्यापक श्रेणियां शामिल की गई हैं और सीपीसीबी को प्रमुख प्रशासनिक एजेंसी के रूप में नामित किया गया है।

वर्ष 2018 में 'परिवेश' के शुभारंभ से लेकर 2024 में 'परिवेश 2.0' तक का विकास, पर्यावरण संबंधी प्रबंधन एवं निगरानी की प्रक्रिया में निरंतर तकनीकी व गुणात्मक सुधार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 'परिवेश 2.0' में जीआईएस से लैस एक आधुनिक निर्णय समर्थन प्रणाली और एक बेहतर पर्यावरणीय मूल्यांकन सुविधाओं का समावेश है। राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली में पर्यावरण संबंधी मंजूरी को समन्वित करने से व्यवसाय संबंधी अनुमोदन का एक 'वन-स्टॉप' डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार हुआ। इससे व्यवसाय करने में आसानी से जुड़ी विश्व बैंक की रैंकिंग में भारत का स्थान की नाटकीय रूप से बेहतर हुआ। भारत इस रैंकिंग में 2014 में 142वें स्थान से उछलकर 2020 में 63वें स्थान पर पहुंच गया। वर्ष 2014-2020 के बीच, हमने 2,115 आवेदनों में से लगभग 2,053 परियोजनाओं को पर्यावरण संबंधी मंजूरी प्रदान की जिससे आवेदनों को निपटाने की दक्षता में उल्लेखनीय सुधार हुआ। कचरे के उत्सर्जन में कमी लाने के लिए उत्कृष्ट पद्धतियों को अपनाने हेतु उद्योगों को प्रोत्साहित करने तथा अनुपालन संबंधी बोझ को कम करने के उद्देश्य से, उद्योगों को वर्गीकृत करने की एक नई पद्धति शुरू की गई है। इस वैज्ञानिक दृष्टिकोण के तहत विभिन्न गतिविधियों को लाल, नारंगी, हरे, सफेद और नीले रंग की श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। नीले रंग की नई श्रेणी वाले उद्योग सीवेज शोधन संयंत्र, खाद बनाने वाली इकाई, बायोगैस संयंत्र और सामग्रियों की पुनर्प्राप्ति से जुड़ी सुविधा जैसे पर्यावरण के अनुकूल सकारात्मक उपायों से लैस होते हैं।

जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते जा रहे हैं, पर्यावरण से जुड़ा हमारा प्रशासकीय ढांचा उन्नत एआई क्षमताओं, उन्नत सार्वजनिक भागीदारी तंत्र और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप पर्यावरण प्रबंधन प्रणालियों से लैस होकर विकसित होता जा रहा है। उन्नत डिजिटल निगरानी प्रणाली और ईएसजी रिपोर्टिंग की ठोस व्यवस्थाओं समेत 2025 में हुए हालिया विकास, अत्याधुनिक बने रहने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाते हैं। लालफीताशाही से लेकर हरित रचनात्मकता तक की दशक भर की यह यात्रा इस तथ्य को रेखांकित करती है कि एक दूरदर्शी नेतृत्व बहुत कुछ हासिल कर सकता है। पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण ने शासन का एक ऐसा मॉडल तैयार किया है, जो एक साथ कई उद्देश्यों को पूरा करता है।

अब जबकि हम विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में अग्रसर हैं, एक दशक से अधिक समय में लागू किया गया पर्यावरण से जुड़ा प्रशासकीय ढांचा टिकाऊ विकास के लिए एक ठोस आधार प्रदान करता है।

**-भूपेंद्र यादव,** केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री

हिमाचल में राष्ट्रीय राजमार्गों और सुरंग परियोजनाओं की समीक्षा

# केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा बोले, वर्ष 2028 से पूर्व पूर्ण हों सभी प्रोजेक्ट

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा



**शाहतलाई।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को बिलासपुर में हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों और सुरंगों के बुनियादी ढांचे के विकास की प्रगति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में विधायक रणधीर शर्मा, विधायक त्रिलोक जम्वाल सहित सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) तथा नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा प्रदेश में चल रही प्रमुख सड़क परियोजनाओं की विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसमें निर्माण की वर्तमान स्थिति, आ रही चुनौतियां और आगामी योजनाएं शामिल थीं।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 25 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं कार्यान्वयनाधीन हैं, जिनकी कुल लंबाई 2,592 किलोमीटर है। इनमें से 627 किलोमीटर लंबाई की परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, जिन पर लगभग 26,000 करोड़ रूपए व्यय किए जा रहे हैं, जबकि 416 किलोमीटर लंबाई की परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं, जिन पर लगभग 25,265 करोड़ रूपए खर्च किए जाने प्रस्तावित हैं। सुरंग निर्माण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। अब तक प्रदेश में 21 सुरंगों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जिन पर लगभग 2,600 करोड़ रूपए व्यय किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 19 सुरंगों का निर्माण कार्य जारी है, जिनकी अनुमानित लागत 3,200 करोड़ रूपए है। भविष्य में 28 और सुरंगों के निर्माण का प्रस्ताव है, जिन पर लगभग 5,400 करोड़ रूपए व्यय किए जाने की योजना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएं वर्ष 2028 से पूर्व पूर्ण की जाएं और सुरंग निर्माण को विशेष प्राथमिकता दी जाए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए अधिक से अधिक सुरंगों का निर्माण अनिवार्य है। इससे यात्रा समय कम होगा, ईंधन की बचत होगी और जनसुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए राज्य सरकार और केंद्र की कार्यकारी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है।

बैठक में ब्यास नदी में ड्रेजिंग कार्य शीघ्र आरंभ करने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई ताकि फोरलेन सड़क को क्षति से बचाया जा सके। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एक सर्कुलर के कारण ड्रेजिंग को हर वर्ष औद्योगिक इकाई के रूप में अनुमति लेनी पड़ती है, जिससे परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब होता है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से इस व्यवस्था में आवश्यक छूट दिलवाने की बात कही।

उन्होंने यह भी बताया कि सुमदो-काजा सड़क परियोजना राज्य सरकार से वन स्वीकृति न मिलने के कारण रुकी हुई है, जिसे शीघ्र मंजूरी दी जानी चाहिए। इसी प्रकार बीरहु से लठियाणी तक की सड़क परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की राशि और पेड़ों की कटाई की अनुमति लंबित है, जिसे राज्य सरकार को शीघ्र हल करना चाहिए।

बैठक में प्रदेश की जिन प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की गई, उनमें परवाणू-सोलन-कैथलीघाट-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-5) प्रमुख है, जिसकी कुल लंबाई 104.17 किलोमीटर है और इसमें 12 सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना को वर्ष 2025 के अंत तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार किरतपुर से नेरचौक, मंडी, कुल्लू होते हुए मनाली तक जाने वाले एनएच-3 की कुल लंबाई 237.2 किलोमीटर है, जिसमें 28 सुरंगें प्रस्तावित हैं। इस मार्ग पर निर्माण कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर है। वर्ष 2023 और 2024 की बाढ़ के कारण कुछ हिस्सों में क्षति हुई थी, जिसकी मरम्मत का कार्य जारी है। इस परियोजना की पूर्णता वर्ष 2025-26 तक संभावित है।

बैठक में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के टेक्निकल मेंबर आलोक दीपंकर, एडिशनल डायरेक्टर जनरल सुदीप चौधरी, उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### परियोजना को वर्ष 2026 के मध्य तक पूरा किया जाना प्रस्तावित

शिमला-बिलासपुर-हमीरपुर-मटौर मार्ग (एनएच-205, 103, 303, 503) की कुल लंबाई 223.7 किलोमीटर है, जिसमें 15 सुरंगें प्रस्तावित हैं। इस परियोजना को खंडों में क्रियान्वित किया जा रहा है और इसे वर्ष 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। पठानकोट से मंडी को जोड़ने वाली एनएच-154 परियोजना की कुल लंबाई 197 किलोमीटर है, जिसमें 13 सुरंगें प्रस्तावित हैं। यह परियोजना पांच खंडों में विभाजित है, जिनमें से कुछ खंडों का कार्य पूरा हो चुका है जबकि शेष पर कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना को वर्ष 2026 के मध्य तक पूरा किया जाना प्रस्तावित है। पिंजौर-बद्दी-नालागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-105) की कुल लंबाई 32 किलोमीटर है, जिसका अधिकांश निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और इसे वर्ष 2025 में पूर्ण कर लिए जाने की संभावना है। घुमारवीं शाहतलाई रोड को 35 करोड रुपए आवंटित किए गए हैं और 2026 तक यह सड़क अपग्रेड कर दी जाएगी। यह कार्य सीआईएफ द्वारा करवाया जाएगा और जल्द इसका काम भी शुरू हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की विकास यात्रा में राष्ट्रीय राजमार्गों और सुरंगों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन परियोजनाओं से न केवल प्रदेश के आर्थिक और पर्यटन विकास को गति मिलेगी, बल्कि आम जनता को सुगम, सुरक्षित और तेज परिवहन सुविधा भी उपलब्ध होगी। उन्होंने सभी कार्यकारी एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे परियोजनाओं की नियमित समीक्षा करें, समयबद्धता बनाए रखें और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो।

# पर्यावरण संरक्षण को केन्द्र में रखकर अपनी नीतियां बना रही प्रदेश सरकार : सीएम

## मुख्यमंत्री ने आरजीएसएसवाई के तहत 20 ई-टैक्सियों को झंडी दिखाकर रवाना किया

योजना के तहत प्रदेश सरकार युवाओं को ई-टैक्सियों की खरीद के लिए दे रही 50 प्रतिशत सब्सिडी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 5 जुलाई।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को यहां हिमाचल प्रदेश सचिवालय से राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के तहत 20 ई-टैक्सियों को झंडी दिखाकर रवाना किया। योजना के तहत प्रदेश सरकार युवाओं को ई-टैक्सियों की खरीद के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी का लाभ प्रदान करती है। अब तक राज्य में 59 पात्र युवाओं को 4.22 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं तथा 61 अन्य लाभार्थियों को शीघ्र ही सब्सिडी जारी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं और उनको सरकारी कार्यालयों से जोड़कर पांच वर्ष की अवधि के लिए सुनिश्चित आय का साधन मिल रहा है। योजना में दो साल के विस्तार का प्रावधान भी रखा गया है। उन्होंने कहा कि इससे आने वाले समय में राज्य का वित्तीय बोझ कम करने में सहायता मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को केन्द्र में रखकर प्रदेश सरकार अपनी नीतियां बना रही हैं। उन्होंने कहा कि आज हम जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को देख रहे हैं। इसके दृष्टिगत पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता प्रदान कर नीतियां बनाई जा रही हैं। इस दिशा में ई-वाहनों और ग्रीन हाइड्रोजन को प्रोत्साहन प्रदान करना समय की मांग है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के लिए सरकारी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवा रही है और स्वरोजगार के अवसर भी सृजित किए जा रहे हैं। राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के माध्यम से विदेशों में बेहतर वेतन पैकेज के रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के प्रयास किया जा रहे हैं और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि लोगों का शोषण न हो। सरकार के सतत और ठोस प्रयासों के फलस्वरूप एचपीएसईडीसी को भर्ती एजेंसी के रूप में लाइसेंस प्राप्त हुआ है। अब निगम विभिन्न देशों के महावाणिज्य दूतावासों के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित कर सकता है और युवाओं को प्रशिक्षित कर उनके कौशल में सुधार किया जाएगा।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हमने विभिन्न सरकारी विभागों में आमूलचूल सुधार किए हैं, जिनके ठोस परिणाम सामने आ रहे हैं। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में हिमाचल ने देशभर में 21वें स्थान से 16 स्थानों का सुधार कर पांचवें पायदान पर पहुंचा है। यह वर्तमान राज्य सरकार की उल्लेखनीय उपलब्धि है। प्रदेश सरकार राज्य के विभिन्न सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एम्स दिल्ली की तर्ज पर अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रमुखता से कार्य कर रही है। सरकार की इस नवीन पहल से मरीज लाभान्वित होंगे।

### ये रहे मौके पर मौजूद

इस अवसर पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, विधायक हरीश जनारथा और संजय अवस्थी, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, एपीएमसी के अध्यक्ष देवानंद वर्मा, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव आरडी नजीम, सचिव प्रियंका बसु, निदेशक सूचना एवं जन संपर्क राजीव कुमार, श्रम आयुक्त डॉ. वीरेंद्र शर्मा और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने भगवान राम के मूल्यों को समाज में प्रसारित करने की आवश्यकता पर बल दिया

राज भवन परिसर में भगवान श्रीराम की दिव्य प्रतिमा की स्थापना की पहली वर्षगांठ श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 5 जुलाई।** राज भवन परिसर में आज भगवान श्रीराम की दिव्य प्रतिमा की स्थापना की पहली वर्षगांठ श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की।

लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला भी इस अवसर पर उपस्थित थीं।

राज्यपाल ने भगवान श्रीराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष पूजा में भाग लिया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि भगवान श्रीराम की यह दिव्य प्रतिमा मर्यादा पुरुषोत्तम के आदर्शों का प्रतीक है। भगवान श्रीराम के जीवन से हमें सत्य, धर्म, विनम्रता और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है।

राज्यपाल ने कहा कि राम राज्य की भावना को प्रत्येक व्यक्ति के हृदय और घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि श्रीराम के शासन की भांति सुशासन, करुणा और निःस्वार्थ सेवा आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं और इन्हीं मूल्यों को समाज में प्रसारित करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव सी.पी. वर्मा सहित राज भवन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# सराज घाटी में बाढ़ व भूस्खलन से प्रभावितों को अभिलाषी विवि और अभिलाषी शिक्षण समूह ने पहुंचाई राहत

अर्थ प्रकाश/गोविन्द ठाकुर



**नेरचौक, 5 जुलाई।** भारी वर्षा के कारण सराज घाटी के थुनाग और बगस्याड़ क्षेत्रों में आई बाढ़ और भूस्खलन से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। संकट की इस घड़ी में अभिलाषी विश्वविद्यालय एवं अभिलाषी शिक्षण समूह, मंडी ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए राहत सामग्री वितरण का बीड़ा उठाया है।

राहत सामग्री वितरण में 25 क्विंटल राशन की 100 किटें, 100 कंबल, 100 तिरपाल, 35 सोलर लाइट जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुएँ शामिल हैं।

अभिलाषी शिक्षण समूह के अध्यक्ष डॉ आर के अभिलाषी ने कहा, 'हम शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व को भी गंभीरता से लेते हैं। यह हमारा कर्तव्य है कि आपदा की इस घड़ी में हम अपने क्षेत्रवासियों की हर संभव सहायता करें । अभिलाषी ग्रुप प्रशासन की हर संभव सहायता के लिए हमेशा तैयार रहेगा।

साथ ही उन्होंने बताया कि संत निरंकारी मण्डल, डडौर, सेवादल से लगभग 40 लोग बाढ़ग्रस्तों के राहत कार्य शिविर में लगातार जुटे हैं।

प्रशासन के अधिकारियों ने भी इस कठिन समय में राहत कार्यों में सहयोग करने हेतु अभिलाषी संस्थान की सराहना की और इसे सामुदायिक सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. आर. के. अभिलाषी, प्रो चांसलर डॉ. एल. के. अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रो. एच. के. चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, जीनीयस एजुकेशन सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसाइटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी तथा सचिव नरेंद्र कुमार भी इस मानवीय सेवा के कार्य में विशेष रूप से सक्रिय रहे।

### आवेदन तिथि 14 जुलाई तक बढ़ाई गई


**सोलन, 5 जुलाई (अप्रस)।** प्रदेश के परिवहन विभाग द्वारा 350 चयनित मार्गों पर स्टेज कैरिज बस रूट के संचालन के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि को 14 जुलाई, 2025 तक बढ़ा दिया गया है। यह जानकारी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोलन कविता ठाकुर ने दी। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा इन 350 चयनित मार्गों पर स्टेज कैरिज बस रूट के संचालन के लिए 09 जून से 30 जून, 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इस आवेदन तिथि को 14 जुलाई, 2025 तक बढ़ाया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने कहा कि चयनित मार्गों की सूची और इन रूटों के आबंटन प्रक्रिया के नियम व शर्तों का विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाइट https://online.himachaltransport.hp.gov.in/publiclogin पर उपलब्ध है।

# हिमाचल में 5 एचएएस अधिकारी बदले

## अपराजिता चंदेल को एसी-2 डीसी चंबा बनाया

7 ब्लाक डवलपमेंट ऑफिसर को एचएएस प्रमोट किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 5 जुलाई।** हिमाचल सरकार ने शनिवार को 5 एचएएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया है। 6 बीडीओ को प्रमोट करके एचएएस बनाया गया। सरकार ने एसी से डीसी चंबा पृथी पाल सिंह को एमडी बेकवर्ड क्लास एंड फाइनेंस डिपार्टमेंट कॉरपोरेशन कांगड़ा लगाया है। इसी के साथ विनय धीमान अतिरिक्त कार्यभार से पदमुक्त हो जाएंगे।

एसडीएम सलूनी के लिए अंडर ट्रांसफर चल रही अपराजिता चंदेल को एसी टू डीसी चंबा, एसी टू डीसी कांगड़ा सुभाष गौतम को ओएसडी सैनिक वेलफेयर हमीरपुर लगाया है। उनकी ज्वाइनिंग के साथ दीप्ति मल्होत्रा अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त हो जाएंगी। पोस्टिंग का इंतजार कर रहे बछित्तर सिंह को एसडीएम चच्योट गोहर लगाया है। सरकार ने एसडीएम बंजार पंकज शर्मा के तबादला आदेश रद्द किए है। इनकी कफोटा सिरमौर के लिए ट्रांसफर की गई थी। सरकार ने असिस्टेंट कमिश्नर कम बीडीओ बंगाणा ऊना हिमानी असिस्टेंट कमिश्नर कम बीडीओ छोहारा शिमला लगाया है।

### इन बीडीओ को एचएएस प्रमोट किया गया

राज्य सरकार ने रात बीडीओ ऑफिसर को एचएएस प्रमोट किया है। इनमें कल्यानी गुप्ता, जगदीप सिंह, अभिषेक मित्तल, कीर्ति चंदेल, जयबंती देवी, चंद्रवीर सिंह और ओम प्रकाश शामिल है।

# प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे सराज को पटरी पर लाने के लिए आर्मी ने संभाला मोर्चा

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा



**गोहर 5 जुलाई।** प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे सराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग में आज आर्मी ने मोर्चा संभाल लिया है ।वैसे तो पूरे प्रदेश में प्राकृतिक आपदा ने कहर ढाया है मगर सबसे ज्यादा प्रभावित सराज विधानसभा क्षेत्र हुआ है।थुनाग में तो पूरे का पूरा बाजार ही बाढ़ की भेंट चढ़ गया है कई मकान कई व्यापारिक संस्थान सरकारी कार्यालय दर्जनों गाड़ियां और कई बेशकीमती जिंदगियां इस सलैब में दफन हो गई है। लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त होकर रह गया है। इस अस्त-व्यस्त जनजीवन को पटरी पर लाने के लिए आज आर्मी के जवानों ने मोर्चा संभाला है। आज आर्मी के जवान कई बाधाओं को दूर करते हुए थुनाग पहुंच चुके हैं और वहां की चरमराई हुई व्यवस्था को सुधारने के लिए अनुशासनात्मक ढंग से उन्होंने काम शुरू कर दिया है। आर्मी के पहुंचने से स्थानीय लोगों में एक उम्मीद जगी है कि जल्द ही उनके जीवन की गाड़ी पटरी पर आ जाएगी। जीवन की पूंजी गवा चुके सैंकड़ों परिवारों ने प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है कि यहां की दयनीय स्थिति को देखते हैं उन्होंने आर्मी को थुनाग में भेजा है। ताकि सिराज की बिगड़ी हुई हालत को सुधारने में आर्मी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सके। दूरभाष पर बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष व स्थानीय विधायक जयराम ठाकुर ने बताया कि उन्होंने केंद्र सरकार से भी मांग की है कि सिराज सहित पूरे प्रदेश की इस प्राकृतिक आपदा से जो दुर्दशा हुई है उसे सुधारने के लिए विशेष राहत पैकेज दिया जाए ताकि हिमाचल के लोग अपने जीवन यापन को सुचारू बनाने के लिए अपने जीवन की गाड़ी को पटरी पर लाने के लिए फिर से अपनी आजीविका कमाने के लिए तैयार हो सके। जयराम ठाकुर ने बताया प्रदेश में सबसे ज्यादा आपदा से उनका विधानसभा क्षेत्र सराज प्रभावित हुआ है। जिसमें थुनाग जंजैहली बगस्याड शरण मुरहाग शिल्ही बागी च्युणी चेत छतरी का इलाका बहुत प्रभावित हुआ है। यहां पर लोगों को संभालने के लिए दशकों लग जाएंगे। उन्होंने सराज की जनता को कहा हम उनके साथ हर हाल में खड़े हैं और हमेशा उनके साथ सुख-दुख में खड़े रहेंगे । जयराम ठाकुर ने सराज के लोगों से आग्रह किया कि अपने आप को अकेले ना समझे हम हमेशा से उनके साथ थे हमेशा उनके साथ रहेंगे ।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के 17 पदों के लिए साक्षात्कार 05 व 06 अगस्त को होंगे

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 5 जुलाई।** बाल विकास परियोजना सोलन के अंतर्गत संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों में रिक्त पदों की भर्ती के लिए साक्षात्कार 05 व 06 अगस्त, 2025 को आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी बाल परियोजना अधिकारी सोलन कविता गौतम ने दी।

कविता गौतम ने कहा कि आंगनवाड़ी वृत्त सोलन ग्रामीण की ग्राम पंचायत सलोगड़ा के आंगनवाड़ी केन्द्र सलोगड़ा ग्रामीण, आंगनवाड़ी वृत्त सोलन ग्रामीण की ग्राम पंचायत बसाल के आंगनवाड़ी केन्द्र बावरा तथा आंगनवाड़ी वृत्त सोलन अर्बन के नगर निगम सोलन के आंगनवाड़ी केन्द्र सोलन गांव में एक-एक पद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का भरा जाएगा। इसके लिए साक्षात्कार 05 अगस्त, 2025 को बाल विकास परियोजना अधिकारी सोलन के कार्यालय में प्रातः 10.30 बजे आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी वृत्त गम्बरपुर की ग्राम पंचायत जाडली के आंगनवाड़ी केन्द्र कन्यारा, आंगनवाड़ी वृत्त गम्बरपुर की ग्राम पंचायत जाबल-झमरोट के आंगनवाड़ी केन्द्र भरोल, आंगनवाड़ी वृत्त गम्बरपुल की ग्राम पंचायत जाबल-झमरोट के आंगनवाड़ी केन्द्र रोडकोटी, आंगनवाड़ी वृत्त कुमारहट्टी की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर के आंगनवाड़ी केन्द्र घलियाणा, आंगनवाड़ी वृत्त कुमारहट्टी की ग्राम पंचायत चेवा के आंगनवाड़ी केन्द्र हिम्मतपुर तथा आंगनवाड़ी वृत्त सोलन ग्रामीण की ग्राम पंचायत पड़ग के आंगनवाड़ी केन्द्र दाउंसी में एक-एक पद आंगनवाड़ी सहायिका का भरा जाएगा। इसके लिए साक्षात्कार 05 अगस्त, 2025 को बाल विकास परियोजना अधिकारी सोलन के कार्यालय में प्रातः 10.30 बजे आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी वृत्त देवठी की ग्राम पंचायत डांगरी के आंगनवाड़ी केन्द्र कोठी देवरा, आंगनवाड़ी वृत्त ओच्छघाट की ग्राम पंचायत सन्होल के आंगनवाड़ी केन्द्र गलानग, आंगनवाड़ी वृत्त ओच्छघाट की ग्राम पंचायत कोठों के आंगनवाड़ी केन्द्र कोठों, आंगनवाड़ी वृत्त ओच्छघाट की ग्राम पंचायत शामती के आंगनवाड़ी केन्द्र कागुड़ी, आंगनवाड़ी वृत्त ओच्छघाट की ग्राम पंचायत नौणी के आंगनवाड़ी केन्द्र ऊंचा गांव, आंगनवाड़ी वृत्त ओच्छघाट की ग्राम पंचायत शमरोड़ के आंगनवाड़ी केन्द्र अम्बड़कोटी, आंगनवाड़ी वृत्त जौणाजी की ग्राम पंचायत सेरी के आंगनवाड़ी केन्द्र बजड़ोल तथा आंगनवाड़ी वृत्त जौणाजी की ग्राम पंचायत सेर बनेड़ा के आंगनवाड़ी केन्द्र सेर बनेड़ा में एक-एक पद आंगनवाड़ी सहायिका का भरा जाएगा। इसके लिए साक्षात्कार 06 अगस्त, 2025 को बाल विकास परियोजना अधिकारी सोलन के कार्यालय में प्रातः 10.30 बजे आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि आवेदनकर्ता को इन पदों के लिए 30 जुलाई, 2025 तक बाल विकास परियोजना अधिकारी सोलन के कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

उन्होंने कहा कि उपरोक्त पदों के लिए उम्मीदवार की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उम्मीदवार के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दस जमा दो या समकक्ष उत्तीर्ण होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन पदों के लिए उम्मीदवार के परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस संबंध में उम्मीदवार को तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार द्वारा जारी एवं प्रतिहस्ताक्षरित आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

उन्होंने कहा कि आवेदक को आवेदन पत्र के साथ आयु, उच्च शैक्षणिक योग्यता, दिव्यांग, विधवा, स्टेट होम अथवा बालिका आश्रम के इनमेट्स, अनाथ, असहाय एवं परित्यक्ता, तलाकशुदा, जिनके पति पिछले 07 वर्षों से लापता हो, जाति प्रमाण पत्र, निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र संलग्न करना चाहिए। उम्मीदवारों को साक्षात्कार के दिन इन सभी प्रमाणपत्रों की मूल प्रतियां भी अपने साथ लानी होंगी।

अधिक जानकारी के लिए इच्छुक उम्मीदवार बाल विकास परियोजना अधिकारी सोलन में व्यक्तिगत रूप से या कार्यालय नम्बर 01792-221640 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# साइबर ठगी में 18.79 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार, भेजा जेल

## फेसबूक पर फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग एड से शुरु हुआ था फर्जीवाड़ा, मुनाफे के बहाने लिया था झांसे में

पुलिस ने पहले आरोपी से रिमांड के दौरान करीब 1 लाख 37 हजार ठगी की रकम करवाई थी फ्रीज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। डीसीपी सृष्टि गुप्ता के नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम टीम सक्रियता से साइबर ठगो की धरपकड़ मे जुटी है। जिसमें साइबर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर युद्धवीर सिंह व जांच अधिकारी एएसआई रविन्द्र कुमार ने टीम की मदद से एक बड़ी साईबर ठगी का पर्दाफाश करते हुए नीतिश कुमार उर्फ जोनी पुत्र किशन लाल वासी राहों रोड जसपाल कॉलोनी, लुधियाना, पंजाब को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने फर्जी कोटल क्यूआईबी एप के जरिए पंचकूला वासी जगमेन्द्र सिंह पुत्र महासिंह वासी सेक्टर-12 पंचकूला से ऑनलाइन ट्रेडिंग और आईपीओ में निवेश के नाम पर करीब 18,79,000 की धोखाधड़ी की। जिसमें एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

पीड़ित ने शिकायत में बताया था कि फेसबुक पर आए एक ऑनलाइन ट्रेडिंग एड से शुरू हुआ यह फर्जीवाड़ा, व्हाट्सएप ग्रुप और एप डाउनलोड कराने के बाद धीरे-धीरे पीड़ित की मेहनत की कमाई हड़पने में बदल गया। फर्जी स्थ्रक्छ्ठ सर्टिफिकेट, बैंक अकाउंट्स, और लोक-लुभावने मुनाफे के वादे के जरिए उसे झांसे में लेकर कई बार उसके विभिन्न बैंक खातों से रकम ट्रांसफर कराई गई। जब पीड़ित ने रकम निकालने की कोशिश की, तो आरोपी ने पेनल्टी और ब्रीच ऑफ कॉन्ट्रैक्ट जैसी बातों से डराने की कोशिश की।

शिकायत मिलने पर थाना साइबर अपराध द्वारा दिनांक 19.06.2025 को बीएनएस की धाराओं 316(2), 318(4), 319(2), 338, 336(3), 340(2), 61(2) के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने दूसरे आरोपी को 2 जुलाई को गिरफ्तार कर माननीय अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। वह साइबर ठगी के लिए लोगों




से बैंक खाते खरीदकर इन सरगनाओं को देता था। आज रिमांड खत्म होने के पश्चात आरोपी को आज अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत भेज दिया है।

इसी मामल में पुलिस ने पहले 21 जून को आरोपी विजय कुमार पुत्र स्व. रणधीर गौड़ वासी गांव श्यामडी तहसील गोहाना जिला सोनीपत हाल किरोयेदार गांव कोट पंचकूला को गिरफ्तार किया था। 22 को कोर्ट में पेश कर रिमांड के दौरान पूछताछ की थी और 25 जून को ज्यूडिशल भेज दिया था। पुलिस ने रिमांड के दौरान आरोपी के 2 बैंक खातो से करीब 1लाख 37 हजार रुपये फ्रीज करवाये थे। आरोपी ठगी के लिए अपना अकाउंट मुहैया करवाया था और उसकी एवज में रकम लेता था। इस मामले की जांच एएसआई रविन्द्र कुमार द्वारा की जा रही है जिन्होने कड़ी मेहनत से दोनो आरोपियों को पकड़ने में अहम भूमिका निभाई है।

फिलहाल दूसके आरोपी नीतिश कुमार उर्फ जोनी को ज्यूडिशियल रिमांड पर सैंट्रल जेल अंबाला भेज दिया गया है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे फर्जी ऐप्स, लिंक और मुनाफे के झांसे में आने से बचें और किसी भी संदिग्ध लेन-देन की जानकारी तुरंत साईबर हेल्पलाइन 1930 पर दें।

डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि ऑनलाइन ठग अब पहले से कहीं ज़्यादा पेशेवर और तकनीकी रूप से सक्षम हो गए हैं। ये अपराधी नकली वेबसाइट, फर्जी ऐप और लालच भरे वादों से आमजन को अपने जाल में फंसाते हैं। मेरा सभी नागरिकों से आग्रह है कि कोई भी वित्तीय लेन-देन करने से पहले संबंधित कंपनी या व्यक्ति की प्रमाणिकता की पुष्टि अवश्य करें। याद रखें, ज्यादा मुनाफे का वादा अक्सर धोखाधड़ी की शुरुआत होता है। अगर किसी लिंक, कॉल या मैसेज में निवेश या धन कमाने का झांसा दिया जा रहा है, तो उस पर आंख मूंदकर विश्वास न करें। संदिग्ध लगने पर तुरंत 1930 सायबर हेल्पलाइन पर संपर्क करें या नजदीकी पुलिस थाने में सूचना दें। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए 24×7 तत्पर है। जागरूक नागरिक ही सुरक्षित समाज की नींव होते हैं।

# शहर के आशियाना फ्लैट्स होंगे चकाचक, कई वर्षों बाद होगा पेंट और प्लास्टर, बनी रूप रेखा

महापौर कुलभूषण गोयल ने कार्य को लेकर किया निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



पंचकूला। शहर में बने 2072 आशियाना फ्लैट्स के हालात अब बदलने वाले हैं। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा शहर में इन आशियाना फ्लैट्स में पेंट, प्लास्टर के कार्य करवाने के लिए टेंडर आवंटित कर दिया है। पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने शनिवार को इस कार्य को लेकर बनाई गई रूपरेखा का निरीक्षण किया और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उच्च क्वालिटी का पेंट और प्लास्टर होना चाहिए, ताकि आने वाले कई सालों तक लोगों को परेशानी ना हो। कुलभूषण गोयल ने निर्देश दिए कि आशियाना फ्लैट्स के बाहर की तरफ बालकोनी और दीवारों पर सुंदर रंग किया जाए, ताकि दूर से ही इन फ्लैट्स की खूबसूरती दिखाई दे। कुलभूषण गोयल ने बताया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने दो टेंडर लगाकर इसका कार्य आवंटित किया है, जिसमें सेक्टर 20 में 960 फ्लैट्स और गांव अभयपुर के 256 फ्लैट्स का एक टेंडर 1.88 करोड़ रुपये में आवंटित किया गया है। आशियाना फ्लैट्स सेक्टर 26 में पाकेट ए में 224 और पाकेट बी में 312 एवं सेक्टर 28 के 320 फ्लैट्स का कार्य पौने 2 करोड़ रुपये में आवंटित किया है। पिछले कई वर्षों से पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल इन आशियाना फ्लैट्स की हालत सुधारने के लिए प्रयासरत थे। उनके द्वारा समय-समय पर अधिकारियों के साथ बैठक की गई, क्योंकि आशियाना फ्लैट्स में रहने वाले लोग कई बार उनसे मुलाकात करके इन फ्लैटों की हालत सुधारने के लिए संपर्क कर चुके थे। कुलभूषण गोयल ने नगर निगम की बैठक में भी इन आशियाना फ्लैट्स की खस्ता हालत को सुधारने के लिए प्रस्ताव पास करवाया था। इसके बाद हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को यह प्रस्ताव भेजा गया था और अब प्राधिकरण द्वारा लगभग 3 करोड़ 65 लाख रुपये के कार्यों की मंजूरी के बाद टेंडर को आवंटित कर दिया गया है। आशियाना फ्लैट्स में रहने वाले लोगों ने महापौर कुलभूषण गोयल का आभार व्यक्त करते हुए आग्रह किया कि यह कार्य जल्द से जल्द पूरा कर दिया जाना चाहिए, ताकि दीवाली से पहले यह फ्लैट्स चमकदार हो जाएं। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा आशियाना फ्लैट्स के अंदर की सड़कों की रीकारपेटिंग, रोड गली की सफाई, फुटपाथ एवं पार्कों के सौंदर्यीकरण का कार्य भी करवाया जाएगा। कुलभूषण गोयल ने बताया कि लगभग चार अलग-अलग टेंडर नगर निगम द्वारा लगाए जा रहे हैं, जिन्हें तुरंत आवंटित करने के लिए निर्देश जारी कर दिए गए हैं और जल्दी यह कार्य भी नगर निगम द्वारा करवा दिए जाएंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, एक्सईएन एनके पायल, मंडल प्रधान सिद्धार्थ राणा, पार्षद संदीप सोही, जय कौशिक, सुरेश वर्मा, महामंत्री आनंद और पुष्पा सिंगरोहा, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता जसवीर गोयत सहित अन्य उपस्थित रहे।

# डांस का महासंग्राम: पिंजौर की शिवांगी पटेल ने जीता फाइनल, विधायक ने दी शुभकामनाएं



अर्थ प्रकाश/जग्गी

कालका। देश के विभिन्न राज्यों से आए डांस कलाकारों के बीच आयोजित 'डांस का महासंग्राम ङ्क किसमें कितना है दम' प्रतियोगिता में पिंजौर निवासी रामदयाल की पुत्री शिवांगी पटेल ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस उपलब्धि को लेकर क्षेत्र में खुशी की लहर है। प्रतियोगिता में अपनी जीत के बाद शिवांगी पटेल अपने कोरियोग्राफर रिदम डांस व फिटनेस स्टूडियो पिंजौर के विजय चांदला के साथ विधायक शक्ति रानी शर्मा के निवास स्थान पर मुलाकात करने पहुंचीं। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता चिंतन वर्मा भी उनके साथ मौजूद रहे। विधायक शक्ति रानी शर्मा ने शिवांगी की सफलता पर बधाई देते हुए उनकी सक्सेस जर्नी की जानकारी ली और कहा कि इस तरह की प्रतिभाएं पिंजौर को एक नई पहचान दिला रही हैं। उन्होंने शिवांगी को भविष्य में और भी ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर भाजपा युवा नेता चिंतन वर्मा ने कहा, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे क्षेत्र की बेटी ने इतने बड़े मंच पर न केवल पिंजौर व कालका का नाम रोशन किया, बल्कि अपने माता-पिता को भी गौरवान्वित किया है।

## 32वां मेंगो मेला के दूसरे दिन भी लोगों में भारी उत्साह

# आमों के शौकीन लोगों ने विभिन्न किस्मों का चखा स्वाद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। 32वें मेगों मेले के दूसरे दिन पिंजौर के यादविंद्र गार्डन में फलों के राजा आम को देखने वालों हजूम उमड़ा रहा। बड़ी संख्या में छात्र विभिन्न स्कूली प्रतियोगिताओं की प्रतिभा दिखाने के लिए उत्सुक रहें। मेले में पहुंचे आम के शौकीन लोगों ने विभिन्न प्रदर्शनी में शामिल आमों की किस्मों को आमों के रंग, प्रकार ओर बनावट जैसी भौतिक विशेषताओं के आधार पर विविध प्रकार की किस्मों को देखा ओर ब्रिकी काउंटरों पर आम के शौकीनों ने आमों को खूब पसंद किया ओर स्वाद भी चखा। आमों की प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यों से किसान आम की किस्मों को लेकर शामिल हुए। जिसमें लंगडा, सुंदरा, रटोल, चौसा, दशहरी, सफेदा, गुलाब, खास, बारामासी, दिलकश, फाजिल, आम्रपाली, महक, मोहनबाग, मालदा गुलाब जामुन, मलिका, गुलाब खास, सिंदूरी व रसपुनिया जैसी किस्में शामिल रही।



### विभाग का उदेश्य किसानों को फलों की उच्च किस्में उपलब्ध कराना: महानिदेशक

डॉ. रणबीर सिंह, महानिदेशक, उद्यान ने बताया कि केन्द्र का उदेश्य प्रदेश के किसानों को विभिन्न फलों के उच्च किस्मों के पौधें उपलब्ध कराना है, जिसमें कम समय में बढ़िया फल किसानों को मिल सकें और बाजार में उनके फलों की मांग के साथ-साथ उन्हें बढ़िया दाम भी मिल सकें। महानिदेशक ने कहा कि मेंगो मेला 32 वर्षों से आयोजित किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि इस मेले का उदेश्य जहां आम की विभिन्न किस्मों को शामिल करना होता है, वहीं मेले में पहुंचे आम उत्पादकों को बढ़िया किस्मों को देखने व समझने का अवसर मिलता है, जिनकी बाजार में अधिक मांग होती है। ऐसे में यह आम उत्पादक भी बढ़िया आम की किस्मों की ओर अग्रसर हो रहे हैं और आम के ऐसे बागों को लगाने का विचार करते हैं। जो उच्च गुणवत्ता की फसल के साथ-साथ बाजार में उन्हें अच्छा मूल्य दिला सकें। डॉ. रणबीर ने कहा कि इस प्रकार के मेले अन्य किसानों को प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

**शिल्प बाजार लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र:** शिल्प बाजार में पहुंचे लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। जहां वह अपने पंसदीदा सामान खरीदते देखे जा सकते हैं। शिल्प बाजार में बेचे जा सारा सामान बच्चों व बड़े दोनों को पसंद आ रहे हैं। इसमें बड़े लोग अपने बचपन को याद कर रहे हैं। जबकि बच्चों को खिलौने लुभा रहे हैं। फूड कोर्ट भी खाने के लिए शौकीनों के लिए बेहतरीन खाना परोस रहा है। असली स्टीट फूड खाने के शौकीन लोगों के लिए यहां बहुत विकल्प है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शक का किया मनोरंजन:** तीन दिवसीय मेगों मेले में दूसरे दिन पहुंचे लोगों ने मनोरंजन का भरपूर लुत्फ उठाया। शाम को पंजाबी संगीतकारों ने कार्यक्रमों में समां बांधा रखा। दर्शकों की भीड़ देखने लायक थी। इसके अलावा स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम भी काफी शानदार रहें। मेला में प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से पर्यटक भी पहुंचे। लोगों ने मेला में लगे बाजार में जमकर खरीददारी करी। इसके अलावा तीन दिन चले इस मेला में दर्शकों ने फूड कोर्ट में लगाए गए व्यजनों को लुत्फ उठाया।

# जीरकपुर ग्रीन्स ने धूमधाम से मनाया अन्नपूर्णा दिवस



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर।** इनर व्हील क्लब जीरकपुर ग्रीन्स के सदस्यों द्वारा नव सत्र की शुरुआत में सर्वप्रथम माता मनसा देवी मन्दिर जाकर माथा टेककर माता का आशीर्वाद लिया गया तथा नवसत्र की शुभ शुरुआत की कामना की गई।

क्लब अध्यक्ष निहारिका गर्ग ने उपस्थित सभी को पर्यावरण सुरक्षा व स्वच्छता जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

तत्पश्चात स्लम बच्चों को लंगर खिलाया गया व उन्हें खाद्य सामग्री फ्रूट्स, जूस, बिसकिट्स, चिप्स वितरित किये गए। कार्यक्रम में अध्यक्ष निहारिका गर्ग, उपाध्यक्ष अनिता भारद्वाज, सचिव अनुराधा शर्मा, एडिटर हिमाक्षी, सदस्या वीना गुप्ता, संध्या, आशा शर्मा,उर्मिला गर्ग, पूजा, सुनीता व अन्य उपस्थित रहे। इनर व्हील क्लब एक अंतरराष्ट्रीय महिला आर्गेनाइजेशन है जो समाजसेवी कार्यों में अग्रणी रहती है।

# प्रेमलता की अगुवाई में चंडीगढ़ में वृक्षारोपण अभियान शुरू



फोटोः अजय चौधरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। शनिवार को चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से वन महोत्सव के शुभारम्भ के अवसर पर आज सुबह सैक्टर 43 और सैक्टर 35 के ग्रीन बैल्ट में एरिया पार्षद प्रेमलता के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया, इस अवसर पर एस डी ओ किरण दीप, रेजिडेंट वेलफेयर के प्रधान राजेश राय, अमरजीत सिंह सीबीआ,अशोक पराशर, विक्रम चोपड़ा, नरेश सलवान, जसविंदर सिंह, सुभाष नंदरा, सर्व शर्मा, एम एल गोयल, पूनम, रोशन लाल गांधी, सेवा सिंह, अवतार सिंह , एच एस तुंग तथा अन्य सैक्टर निवासियों ने इसमें भाग लिया।

# वन महोत्सव पर पंजाब फॉरेस्ट डिपार्टमेंट व अर्पण ट्रस्ट ने नाडा व पड़छ के जंगलों में 8 हजार सीड बॉल प्लांटेशन किया

अर्थ प्रकाश/जे.के. बत्ता

**न्यू चंडीगढ़।** वन महोत्सव के अवसर पर पंजाब फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की एस.ए.एस. रेंज और अर्पण ट्रस्ट एनजीओ ने मिलकर गांव नाडा और पड़छ के जंगलों में करीब 8000 सीड बॉल प्लांटेशन किया। इस पर्यावरणीय पहल में ब्लॉक ऑफिसर बलदेव सिंह, अमन कुमार और कंवरदीप सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई।

कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देना था। अधिकारियों ने बताया कि यह मुहिम आने वाले समय में और भी तेज़ होगी, जिसमें 40,000 सीड बॉल प्लांटेशन की योजना है। इस अवसर पर ग्रामीणों को वृक्षारोपण के महत्व के बारे में बताया गया और



स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की गई। अर्पण ट्रस्ट व पंजाब फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की यह संयुक्त पहल एक हरित और सतत भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# एसडी कॉलेज में मना वन महोत्सव, 50 से अधिक पौधे लगाए गए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज ने शनिवार को कॉलेज परिसर में वन महोत्सव मनाया। यह कार्यक्रम चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा शुरू किए गए मेगा-प्लांटेशन ड्राइव और मिशन लाइफ - 'लाइफस्टाइल फॉर एन्वायरमेंट' के साथ जुड़ा था, जिसका लक्ष्य ग्रीन कवर एरिया को बढ़ाने के लिए एक लाख पेड़ लगाना था। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने नीम का पेड़ लगाकर अभियान की शुरुआत की, जिसे एक शुभ वृक्ष माना जाता है जो दीर्घायु का प्रतीक है और कार्बन अवशोषण के लिए महत्वपूर्ण है। पौधरोपण अभियान के दौरान अमरूद, नींबू, आम, मोरिंगा, कैसिया, जामुन, हिबिस्कस, चांदनी आदि की विभिन्न प्रजातियों के 50 से अधिक पौधे लगाए गए। डॉ. अजय शर्मा ने पेड़ लगाने और शहर की हरियाली बढ़ाने में मदद करने




पर जोर दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि युवाओं को पौधारोपण और जागरूकता कार्यक्रमों से जोड़ा जाना चाहिए, जिससे दूसरों को हमारे पर्यावरण के प्रति अपने सामाजिक और नैतिक कर्तव्य का एहसास होगा। एनएसएस क्लब, पर्यावरण सोसायटी 'हरितिमा', ग्रीन कैंपस कमेटी, कॉलेज आईआईसी और एनसीसी कैडेट्स के स्वयंसेवकों के साथ कॉलेज स्टाफ को इस अनूठे सामाजिक अभियान का हिस्सा बनने और 'ग्रीन एंबेसडर' के रूप में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

वनरोपण और संरक्षण को बढ़ावा देने के प्रयास में, स्वयंसेवकों ने आम, जामुन, आड़ू और मुरैना के बीजों की सीड बॉल्स भी तैयार कीं, जिन्हें लोगों को निचले गड्ढों और खाली क्षेत्रों में छिड़कने के लिए वितरित किया गया। यह पहल वनों की सुरक्षा और पुनर्स्थापना में सामूहिक कार्रवाई के महत्व पर केंद्रित थी, जो सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 15 - 'लाइफ आन लैंड' के साथ सीधे तौर पर संरेखित थी।

# नया सवेरा का हाइजीन अभियान धनास में आयोजित



फोटोः अजीत कौशल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** संस्था नया सवेरा वेलफेयर सोसायटी द्वारा शिफाज़ फाउंडेश न के सहयोग से धनास में 100 महिलाओं को मेंसुरेशन हाइजीन के बारे में जानकारी दी और साथ-साथ सेनेटरी पैड वितरित किए गए और साथ ही में टीन एज ग्रुप की लड़कियों को मेंसुरेशन कॉमिक बुक भी दी गई इस मौके पर संस्था की अध्यक्षा नजमा खान, शिफाज फाउंडेशन की फाउंडर जसकीरत, पूर्णिमा संजू रेखा हर्षदीप उपस्थित रहे संस्था की अध्यक्षा नजमा खान ने बताया कि वह हर महीने गरीब परिवार की महिलाओं और लड़कियों को मुफ्त सेनेटरी पैड देती है इसके अलावा संस्था बच्चों को पढ़ाई में भी मदद करती है बच्चों को सालों से मुफ्त ट्यूशन देने का भी काम कर रही है हम उनके जज्बे को सलाम करते हैं।

# प्लेटिनम होम्स सोसायटी की दीवार के साथ पानी भरने से फ्लैटों की नींव हो रही कमजोर

अधिकारी एक दूसरे पर बात डालकर झाड़ रहे हैं अपना पल्ला

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर।** पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण प्लेटिनम होम्स सोसायटी के फ्लैटों की दीवार के साथ खाली पड़े खेतों में करीब पांच से छह फुट पानी जमा हो गया है, जिसकी कोई निकासी नहीं है। इसलिए बुधवार को प्लेटिनम होम्स के निवासी ओंकार सिंह सैनी के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों ने इस खाली पड़े प्लाट से पानी की निकासी के लिए नगर परिषद जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी को





मांग पत्र दिया था। इस संबंध में ओंकार सिंह सैनी ने कहा कि अगर ओर बारिश हुई तो उनकी सोसायटी में बने फ्लैटों को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने मांग की थी कि जल्द से जल्द इस बरसाती पानी को निकाला जाए, ताकि किसी भी निवासी को नुकसान न पहुंचे। उन्होंने बताया कि नगर परिषद अधिकारियों को तीन दिन पहले मिलकर मांग पत्र दिया था और उसके बाद कार्यकारी अधिकारी द्वारा नगर परिषद के मुलाजिमों को भेजा गया था जो के मौका देखकर वापस चले गए लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया। इस पानी से हमारे फ्लैटों की नीव भी कमजोर हो रही है जिसकी जिम्मेदारी नगर परिषद जीरकपुर की होगी। इस मौके ओंकार सिंह सैनी, अनिल शर्मा,तरसेम सिंह, निखिल, सतीश आदि ने नगर परिषद से उनकी समस्या का जल्द और स्थाई समाधान करने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि बरसात के मौसम में प्लेटिनम होम्स सोसायटी से सटे इस प्लाट में हर साल की तरह इस साल भी पानी भरा है, जिसे निकालने के लिए सोसायटी के निवासियों को हर बार मशक्कत करनी पड़ती है। पिछले साल भी बारिश के दौरान इस जगह पर काफी समय तक पानी खड़ा रहने के कारण सोसायटी के कुछ फ्लैट क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिसके बाद नगर परिषद ने पंप लगाकर पानी को यहां से निकाला था। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि प्लेटिनम होम्स सोसायटी के निर्माण के कारण यह जगह काफी गहरी हो गई थी, इसलिए आगे जल निकासी नहीं हो सकती, जिसके कारण हर साल पंप लगाकर यहां से पानी निकालना पड़ता है।

**लोगों की शिकायत पर हमने मौका देख लिया है। यह पानी प्लैटिनम होम्स सोसायटी में नहीं भरा हुआ बल्कि सोसाइटी के बाहर किसी की निजी जमीन में भरा हुआ है। किसी की निजी जमीन से पानी को निकालना उसे जमीन के मालिक का काम है नगर परिषद का नहीं।**
**रामगोपाल, सेनेटरी इंस्पेक्टर नगर परिषद जीरकपुर।**

# आत्मनिर्भर नारी शक्ति का उदाहरण बना प्रगतिशील टैगोर स्वयं सहायता समूह

- विश्व मंच तक पहुंची बनारसी देवी के नेतृत्व की असाधारण गाथा
- अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हरियाणा का नाम रोशन कर रही बवानिया गांव की खिचड़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिला के गांव बवानिया से निकली 'प्रगतिशील टैगोर स्वयं सहायता समूह' की कहानी आज पूरे प्रदेश और देश की महिलाओं के लिए एक अमर प्रेरणा बन चुकी है। यह कहानी है बनारसी देवी और उनके समूह की उन मेहनती महिलाओं की है जिन्होंने अपने सामूहिक प्रयास, अटूट विश्वास और हरियाणा सरकार की दूरदर्शी नीतियों के सहयोग से आत्मनिर्भरता की एक नई इबारत लिखी है। आज यह समूह न केवल 300 से अधिक महिलाओं को सम्मानजनक रोजगार दे रहा है बल्कि उनके द्वारा निर्मित उत्पादों की ख्याति देश की सीमाओं को लांघकर अमेरिका और जापान जैसे दूर देशों तक पहुंच चुकी है।

इस स्वयं सहायता समूह की यात्रा वर्ष 2001 में शुरू हुई जब बनारसी देवी ने अपने गांव की महिलाओं को संगठित कर आत्मनिर्भर बनने का सपना देखा। इसी सपने को साकार करने के लिए उन्होंने प्रगतिशील टैगोर स्वयं सहायता समूह की नींव रखी। वर्ष 2005 में इस समूह की विकास यात्रा ने गति पकड़ी। इसके बाद वर्ष 2017 में उन्होंने गांव की महिलाओं को अचार बनाने का कौशल सिखाया। इस शुरुआती सफलता से उत्साहित होकर समूह की महिलाओं को करनाल स्थित बागवानी प्रशिक्षण संस्थान में उन्नत प्रशिक्षण के लिए भेजा गया जहां उन्होंने उत्पादों की गुणवत्ता और पैकेजिंग के गुर सीखे।

हरियाणा सरकार के 'राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन' का सहयोग समूह के लिए एक गेम-चेंजर साबित हुआ। इसी योजना के तहत वर्ष 2021 में समूह को दाल प्रसंस्करण के लिए एक मिनी दाल मिल उपलब्ध करवाई गई जिसने उनके उत्पादन क्षमता में क्रांति ला दी। धीरे-धीरे समूह ने अपनी गतिविधियों का विस्तार किया और महिला किसान संगठन से जुड़कर मोटे अनाज (मिलेट्स) और ऑर्गेनिक उत्पादों के उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया।

बनारसी देवी के कुशल नेतृत्व में समूह की महिलाओं ने बाजरे, ज्वार, रागी से बने स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद जैसे बाजरा खिचड़ी, बेसन, हल्दी व मसाले, तेल और गुड़ तैयार करना सीखा। आज इस समूह की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता का ही नतीजा है कि उनके उत्पादों की मांग न केवल हरियाणा बल्कि दिल्ली, चंडीगढ़, गुजरात, गोवा, जापान, अमेरिका और सिंगापुर जैसे देशों तक है। समूह द्वारा तैयार की गई बाजरा की खिचड़ी अपनी पौष्टिकता और स्वाद के कारण इतनी लोकप्रिय हुई है कि यह अब अमेरिका तक पहुंच चुकी है और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हरियाणा का नाम रोशन कर रही है।

प्रगतिशील टैगोर स्वयं सहायता समूह ने न केवल अपने सदस्यों को ही सशक्त किया है बल्कि बनारसी देवी के नेतृत्व में अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त किया है। समूह ने हरियाणा और राजस्थान में समय-समय पर प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन कर 100 से अधिक महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित करने का मार्गदर्शन दिया है। इन शिविरों में महिलाओं को मोटे अनाज से विभिन्न खाद्य उत्पाद तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है जिससे वे भी आत्मनिर्भर बन सकें। बनारसी देवी का योगदान केवल आर्थिक सशक्तिकरण तक ही सीमित नहीं है। उनकी समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उनके अभूतपूर्व योगदान को हरियाणा सरकार ने भी खुले दिल से सराहा है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया जा चुका है।

### अब किसान उत्पादक संगठन बनाने की योजना

बनारसी देवी का कहना है कि हरियाणा के कृषि विज्ञान केंद्र से मिले मार्गदर्शन ने प्रगतिशील टैगोर स्वयं सहायता समूह के छोटे से प्रयास को एक बड़े आंदोलन का रूप दे दिया है। भविष्य की ओर देखते हुए समूह एक किसान उत्पादक संगठन बनाने की योजना पर भी कार्य कर रहा है। यह पहल न केवल गांव बवानिया बल्कि पूरे महेंद्रगढ़ जिले की ग्रामीण महिलाओं को लाभान्वित करेगी और उन्हें स्थायी रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। यह कदम हरियाणा सरकार की कृषि और ग्रामीण विकास नीतियों के अनुरूप है जो किसानों और विशेषकर महिला किसानों को संगठित कर उन्हें बाजार से सीधे जोड़ने पर केंद्रित है। इस समूह में प्रधान भागवंती, सचिव कृष्णा देवी, कोषाध्यक्ष रेखा देवी, चलती, माया, सविता, मंजू, राजबाला, सुमन, सुषमा, रेनू यादव, गायत्री, सविता, रेनू देवी, संतोष, ललिता देवी जैसी कई सशक्त महिलाएं महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

## गांव गढ़ी केसरी पर किए जा रहे अवैध निर्माण ध्वस्त

# अवैध कॉलोनियों का निर्माण करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर : डीटीपी अजमेर सिंह

- जनसाधारण को जागरूक करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाए

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) ने शुक्रवार को गांव गढ़ी केसरी की राजस्व सीमा में सुरक्षा इन्कलैव के सामने लगभग 5 एकड़ भूमि पर 11 डीपीसी व 1 बाउण्डरी वॉल विकसित कर अवैध कॉलोनियों के निर्माण किया जा रहा था। जिस पर कार्रवाई करते हुए 11 डीपीसी व 1 बाउण्डरी वॉल को ध्वस्त किया गया। डीटीपी अजमेर सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सडक, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे आपकी मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि संबंधित कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत है अथवा नहीं।डीटीपी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी अवैध निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा जिले के सभी क्षेत्रों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और यदि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी विकसित करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। तोड़फोड़ की इस कार्यवाही के दौरान विभाग की इन्फोर्समेन्टटीम द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा की जा रही तोड़फोड़ में और सख्ती बरती जायेगी ताकि अवैध कालोनी काटने व उसमें निर्माण करने वाले मंसूबे पूरे न हो सकें और समय रहते पनप रहे अवैध निर्माण को तोड़ा जा सके। यहाँ यह भी बताया जाता है कि सभी अवैध कालोनियों में जनसाधारण को जागरूक करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाये जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि कोई भी नागरिक अवैध कॉलोनियों से संबंधित शिकायत या जानकारी के लिए सेक्टर-15 स्थित हुड्डा कॉम्प्लेक्स की पहली मंजिल पर जिला नगर योजनाकार कार्यालय में संपर्क कर सकता है।

# दिव्यांगों और बुजुर्गों को मुफ्त मिलेंगे सहायक उपकरण : विधायक कादियान

- आज सुबह 10 से 4 बजे तक जाट धर्मशाला के अलावा पांची जाटान में लगेगा शिविर

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



गन्नौर। दिव्यांगजनों और बुजुर्गों को सहायक उपकरण देने के लिए खेड़ी रोड स्थित जाट धर्मशाला में रजिस्ट्रेशन शिविर लगाया गया। यह शिविर एलिम्को आसरा सोनीपत द्वारा विधायक देवेंद्र कादियान के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्रवीन लांबा ने की। दो दिवसीय शिविर के पहले दिन करीब 50 जरूरतमंदों ने पंजीकरण कराया।

आज रविवार को भी शिविर जारी रहेगा। जाट धर्मशाला के साथ-साथ पांची जाटान गांव के प्रेम वर्ल्ड निजी स्कूल परिसर में भी कैंप लगेगा। शिविर में शहर के वार्ड 1, 2, 16 और 17 के लोग पहुंच रहे हैं। प्रवीन लांबा ने बताया कि 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, कमर और घुटनों की बेल्ट, कान की मशीन, डोगे सहित अन्य सहायक उपकरण दिए जाएंगे। वितरण से पहले सभी का पंजीकरण किया जा रहा है।

विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि इच्छुक लोग शिविर में पहुंचकर पंजीकरण कराएं। एक माह बाद जरूरत के अनुसार सभी को मुफ्त उपकरण दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन उपकरणों से दिव्यांगजनों की दिव्यांगता का असर कम होगा। उनका शारीरिक, सामाजिक और मानसिक पुनर्वास होगा। साथ ही उनकी आर्थिक क्षमता भी बढ़ेगी। वे सम्मान के साथ जीवन जी सकेंगे। शिविर को सफल बनाने में डॉ. सूरज, डॉ. मोहित, एलिम्को आसरा से प्रमिला, अंशिका, नेत्रपाल रापडिया और सुनील नैन ने सहयोग दिया।

## अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**सोनीपत (अप्रस)।** जिले की क्राईम यूनिट वेस्ट की पुलिस टीम नें अवैध हथियार की घटना में संलिप्त आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सुनील उर्फ सोनू पुत्र संतराम निवासी छतेहरा बहादुरपुर जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि दिनांक 04 जुलाई 2025 को क्राईम यूनिट वेस्ट की पुलिस टीम मे नियुक्त उप निरिक्षक मनोज अपनी पुलिस टीम के साथ बराये गश्त पड़ताल बिंधरौली रोड़ छतेहरा मोड़ मौजूद था कि खुफिया जानकारी प्राप्त हुई कि सुनील उर्फ सोनू पुत्र संतराम निवासी छतेहरा बहादुरपुर जिला सोनीपत किसी व्यक्ति के इन्तजार मे गांव छतेहरा के.एम.पी फ्लाई ओवर के पास खड़ा है अगर तुरन्त रेड की जाये तो अवैध हथियार सहित काबू आ सकता है। जो प्राप्त सुचना के आधार पर पुलिस टीम बराये रेड गांव छतेहरा के.एम.पी फ्लाई ओवर के पास पहुंची तो प्राप्त जानकारी अनुसार एक नौजवान युवक खड़ा दिखाई दिया। जो पुलिस की गाड़ी को देखकर एकदम घबराकर वापिस मुडकर चलने लगा। पुलिस टीम द्वारा शक की बिनाह पर शख्स को काबू करके नाम पता पुछने पर शख्स ने अपना परिचय सुनील उर्फ सोनू पुत्र संतराम निवासी छतेहरा बहादुरपुर जिला सोनीपत बतलाया।

## मेयर राजीव जैन ने शुरू किया साप्ताहिक स्वच्छता अभियान

# सोनीपत में जुलाई भर चलेगा स्वच्छता अभियान, स्कूलों से लेकर बाजारों तक सफाई का लक्ष्य

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने हर शनिवार स्वच्छता अभियान की शुरुआत भारत माता चौक से करते हुए अधिकारियों को वार्ड अनुसार सघन स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं ताकि गलियों में भी सफाई हो सके।

मेयर ने दिल्ली रोड पर भारत माता चौक से मामा भांजा तथा ककरोई रोड चुंगी से सूरी पेट्रोल पंप वाली गली में कार्यकर्ताओं एवं पार्षद नवीन तंवर, मोनिका नागर के साथ चलाये गए स्वच्छता अभियान के तहत रोजाना साफ एवं होने वाले कूड़े के ढेर उठवाये तथा सड़क किनारे बड़ी हो चुकी घास की भी सफाई करवाई। सूरी पेट्रोल पंप वाली गली में खाली प्लाटों में कई माह से जमे कूड़े को उठवाया गया।

राजीव जैन ने बताया कि स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत 1 से 6 जुलाई तक विशेषकर स्कूलों में बच्चों को स्वच्छता रखने के तौर तरीके सिखाये गए। इसके अतिरिक्त घर घर से स्वच्छता एवं मच्छरों को पैदा होने से रोकने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया गया। 7 से 13 जुलाई तक संस्थाओं द्वारा संचालित पड़ोस में स्वच्छता अभियान, स्वयं सहायता समूहों, एनएसएस/एनसीसी स्वयंसेवकों की सहभागिता, सड़कों की सफाई, कूड़े के काले धब्बों को हटाना, 14 से 20 जुलाई तक सीटी/पीटी में विशेष सफाई अभियान, सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत और रखरखाव, उपयोगकर्ताओं से फीडबैक/समुदाय की निगरानी, 21 से 27 जुलाई तक नालियों और नालों की सफाई और गाद निकालना, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में फॉगिंग/छिड़काव, नालियों में कूड़ा फेंकने के खिलाफ सामुदायिक सतर्कता तथा 28 से 31 जुलाई तक बाजारों, स्ट्रीट फूड, परिवहन केंद्रों की सफाई, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने के खिलाफ अभियान चलाया जायेगा ।

## सट्टा लगाने की घटना में संलिप्त नौ आरोपी गिरफ्तार

सोनीपत (अप्रस)। जिले के थाना खरखौदा की पुलिस टीम ने मकान मे जुआं खेलने व मैच पर सट्टा लगाने की घटना मे संलिप्त नौ आरोपीयों को गिरफ्तार करके कुल 41 हजार 330 रूपये व 11 मोबाईल फोन बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के अन्तर्गत थाना खरखौदा में अभियोग दर्ज किया गया। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 4 जूलाई को थाना खरखौदा की पुलिस टीम मे नियुक्त उप निरिक्षक सौरव को खुफिया जानकारी प्राप्त हुई कि दीपक पुत्र नरेश व सुनील पुत्र नरेश निवासी खरखौदा खाण्डा रोड पर बने अपने मकान मे आस-पास के लडको को बुलाकर जुआं खिलाते है व खुद भी खेलते है और उनके पास हथियार हो सकते है। जो प्राप्त सुचना के आधार पर उप निरिक्षक सौरव अपनी पुलिस टीम के साथ बताई गई जगह पहुँचकर पुलिस की एक टीम ने मकान के पिछले गेट से व दुसरी टीम ने सामने वाले गेट से गेट खोलने बारे आवाज दी ।

### गुमशुदा की तलाश

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, महिन्द्र कौर आधार कार्ड नं. 810805476254 पत्नी श्री कृष्ण लाल निवासी मकान नं. 460/5, अर्बन इस्टेट, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र की रहने वाली हूं और मेरे पति कृष्ण लाल कांची (65) पिछले 10 साल से दिगामी रूप से परेशान है और दिनांक 04-07-2025 को घर से शाम समय करीब 5-6 बजे से लापता है जिसकी काफी तलाश की लेकिन नहीं मिले। वे पीली टी-शर्ट और पैन्ट पहने हुए थे और उनका चेहरा गोल व गेहूवे रंग का हैं। शपथी को फोन नं. 7082614460 पर फोन कर लें। शपथी अपने पति कि गुम होने की रिपोर्ट दर्ज करवाना चाहती है ताकि उनकी तलाश हो सके।



कृष्ण लाल कांची

AP-2417

### सार्वजनिक सूचना

**संपदा अधिकारी, एचएसवीपी पंचकूला के समक्ष**

विषयः आबंटी श्री पवन गुप्ता की बिना वसीयत मृत्यु के उपरान्त निर्मित सम्पति प्लॉट नं० 282, सैक्टर- 20 (पार्ट-II), अर्बन एस्टेट पंचकूला का स्वामित्व के रूप में हस्तांतरण।

रिकार्ड के अनुसार उक्त वर्णित सम्पति के आबंटी श्री पवन गुप्ता की 24-11-2012 को मृत्यु हो गई है तथा उनकी कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं है तथा उनके निम्नलिखित कानूनी वारिस है- 1.अजय गुप्ता (भाई) 2.अशोक कुमार गुप्ता (भाई) 3.अनिल (भाई) 4.संजय गुप्ता (भाई) 5.प्रमोद गुप्ता (भाई) 6.मिनाक्षी (बहन) 7.विनोद कुमार (मृतक भाई) तथा स्व. विनोद कुमार के निम्नलिखित कानूनी वारिस है- 1.पूनम देवी (पत्नी) 2.अमित गुप्ता (पुत्र) 3.रिम्पी (पुत्री)।

अजय गुप्ता पुत्र स्व. लाल चन्द निवासी #684/26, महाजन पारव, रोहतक ने उक्त सम्पति को कानूनी वारिस होने के नाते अपने नाम में हस्तांतरित करने का आवेदन व पुन: अलाटमैंट अजय गुप्ता के नाम में करने की विनती की है।

यदि किसी व्यक्ति को कथित सम्पति के हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर सम्पदा अधिकारी HSVP पंचकूला के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त सम्पति को सम्पदा अधिकारी की अनुमति से HSVP नीति के अनुसार हस्तांतरण/ पुन: अलाटमैंट कर दिया जायेगा और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

**अजय गुप्ता**
**कानूनी वारिस, सम्पदा अधिकारी की ओर से**

AP-2419

### कटिहार मंडल में इलेक्ट्रिकल जनरल कार्य

**ई-निविदा सूचना संख्या:** EL_GEN_27_25-26; **दिनांक :** 03-07-2025; निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **निविदा संख्या:** EL_GEN_27_25-26; **कार्य का नाम :** "न्यू जलपाईगुड़ी-अलुआबाड़ी खंड में रंगापानी-न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के बीच किमी 7/9-8/0 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या एनसी-5 (मानवयुक्त) के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज के निर्माण के प्रस्ताव" से जुड़े इलेक्ट्रिकल जनरल कार्य। **निविदा मूल्य :** ₹1,69,64,081.76/-; **अग्रिम राशि:** ₹2,34,800/-; निविदा के बंद करने की तिथि और समय **28-07-2025** को **15:00** बजे और **खोलने** की **15:30** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक **28-07-2025** को **15:00** बजे तक उपलब्ध होगी।

सीनियर डीईई/टीआरडी, कटिहार
**पूर्वोत्तर सीमा रेल**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-2424

### सार्वजनिक सूचना

**संपदा अधिकारी, एचएसवीपी के समक्ष।**
**शहरी संपदा का नाम, पंचकूला।**

**विषय :-** मालिक स्वर्गीय श्री मोहन लाल मदान पुत्र स्वर्गीय श्री बंसी लाल मदान की बिना वसीयत के मृत्यु के परिणामस्वरूप मकान संख्या 348, सेक्टर 7, शहरी संपदा, पंचकूला के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

स्वर्गीय श्री मोहन लाल मदान, जो अभिलेख के अनुसार उक्त संपत्ति के मालिक थे, की मृत्यु 04-09-1984 को हो गई तथा उनके पास कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं है, तथा वे अपने पीछे निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी छोड़ गए हैं।

1) पुष्पा मदान, 2) अश्वनी कुमार मदान, 3) संदीप मदान। श्री अश्वनी कुमार मदान तथा श्री संदीप मदान, दोनों पुत्र स्वर्गीय श्री मोहन लाल मदान, निवासी # 348, सेक्टर 7, पंचकूला, कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते उक्त संपत्ति के अपने पक्ष में हस्तांतरण के लिए आवेदन करना चाहते हैं तथा श्री अश्वनी कुमार मदान तथा श्री संदीप मदान के नाम पर पुनः आवंटन का अनुरोध करते हैं।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त मकान के हस्तांतरण के विरुद्ध आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर सहायक दस्तावेजों के साथ संपदा अधिकारी, एचएसवीपी, पंचकूला को लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/ सकती है। अन्यथा संपदा अधिकारी एचएसवीपी नीति के अनुसार उक्त संपत्ति के हस्तांतरण/ पुनः आवंटन की अनुमति दे सकता है तथा यदि कोई हो तो बाद में किसी दावे पर विचार नहीं कर सकता।

**संपदा अधिकारी की ओर से कानूनी उत्तराधिकारी: पुष्पा मदान, अश्वनी कुमार मदान, संदीप मदान।**

AP-2418

### सार्वजनिक सूचना

**संपदा अधिकारी, एचएसवीपी पंचकूला के समक्ष**

विषयः आबंटी श्री जय प्रकाश नारायण की बिना वसीयत मृत्यु के उपरान्त निर्मित सम्पति मकान नं० 698GP, सैक्टर-30, अर्बन एस्टेट, पिंजौर, जिला-पंचकूला,हरियाणा का स्वामित्व के रूप में हस्तांतरण।

रिकार्ड के अनुसार उक्त वर्णित सम्पति के आबंटी श्री जय प्रकाश नारायण की 14-02-2021 को मृत्यु हो गई है तथा उनकी कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं है तथा उनके निम्नलिखित कानूनी वारिस है- 1.जसवन्ती देवी (पत्नी) 2.सरीन जस्सल (पुत्री)।

सरीन जस्सल पत्नी प्रदीप कुमार निवासी #607/B-2, बिटना कालोनी, पिंजौर, पंचकूला, हरियाणा ने उक्त सम्पति को कानूनी वारिस होने के नाते अपने नाम में हस्तांतरित करने का आवेदन व पुन: अलाटमैंट सरीन जस्सल के नाम में करने की विनती की है।

यदि किसी व्यक्ति को कथित सम्पति के हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर सम्पदा अधिकारी HSVP पंचकूला के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त सम्पति को सम्पदा अधिकारी की अनुमति से HSVP नीति के अनुसार हस्तांतरण/ पुन: अलाटमैंट कर दिया जायेगा और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

**जसवन्ती देवी, सरीन जस्सल**
**कानूनी वारिस, सम्पदा अधिकारी की ओर से**

AP-2419

### COURT NOTICE

**IN THE COURT OF**
**Ms. Manmeet Kaur Ghuman**
**Judicial Magistrate-1st Class, Panchkula**

**Vishnu Parkash Goyal**
**Vs**
**Suresh Kumar Goyal & another**

CNR No. HRPK03-006362-2019
Next Date:- 20-08-2025 at 10.00 a.m
Complaint Under Section 138 of Negotiable Instruments Act.

**NOTICE TO:**

**2. Suresh Kumar Goyal @ Suresh Sohan Lal Goyal R/o Suncity Sector 20, Tower 1, Block-B, Flat No. 901, Panchkula.**

In above titled case, the accused could not be served. It is ordered that accused should appear in person or through counsel on 20-08-2025 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Panchkula.

**Judicial Magistrate-1st Class, Panchkula**

Dated, this day of 03-07-2025

AP-2420

### सार्वजनिक सूचना





**श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, यूटी, चंडीगढ़ के समक्ष।**

**विषय :-** स्व. श्री सुरजीत सिंह बावा की पंजीकृत वसीयत के आधार पर 100.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 532, सेक्टर 8-बी, चंडीगढ़ (आरपी 615) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, श्री सुरजीत सिंह बावा 100.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 532, सेक्टर 8-बी, चंडीगढ़ के स्वामी है।

चवीजीत सिंह बावा, रश्मि सहगल द्वारा सूचित किया गया है कि श्री सुरजीत सिंह बावा की 16.03.2025 को मृत्यु हो गई है तथा इन्होंने यह सूचित किया है। कि मृतक स्वामी के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी है :- (1) हरप्रीत बावा-पत्नी (मृतक), (2) हरनीलम उप्पल-पुत्री, (3) रश्मि सहगल-पुत्री, (4) चवीजीत सिंह बावा-पुत्र

अब, चवीजीत सिंह बावा, रश्मि सहगल ने पंजीकृत वसीयत दिनांक 20.11.2018 के आधार पर अपने पक्ष में स्व. श्री सुरजीत सिंह बावा द्वारा आयोजित 100.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 532, सेक्टर 8-बी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामतः आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरुद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथपत्र के साथ समर्थित) लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं,जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्त नामतः लाभार्थियों के नामों में उक्त अनुसार हस्तांतरित कर दिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

**नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए**

AP-2415

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

### सार्वजनिक सूचना

**मैं,** निष्ठा गौतम पुत्री श्री राजेश गौतम निवासी मकान नं. 1145 आर्दश कॉलोनी, अप्पर मौहल्ला कालका, तहसील कालका, जिला पंचकुला (हरियाणा) ने अपना नाम निष्ठा से बदलकर निष्ठा गौतम रख लिया है।
एपी-2412

**मैं,** Vandna Batta उर्फ Vandana Batta उर्फ Vandana Veeta उर्फ Vandna पत्नी तरलोचन सिंह , निवासी मकान नंबर 1536, सेक्टर 18-डी, चंडीगढ़ ने अपना नाम Vandna Batta उर्फ Vandana Batta ©È¤ü Vandana Veeta उर्फ Vandna से बदलकर Vandna Kaur Mughar रख लिया है।
एपी-एफ

**मैं,** जसविंदर सिंह वालिया पुत्र स्वर्गीय हरचरण सिंह, निवासी हाउस नंबर 1829, फेज 7, एसएएस नगर, मोहाली, पंजाब ने अपना नाम जसविंदर सिंह से बदलकर जसविंदर सिंह वालिया कर लिया है।
एपी-2414

**मैं,** बार्म बेन सैन्य संख्या- JC342890L रैंक- सूबेदार नाम- राठवा दुकारियाभाई देसिंगभाई की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूँ, जो वर्तमान में यूनिट- 57 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- वीटीसी- छोटा उदयपुर, डाकघर- छोटा उदेपुर, जिला- वडोदरा, राज्य- गुजरात, पिन -391165 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम बार्म बेन से बदलकर राठवा बार्मबेन रख लिया है। शपथ पत्र संख्या- 48AA 901920, दिनांक- 05/07/2025

**मैं,** गायत्री बेन राठवा सैन्य संख्या- JC342890L रैंक- सूबेदार नाम- राठवा दुकारियाभाई देसिंगभाई की बेटी हूं जो वर्तमान में यूनिट- 57 इंजीनियरिंग रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- वीटीसी- छोटा उदयपुर, डाकघर- छोटा उदेपुर, जिला- वडोदरा, राज्य- गुजरात, पिन -391165 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम गायत्री बेन राठवा से बदलकर राठवा गायत्री दुकारिया लिया है। शपथ पत्र संख्या- 48AA901922, दिनांक- 05/07/2025

**मैं,** सैनिक सिंह सैन्य संख्या- JC342890L रैंक- सूबेदार नाम- राठवा दुकारियाभाई देसिंगभाई का पुत्र हुं जो वर्तमान में यूनिट- 57 इंजीनियरिंग रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- वीटीसी- छोटा उदयपुर, डाकघर- छोटा उदेपुर, जिला- वडोदरा, राज्य- गुजरात, पिन -391165 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम सैनिक सिंह से बदलकर राठवा सैनिकसिंह दुकारियाभाई कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 48AA901921, दिनांक- 05/07/2025

**मैं,** हंसा सैन्य संख्या- JC342890L रैंक- सूबेदार नाम- राठवा दुकारियाभाई देसिंगभाई की बेटी हूं जो वर्तमान में यूनिट- 57 इंजीनियरिंग रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- वीटीसी- छोटा उदयपुर, डाकघर- छोटा उदेपुर, जिला- वडोदरा, राज्य- गुजरात, पिन -391165 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम हंसा से बदलकर राठवा हंसाबेन दुकारियाभाई कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 48AA901923, दिनांक- 05/07/2025

**मैं,** सैन्य संख्या- 6494538W रैंक- हवलदार नाम- ढाणे महेश भिकाजी वर्तमान में यूनिट- 795 एएससी बटालियन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- गांव- मांडवे, पोस्ट मांडवे, तहसील- सातारा, जिला- सातारा, राज्य- महाराष्ट्र, पिन कोड- 415519 घोषणा करता हूं कि मेरे सेवा रिकॉर्ड में मेरा नाम गलती से ढाणे महेश भिकाजी के रूप में उल्लेख किया गया है जबकि मेरा सही नाम पवार महेश रामा है। शपथ पत्र संख्या-48AA901919, दिनांक- 05/07/2025

यह सर्वविदित है कि, मैं सहूकारी लक्ष्मी पत्नी ढीळीस्वारा राव सहूकारी, जो कि हाउस नं. 615, सेक्टर-2, पंचकूला, पोस्ट ऑफिस- पंचकूला सेक्टर-8, जिला- पंचकूला, हरियाणा-134109 में रहती हूँ, घोषणा करती हूँ कि मेरा और मेरे पति और मेरे नाबालिग बेटे का नाम सहूकारी परधु, उम्र 16 वर्ष, की 10 वीं कक्षा की मार्कशीट और प्रमाण पत्र में गलती से लक्ष्मी एस और दिल्लीवारा राव एस और परधु एस के रूप में लिखा गया है। मेरा और मेरे पति और मेरे बेटे का वास्तविक नाम क्रमशः सहूकारी लक्ष्मी और दील्लीस्वारा राव सहूकारी और सहूकारी परधु है। जिसे तदनुसार संशोधित किया जाना चाहिए।
एपी-2413

**मैं,** रणवीर पुत्र श्री सोहन लाल निवासी # बी-08/0856, कुमाऊं कॉलोनी, काहलों फार्म के पास, नया गांव, जिला एसएएस नगर (मोहाली) पंजाब ने अपना नाम रणवीर से बदलकर रणवीर माहर रख लिया है।

**मैं,** अनीता पत्नी राकेश कुमार अग्रवाल निवासी मकान नंबर 786, मौली जागरण कॉलोनी, चंडीगढ़ ने अपना नाम अनीता से बदलकर अनीता अग्रवाल रख लिया है।

**मैं,** राकेश कुमार अग्रवाल पुत्र Puran Chand Aggarwal निवासी मकान नंबर 786, मौली जागरण कॉलोनी, चंडीगढ़ ने अपना नाम राकेश कुमार अग्रवाल से बदलकर राकेश अग्रवाल रख लिया है।

**मैं,** जयवंती मल्होत्रा पत्नी सुरिंदर सिंह निवासी मकान नंबर 624, सेक्टर 8-बी, चंडीगढ़ ने अपना नाम जयवंती मल्होत्रा से बदलकर हेमा मल्होत्रा रख लिया है।
एपी-2415

**मैं,** असमा परवीन पत्नी श्री मरगूब आलम, निवासी हाउस नंबर 1586, मौली कॉम्प्लेक्स, चंडीगढ़ 160102 ने अपना नाम असमा परवीन से बदलकर आसमा बेगम रख लिया है।

**मैं,** सरोज पत्नी श्री राकेश कुमार, निवासी ग्राम बुंगा, पंचकुला हरियाणा 134204, ने अपना नाम सरोज से बदलकर सरोज मरजारा पत्नी राकेश के मरजारा कर लिया है।

**मैं,** दीक्षा खरबंदा पत्नी मनीष, निवासी मकान नंबर 37 गांव बिल्हा, तहसील व जिला पंचकूला, हरियाणा ने अपना नाम दीक्षा खरबंदा से बदलकर दीक्षा कर लिया है।
एपी-2421

**मैं,** मोनिका गोन्धी पत्नी विकल बिंद्रा निवासी 40 बंद कुआँ के पास गाँव कांवला जिला अम्बाला ने अपना नाम बदल कर मोनिका बिंद्रा रख लिया है।
एपी-2423

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

### बेदखली सूचना

**मैं,** विनोद कुमार पुत्र श्री रमेश चंद्र निवासी 222, गली न.1, ज्योति नगर, करनाल बयान करता हूं कि मेरा पुत्र भारत भूषण मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल अचल-संपति से बेदखल करता हूं। वह अपने लेन-देन, अच्छे-बुरे, कानूनी, गैर-कानूनी कार्य का स्वयं जिम्मेदार होगा।
एपी-2416

**मैं,** रामानन्द पुत्र स्व. जय सिंह निवासी भगत सिंह कॉलोनी नजदीक जिला कोर्ट जीन्द हाल आबाद श्याम नगर कॉलोनी, नजदीक बड़ी नहर जीन्द अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरी पत्नी गीता पुत्री शमशेर मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद जो भी कोई उससे लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-2421

**मैं,** राजकुमार पुत्र श्री फकीर चन्द निवासी शास्त्री नगर, नरवाना, जिला जीन्द ब्यान करता हूँ कि मेरा लड़का विजय जो मेरे कहने से बाहर है। इस को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। इस के साथ लेन देन करने वाला खुद जुम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिमेवारी नहीं होगी।
एपी-2422

अर्थ प्रकाश
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

### हरियाणा में भवन व अन्य सन्निर्माण के कार्य से जुडे श्रमिकों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं के संचालन में करोडों रूपए का घोटाला उजागर, पंजीकृत श्रमिकों की कार्य रसीद की होगी जांच

# जो पात्र ही नहीं है वो पैसे का फायदा उठा रहे हैं और यह एक प्रकार से लूट है: विज

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा



**अंबाला, 5 जुलाई।** हरियाणा के श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में भवन व अन्य सन्निर्माण के कार्य से जुडे श्रमिकों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं के संचालन में अनियमितताओं/घोटाले को देखते हुए प्रदेश के प्रत्येक जिले में पंजीकृत श्रमिकों की कार्य रसीद का भौतिक सत्यापन (वैरिफिकेशन)/जांच की जाएगी। इस सत्यापन के लिए उनके द्वारा संबंधित जिलों के उपायुक्तों को लिखित निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में श्रमिक वर्क-स्लिप की जांच करने हेतु तीन सदस्यीय समिति का गठन करेंगें जिसमें श्रम विभाग का प्रतिनिधि व दो अन्य राजपत्रित नामित स्वतंत्र सदस्य होगें। उन्होंने कहा कि यह समिति राज्य के प्रत्येक गांव/शहर मे भौतिक सत्यापन (वैरिफिकेशन) करके पंजीकरण प्रक्रिया व कार्य रसीद सत्यापन हेतु अपनाए गए मापदंडों को जांचने का कार्य करेगी। ये समितियां अपनी जांच रिपोर्ट 03 माह में प्रस्तुत करेगी।

श्री विज ने यह जानकारी आज मीडिया कर्मियों द्वारा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण द्वारा संचालित योजनाओं में पाई गई अनियमित्ताओं को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में दी।

उन्होंने कहा कि इन जिलों से रिपोर्ट आने पर मुझे लगता है कि यह कई सौ करोड रूपए का घोटाला चल रहा है क्योंकि जो पात्र ही नहीं है वो पैसे का फायदा उठा रहे हैं और यह एक प्रकार से लूट है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अनियमितताओं का मामला जब मेरे सम्मुख आया तो इस बारे में तीन सदस्यों की एक कमेटी का गठन किया गया। इस कमेटी द्वारा 6 जिलों (हिसार, कैथल, जीन्द, सिरसा, फरीदाबाद और भिवानी) की 03 मास (01 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025) के दौरान सत्यापित की गई कार्य रसीदों की जांच की गई जिसमें काफी अनियमितयाएं पाई गई और रिपोर्ट मुझे प्रस्तुत की गई। इस रिपोर्ट को देखकर मैं हैरान हो गया। इन सभी जिलों में यही खेल चल रहा है। इसलिए इनके खिलाफ कार्यवाही करने के आदेश दिए है और महाधिवक्ता को भी इस बारे में लिखा गया कि दोषियों के खिलाफ क्रिमिनल प्रक्रिया को अपना कर कार्यवाही की जाए।

इस सारे मामले के खेल को पकडने के संबंध में श्री विज ने बताया कि जब यह मामला मेरे सामने आया कि मजदूरों की 90 दिनों की कार्य रसीद का जो सत्यापन किया गया उसमें अगस्त 2023 से मार्च 2025 के बीच 1196759 मजूदरों की कार्य रसीद का सत्यापन किया गया, जोकि संभव नहीं लग रहा था और इसमें ज्यादातर कार्य रसीद का सत्यापन फर्जी प्रतीत हो रहा था, जिसमें भ्रष्टाचार होने की सभावना बन रही थी। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान जिला हिसार के दौरान 145582 कार्य रसीद सत्यापित की गई, जिसमें एक कर्मचारी द्वारा अकेले 84741 आवेदनों को इन 3 मास में सत्यापित किया गया। इसी प्रकार, इस कर्मचारी द्वारा 2646 कार्य रसीद एक दिन में सत्यापित की गई है। ऐसे ही, फरीदाबाद के कर्मचारी द्वारा 2702 कार्य रसीदों का सत्यापन किया गया जिसमें से 1918 कार्य रसीद सोनीपत जिले से सम्बधित है। इस रिपोर्ट के अवलोकन से प्रतीत हुआ कि इनमें से ज्यादातर कार्य रसीद फर्जी श्रमिकों/कामगारों की बनाई गई है और ये सभी पंजीकृत कामगार विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी उठा रहे है, जिससे सरकार को कई सौ करोड रूपये की वित्तिय हानि होने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार, साइकिल की खरीद की अदायगी के लिए 5,000 रुपये, औजार के लिए अनुदान 8,000 रुपये, सिलाई मशीन के लिए 4,500 रुपये, मुख्यमंत्री महिला निर्माण श्रमिक सम्मान योजना के तहत 5,100 रुपये, कन्यादान योजना के तहत 03 बच्चों की शादी हेतु वित्तीय सहायता (सुपुत्री) के लिए 1,01,00 रुपये, महिला श्रमिक की स्वयं की शादी हेतु वित्तीय सहायता 50,000 रुपये की राशि दी जाती है।

इसी तरह, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण पर वास्तविक किराए की प्रतिपूर्ति के तहत वास्तविक रेल (द्वितीय श्रेणी) बस (साधारण) किराए की भरपाई और पैतृक घर जाने पर वास्तविक किराए की प्रतिपूर्ति के तहत वास्तविक रेल (द्वितीय श्रेणी)/बस (साधारण) किराए की भरपाई की जाती है। ऐसे ही, चिकित्सा सहायता (मजदूरी क्षतिपूर्ति) के अंतर्गत न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मजदूरी की भरपाई, घातक बीमारियों के इलाज के लिए वित्तीय सहायता के तहत एक लाख रूपए तक सहायता, अपंगता सहायता के अंतर्गत डेढ रुपये से 3 लाख रूपए, अपगंता पेंशन 3 हजार रूपए प्रतिमाह, अक्षम बच्चों को 3 हजार रूपए वित्तीय सहायता प्रतिमाह, पेशन (60 वर्ष उपरांत) 3,500 रुपये प्रतिमाह, पारिवारिक पेंशन 1,750 रुपये प्रतिमाह, विधवा पेंशन 3000 रुपये प्रतिमाह, मुख्यमंत्री श्रमिक सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत मृत्यु पर वित्तीय सहायता के अंतर्गत कार्यस्थल पर दुर्घटना में 5,15,000 रुपये और अपंजीकृत श्रमिक की कार्यस्थल पर दुर्घटना में अपंगता होने पर डेढ लाख रूपए से 3 लाख रूपए और मृत्यु हो जाने पर वित्तीय सहायता 4 लाख रुपये दी जाती है।

उन्होंने बताया कि मकान की खरीद/निर्माण हेतु ब्याज मुक्त ऋण 2 लाख रुपये तक और मुख्यमंत्री पंजीकरण प्रोत्साहन योजना के तहत 1,100 रुपये की राशि श्रमिकों को दी जाती है। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं को लेने के लिए श्रमिक बोर्ड में कामगारों को अपने आपको पंजीकृत करवाना होता है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण करने के लिए श्रमिक का 90 दिन से ज्यादा कार्य करने की वैरीफिकेशन/सत्यापन किया जाता है और वैरीफिकेशन होने के बाद ही पंजीकरण किया जाता है।

### ''लगता है कि किसी विशेष पार्टी के लोगों का फर्जी पंजीकरण, हकदार नहीं, सरकार को चूना लगाने का कार्य''- विज

विज ने बताया कि इसका मतलब इस सारे मामले में किसी ने दुकान खोल रखी थी क्योंकि सारे हरियाणा के लोग एक ही जगह पर आकर किस प्रकार से पंजीकरण करवा लेंगें! उन्हें लगता है कि इसका मतलब वहां पर किसी पार्टी विशेष के लोगों का पंजीकरण किया गया है, जोकि लोग फर्जी तौर पर पंजीकृत हुए है और वे सरकार से लाभ उठा रहे है जबकि वे इसके हकदार नहीं है और सरकार को चूना लगाने का कार्य किया जा रहा है।

### भवन निर्माण में लगे श्रमिकों को विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं को लाभ प्रदान किया जाता है

श्री विज ने बताया कि हरियाणा में भवन निर्माण में लगे श्रमिकों को विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं को लाभ प्रदान किया जाता है जिनमें मातृत्व लाभ 36 हजार रुपये, पितृव लाभ 21 हजार रुपये, पंजीकृत कामगार के बच्चों की शिक्षा हेतु दिए जाने वाले लाभों के अंतर्गत बच्चों की पहली कक्षा से उच्च शिक्षा तक की वार्षिक वित्तीय सहायता 8,000 रुपये से 20,000 रुपये तक, पंजीकृत कामगारों के मेधावी बच्चों के 10वीं/12वी की परीक्षा में 60 प्रतिशत से 90 प्रतिशत अंक प्राप्ति पर 21 हजार रुपये से 51 हजार रूपए छात्रवृत्ति, वास्तविक सरकारी खर्च के अनुसार कामगार के बच्चों को प्रोफेशनल व टेक्निकल कोर्स हेतु पूर्ण शैक्षणिक व्यय की प्रतिपूर्ति, कामगार के बच्चों को व्यवसायिक संस्थानों में हॉस्टल सुविधा हेतु 1 लाख 20 हजार रुपये तक सहायता राशि, पंजीकृत कामगार के बच्चों को व्यावसायिक कोर्स की कोचिंग हेतु 20 हजार रुपये से एक लाख रुपये तक सहायता राशि, पंजीकृत निर्माण कर्मकार की पुत्री के लिए इलैक्ट्रिक स्कूटर की खरीद के लिए 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि और मुख्यमंत्री श्रम योगी प्रतिभावान योजना के तहत लैपटॉप हेतु 49 हजार रुपये की राशि दी जाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वर्गीय सुमेरचंद की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर आज

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)।** सरस्वती मेडिसिन एजेंसीज द्वारा जिला रेडक्रास सोसायटी एवं लोक नारायण जयप्रकाश हॉस्पिटल के सहयोग से स्वर्गीय सुमेरचंद अग्रवाल जी की पुण्य स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 6 जुलाई रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक अग्रवाल धर्मशाला, नजदीक रेलवे स्टेशन, कुरुक्षेत्र में किया जाएगा7 यह जानकारी वेदभूषण अग्रवाल,भारत भूषण अग्रवाल और विनोद अग्रवाल ने देते हुए बताया कि 18 साल से 60 साल तक का हर स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है ! इस शिविर में सभी लोगों के निशुल्क ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच भी की जाएगी। सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय सुमेरचंद अग्रवाल जी की पुण्य स्मृति में इस रक्तदान शिविर का आयोजन परिवार की तरफ से पिछले लगातार 12 वर्षों से जुलाई माह के प्रथम रविवार को किया जाता है और नगर के लोग इस आयोजन में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं।

### जत्थेदार दादूवाल का करनाल में स्वागत



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** हरियाण सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की धर्म प्रचार के चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल आज करनाल पहुंचे। उनका यहां पहुंचने पर आत्मीय स्वागत गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रपाल सिंह तथा सिख समाज के गणमान्य लोगों ने किया। श्री दादूवाल के साथ एचएसजीपीसी के पूर्व एक्जीक्यूटिव मैंबर गुरुप्रसाद सिंह तथा अन्य जन थे। यहां प उन्होंने वििभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। तथा कई विषयों पर जानकारी ली। जत्थेदार दादूवाल जी कुरुक्षेत्र में होने वाली बैठक में भाग लेने के लिए जाते समय करनाल कुछ समय तक रुके। यहां पर उन्होंने इंद्रपाल सिंह तथा अन्य जनों से बात की।

### रोटरी क्लब ने स्थापना दिवस पर लगाई छबील




**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** रोटरी क्लब करनाल ने अपना 73 वॉ स्थापना दिवस सैक्टर 8 स्थित अटल पार्क के मुख्य द्वार पर मीठी लस्सी की छबील लगा कर मनाया। ज्ञातव्य हो कि रोटरी क्लब करनाल की स्थापना,विश्व संस्था रोटरी इन्टरनेशनल द्वारा 29 जून 1953 को चार्टर संख्या 15349 के अधीन प्रदान हुई थी। रोटरी संस्थान द्वारा विश्व स्तर तथा स्थानीय स्तर पर निरन्तर समाज सेवा के कार्य किये जाते हें जैसे पोलियो उन्मूलन,विकलांगों को कृत्रिम अंग की उपलब्धता,विद्यालयों में कम्प्यूटर वितरण, चिकित्सालयों में डायलिसिस मशीनों व शहर में शीतल जल कूलर की स्थापना,मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति,जरूरतमंद व्यक्तियों को गरम कपडे/ कंबल,अनाथाश्रम व वृद्धाश्रम में यथोचित सहयोग आदि। आज के प्रकल्प में रोटेरियन मीनाक्षी जैन,जगदीश अग्रवाल,मनीष अग्रवाल,डॉ विक्रम मितल,कुलभूषण जैन,ईश्वर बहल,ब्रिज गर्ग,नरेन्द्र गोयल,पी आर नाथ, प्रशांत जैन,मुनीष गुप्ता,सुरेन्द्र जैन आदि उपस्थित रहे व प्रातःकाल में पार्क में भ्रमण हेतु आये समस्त जनमानस ने लस्सी का भरपूर रसास्वादन किया।

### मीनाक्षी जैन को सर्वश्रेष्ठ प्रधान का खिताब मिला




**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट द्वारा रोटरी सम्मान समारोह विजयोत्सव में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन राज पाल सिंह व मंडल की प्रथम महिला रोटेरियन इंदरवीर कौर द्वारा रोटरो क्लब करनाल को उसके द्वारा सम्पूर्ण वर्ष मैं किये गए जनमानस के कल्याण कार्यों हेतू विभिन्न श्रेणियों में कुल 12 पुरस्कार प्रदान किये गए जिसमें क्लब को सर्वश्रेष्ठ क्लब,डॉ पी के जैन को जोन 11 का सर्वोत्तम रोटेरियन,मिनाक्षी जैन को सर्वोत्तम प्रधान,गौतम जैन को सर्वोत्तम सचिव व पॉच सदस्यों डॉ अरुण सूद,डॉ डी डी शर्मा,डॉ विक्रम मितल,राजेश बांभा व भारती शर्मा को क्रियाशील सदस्यों का पुरुस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त क्लब को रक्त दान शिविरों के आयोजन,शीतल जल कूलर की स्थापना,वृद्धाश्रम की आर्थिक सहायता व जरूरतमंद व्यक्तियो को शीत ऋतु मैं कंबल वितरण हेतु भी विशेष पुरस्कार प्रदान किये गये। रोटरी क्लब करनाल की स्थापना 29 जून 1953 को होने से वर्तमान वर्ष तक का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है जिसकी सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है।

## हांसी शहर मे सफाई व्यवस्था चरमराई प्रशासन नहीं कर रहा कोई कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/दिनकर गावड़ी

**हांसी, 5 जुलाई।** भप्पी जैन चायवाला ने प्रैस को जारी बयान मे बताया की हांसी शहर की सड़कों गलियों और बाजारों मे कूड़े के ढेर लगे हुए है और नाले और नालियां गंदगी से अटी पड़ी हुई बदबू मारती हुई महामारी फैलाने का न्यौता दे रही है।भप्पी ने बताया हांसी नगर परिषद सफाई के नाम पर करोड़ों रुपये केवल कागजों मे बिल बनाकर सरकार को जाने वाले जनता के गाढ़े खून पसीने से कमाई के टैक्स को लूटकर अपना और अपने चहेते लोगों को लूटाकर खजाने की सफाई कर हांसी नगर परिषद वाही वाही लूटकर हांसी की जनता को पंगु बना रही है। जबकि हांसी शहर अपनी बदहाली पर खून के आंसू बहाते हुए सरकार प्रशासन को सड़कों गलियों और बाजारों में लगे कूड़े कचरे के ढ़ेर नाले और नालियां गंदगी से अटी पड़ी बदबू मारकर नगर परिषद को कोस रही है। हांसी शहर मे जगह जगह लगे गंदगी के ढ़ेर लंबे समय से नाले और नालियों की सफाई न होने के कारण बदहाल सफाई व्यवस्था स्थानीय प्रशासन और नगर परिषद को मुंह चिढ़ा रही है।हांसी नगर परिषद द्वारा नाले और नालियों की लंबे समय से सफाई नहीं करवाई जा रही है ।जिससे हांसी शहर की जनता दूषित वातावरण में जीने को मजबूर हैं।जीना मुश्किल हो गया है। हांसी शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था नाले और नालियों की सफाई न होने के कारण विधायक, प्रशासन और नगर परिषद का इस और ध्यान न होने के कारण इनके प्रति हांसी की जनता में भारी रोष है।भप्पी जैन ने बताया पहले सफाई का ठेका लाखों रूपए का था। अब वही सफाई का ठेका करोड़ों रूपये का हो गया है ।लेकिन हांसी शहर में सफाई व्यवस्था में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है।

## उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने किया उपमंडल कार्यालय का निरीक्षण

**बराड़ा (अप्रस/जयबीर राणा थंबड)।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शनिवार को उपमंडल बराड़ा (ना0) कार्यालय का निरीक्षण किया। इससे पहले उपायुक्त का यहां पहुंचने पर एसडीएम बराड़ा शाश्वत् सांगवान व डीएसपी बराड़ा सुरेश कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने निरीक्षण के दौरान यहां की कार्यप्रणाली की जानकारी हासिल करते हुए यहां पर लोगों को जो सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है उसकी जानकारी ली। उन्होंने यहां पर लोगों के बैठने की व्यवस्था के साथ–साथ कितने टोकन काटे जाते है, उसकी भी जानकारी ली। उन्होनें ग्राउंड फ्लोर कॉन्फ्रैंस हाल, सब ट्रैजरी के साथ–साथ कौन–कौन से विभागों के कार्यालय स्थित है उसकी भी जानकारी ली। उन्होने यहां पर कितने सर्कल है तथा कितने पटवारी है तथा वे यहां पर कब–कब बैठते है उसकी भी जानकारी लेते हुए उन्हें कहा कि मानसून सीजन में यह ध्यान रखे कि कही पर भी यदि जलभराव होता है तो उसकी सूचना तुरंत एसडीएम व जिला प्रशासन को दे।

## बेरोजगार युवा खुम्भी उत्पादन और मधुमक्खी पालन करके शुरू कर सकते हैं खुद का व्यवसाय: डॉ. रणबीर सिंह

अर्थ प्रकाश/शंकर लाल

**लाडवा, 5 जुलाई।** बागवानी विभाग के महानिदेशक डॉ. रणबीर सिंह ने कहा कि बेरोजगार युवक बिना भूमि के भी खुम्भी उत्पादन और मधुमक्खी पालन करके खुद का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। ऐसा करके वह दूसरों को भी रोजगार दे सकते हैं। स्टार्टअप के लिए सरकार द्वारा सब्सिडी का प्रावधान किया हुआ है।

बागवानी विभाग के महानिदेशक डा. रणबीर सिंह शनिवार को उप उष्णकटिबंधीय फल केंद्र लाडवा में आयोजित 7वें फल उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने किसानों द्वारा लगाए गए स्टॉलो पर जाकर उत्पादों की जानकारी ली। इसके अलावा प्रदर्शनी में लगाए गए हरियाणा, यूपी और पंजाब से आए आमों के बारे में जाना। केंद्र परिसर में महानिदेशक डॉक्टर रणवीर सिंह ने पौधा रोपण भी किया। इस दौरान केंद्र के उपनिदेशक डॉ. राकेश कुमार भी साथ रहे।

महानिदेशक डा. रणवीर सिंह ने कहा कि यह तीन दिवसीय आयोजन किसानों के लिए फसलों की विभिन्न किस्म और उनको पैदा करने की तकनीक जानने का एक सुनहरा अवसर है। बागवानी की खेती करने के दौरान किसानों को जो भी दिक्कत, परेशानी व समस्या आ रही हैं, वह केंद्र द्वारा लगाए गए स्टालों पर जाकर अपने सवालों का जवाब प्राप्त करें। नई तकनीक की जानकारी के बाद किसान अपनी आमदन को बढ़ा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि बागवानी में बागो के अलावा मसाले, फल, सब्जी, मधुमक्खी पालन जैसे अन्य कामों को भी शामिल किया गया है। किसानों को इन विकल्पों को अपनाना चाहिए। सरकार द्वारा किसान के सहयोग के लिए अनुदान की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि खेती करने के साथ-साथ मशीनरी की खरीदारी के लिए भी किसानों को अनुदान दिया जाता है। किसान किसी भी समय कृषि विभाग, बागवानी विभाग व अन्य कार्यालय में जाकर जानकारी हासिल कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि लगातार जमीन की ज्योत कम होती जा रही है, ऐसे में किसानों को विकल्प अपनाने की जरूरत है। इसके लिए नेट हाउस लगाकर खेती की जा सकती है। पानी की बचत के लिए सरकार के द्वारा जारी कार्यक्रम को अपनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस मेले में कई प्रकार के टेक्नोलॉजी के बारे में स्टाल लगाए गए हैं, यहां पर लगे सभी स्टालों पर किसानों को जाकर जानकारी हासिल करनी चाहिए।

## सांसद सुभाष बराला ने सरपंचों के साथ की चर्चा

### राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने सुनी जन समस्याएं, दिए तुरंत समाधान के निर्देश

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 5 जुलाई।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने शनिवार को अपने निवास स्थान पर भुना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के सरपंचों से मुलाकात कर गांवों में चल रहे विकास कार्यो तथा भावी योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस दौरान उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को भी गंभीरता से सुना, उनका कुशलक्षेम जाना और विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने सरपंचों से मुलाकात करते हुए कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की नीतियाँ पूर्णतः गांवों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं, और गांवों की पंचायतों के सहयोग के साथ प्रत्येक गांव में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि गांवों के समग्र विकास को लेकर किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी गांवों में समान रूप से विकास कार्यो को आगे बढ़ा रही है, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग को योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूलमंत्र पर कार्य कर रही है, और इसके माध्यम से शासन को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है। राज्यसभा सांसद ने इस दौरान नागरिको की समस्याओं को सुना उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया। इस दौरान सरपंच घोटडू गुलाब सिंह, सरपंच दिघो हरसिमरन, सरपंच ढाणी डुल्ट संदीप, सरपंच चौबारा जोगिंदर सिंह, सरपंच सांचला राजेन्द्र, सरपंच भोजराज राजेश, सरपंच बोस्ती सुखविंदर, सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## भूमिया खेड़ा सेवा समिति नें दादा खेड़े पर लगाया भंडारा

**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** हल्के के गांव गढी त्याज्ञान के दादा खेड़े पर शनिवार को धूमधाम से ग्राम वासियों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया मनाई। भंडारे से पहले विधि विधान से ग्रामवासियों ने हवन किया गया। वहीं, भूमिया खेड़ा सेवा समिति की ओर से समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह हवन यज्ञ में ग्रामवासियों ने आहुतियां डालकर पुण्य का लाभ लिया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव भूमिया खेड़ा की असीम कृपा से बसा हुआ है। हम समस्त गांववासी भूमिया खेड़ा का सम्मान करते है। वहीं ग्रामीण सुधीर छौक्कर नें जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों की मान्यता है कि जब से गाव के दादा खेड़ा पर यह हवन और भंडारा आयोजित करवाया जा रहा है तब से गाव में सुख शाति है। फसलों की पैदावार अच्छी होती आई है और गाव के पशुधन में भी बढ़ोतरी हुई है। हर वर्ष इस प्रकार से हवन का आयोजन गाव के लोगो द्वारा करवाया जा रहा है।

## लोगों की आशाओं पर खरा नहीं उतर रही भाजपा सरकार: रीना वाल्मीकि

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 5 जुलाई।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय संयोजक रीना वाल्मीकि ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा लोगों की आशाओं पर खरा नहीं उतरी है। भाजपा की नीतियों से हर वर्ग का जीना बेहाल हो गया है। उन्होंने कहा कि पहले बिजली के दामों में बढोतरी करके उपभोक्ताओं को भारी झटका दिया और अब सरकार ने बीपीएल कार्ड धारकों को झटका देते हुए बीपीएल कार्ड धारकों को मिलने वाले सरसों के तेल के दामों में बढोतरी कर उनका आर्थिक बजट खराब कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बार बार लोगों को झटके देने का काम कर रही है। बीपीएल कार्ड धारकों को सरकार से काफी उम्मीदें थी, लेकिन सरकार उनकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरी, बल्कि उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने बिजली के दामों में बढोतरी करके हर वर्ग को नुकसान पहुंचाने का काम किया। बिजली उपभोक्ताओं के पास पहले जो बिल 1000 रुपये आते थे, अब वही बिल 4000 रुपये से अधिक आ रहे हैं। बिजली उपभोक्ता हजारों रुपये के बिल पहुंचने पर अपने को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं कर पाई। बिजली के अघोषित कटों ने जीना बेहाल किया हुआ है और ऊपर से सरकार ने बिजली के रेट बढा दिए।



## मदर टेरेसा मॉडर्न पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हासिल किया तीसरा स्थान

अर्थ प्रकाश/शंकर लाल

**लाडवा, 5 जुलाई।** उप उष्णकटिबंधीय फल केंद्र, लाडवा में आयोजित विशेष कार्यक्रम में मदर टेरेसा मॉडर्न पब्लिक स्कूल, मथाना के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई, जिनमें क्विज प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता और आम खाने की प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। विद्यार्थियों ने अपनी ज्ञान क्षमता, रचनात्मकता एवं उत्साह का परिचय देते हुए सभी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने कृषि एवं बागवानी से जुड़े अनेक रोचक प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी सामान्य ज्ञान की समझ को दर्शाया। रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्राकृतिक रंगों एवं फलों के प्रतीक चिन्हों से सुंदर कलाकृतियाँ बनाई, जिससे परिसर का वातावरण और भी आकर्षक हो गया। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा पांचवी की छात्राएं अवनीत कौर, रवनीत कौर और हेजल ने तीसरा स्थान हासिल किया।आम खाने की प्रतियोगिता में बच्चों ने स्वाद के साथ-साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भी आनंद उठाया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा सक्सेना ने बच्चों के इस सक्रिय योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में टीम वर्क, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने उप उष्णकटिबंधीय फल केंद्र प्रबंधन का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने बच्चों को सीखने के साथ-साथ मनोरंजन का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ऐसे आयोजनों से बच्चों में कृषि विज्ञान के प्रति रुचि भी बढ़ती है, जो भविष्य में उनके सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगा।

## दिमाग में कीड़ों के पहुंचने से हो सकता है सिर दर्द, दौरों एवं पक्षाघात का प्रकोप: डॉ. ममगाईं

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया



**कुरुक्षेत्र, 5 जुलाई।** अक्सर विद्यालयों में शरारती बच्चों को हास-परिहास के तहत अध्यापक यह कहते सुने जाते हैं कि उसके दिमाग में शरारत करने का कीड़ा है। ऐसा लगता था कि यह काल्पनिक बात है; लेकिन मेडिकल साइंस की मदद से यह अब एक वास्तविकता बन गई है। यह कहना है पूर्व सिविल सर्जन एवं लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के हृदय एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र ममगाई शैली का। उन्होंने बताया कि उनके संस्थान में न्यूरोसिस्टीसर्कोसिस (दिमाग में कीड़े) का एक गंभीर मामला सामने आया है। इस रोग से पीड़ित मरीज में मिर्गी के दौरे और बेहोशी की शिकायत देखी गई, जिसके बाद अस्पताल में स्थित मणिपाल हेल्थ मैप में कराए गए दिमाग के उच्च स्तरीय सीटी स्कैन से इस गंभीर संक्रमण की पुष्टि हुई।

लेंटर का काम करनेवाले छत्तीसगढ़ के रहने वाले 20 वर्षीय विकास ने इस बीमारी के कारण लंबे समय तक परेशानी झेली। छत्तीसगढ़ और कुरुक्षेत्र के कई निजी अस्पतालों में उपचार के बावजूद उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। मिर्गी के दौरे बढ़ने और स्थिति नाजुक होने के बाद परिजनों ने उन्हें एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार सफलतापूर्वक चल रहा है।

**मिर्गी के दौरों के साथ भूल रहा था विकास:** विकास के पिता रोहित बताते हैं कि उनके बेटे की स्थिति गंभीर थी, जिसमें उनकी याददाश्त कमजोर हो गई थी और उन्हें रोजमर्रा के कार्यो, जैसे चप्पल पहनने या अपना नाम याद रखने में कठिनाई हो रही थी। एलएनजेपी अस्पताल में उपचार के बाद पिछले तीन दिनों में विकास को कोई दौरा नहीं पड़ा और उनके बेटे की याददाश्त में भी सुधार देखा गया है।

**न्यूरोसिस्टीसर्कोसिस के कारण और प्रभाव:** रोगी का उपचार कर रहे पूर्व सिविल सर्जन एवं एलएनजेपी के वरिष्ठ हृदय एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र ममगाई शैली बताते हैं कि न्यूरोसिस्टीसर्कोसिस टीनिया सोलियम (फीता कृमि) नामक परजीवी के अंडों या लार्वा के कारण होता है। ये अंडे दूषित भोजन, पानी, कच्ची सब्जियों (खासकर पत्ता गोभी), या अपर्याप्त रूप से पके पोर्क के सेवन से शरीर में प्रवेश करते हैं। ये अंडे आंतों से रक्त प्रवाह के माध्यम से मस्तिष्क तक पहुंचते हैं;जहां वे सिस्ट बनाते हैं। इससे मस्तिष्क में सूजन, मिर्गी के दौरे, सिरदर्द, पक्षाघात और गंभीर मामलों में मृत्यु तक हो सकती है। डॉ. शैली ने बताया कि युवाओं में तेज रक्त संचार के कारण यह समस्या अधिक देखी जा रही है।

**बचाव और उपचार:** डॉ. ममगाई ने बताया कि न्यूरोसिस्टीसर्कोसिस के कीड़े(फीता कृमि यानी टेपवर्म) चार चरणों में विकसित होते हैं। पहले चरण में अंडे शरीर में प्रवेश करते हैं, फिर दो चरणों में शरीर को प्रभावित करते हैं और चौथे चरण में कीड़े उपचार के कारण ही मर कर कैल्सिफाई हो जाते हैं हैं। मृत कीड़े दिमाग के सीटी स्कैन अथवा एमआरआई मे ऐसे दिखाई देते हैं, जैसे उनकी कब्र बना दी गई हो?। दूषित पानी, बिना हाथ धोए भोजन, या अपर्याप्त पका पोर्क, प्रदूषण पत्ता गोभी इस संक्रमण का प्रमुख कारण है।

# सुंदरकांड पाठ से दूर होती हैं नकारात्मक शक्तियां, शनिदेव भी नहीं करते परेशान

सुंदरकांड रामायण का एक अहम और लोकप्रिय भाग है। माना जाता है कि सुंदरकांड का पाठ करने से जीवन में सकारात्मकता आती है और हनुमान जी की कृपा बरसती है। ज्योतिष और पौराणिक मान्यता के मुताबिक हनुमान जी से शनिदेव भी डरते हैं। शनिदेव की दशा के प्रभाव को कम करने के लिए हनुमान जी की पूजा करने की सलाह दी जाती है। वहीं अगर आप शनिवार को सुंदरकांड का पाठ करते हैं, तो हनुमान जी की कृपा प्राप्त होती है और वह प्रसन्न होते हैं। साथ ही शनिदेव भी आपका बुरा नहीं कर पाएंगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सुंदरकांड पाठ के महत्व, इसको करने की सही विधि और मान्यता के बारे में बताने जा रहे हैं।

**पूरी होती है इच्छा:** हिंदू धर्म में मान्यता है कि सुंदरकांड का पाठ करने से भक्तों की मनोकामना जल्दी पूरी हो जाती हैं। गोस्वामी तुलसीदास द्वारा लिखी गई रामचरितमानस के सात अध्यायों में से 5वां अध्याय सुंदरकांड है। हालांकि रामचरित मानस के सभी अध्याय भगवान की भक्ति के लिए हैं, लेकिन सुंदरकांड का महत्व अधिक है।

**महत्व:** पूर्ण रामचरितमानस में भगवान के गुणों को दर्शाया गया है।




तो वहीं रामचरितमानस के सुंदरकांड की कथा सबसे अलग और निराली है। इसमें भगवान श्रीराम के गुणों की नहीं बल्कि उनके भक्त हनुमान जी के भक्त और उनकी विजय के बारे में बताया गया है।

**सुंदरकांड का पाठ करने के लाभ:** सुंदरकांड का पाठ करने वाले भक्तों को हनुमान जी बल देते हैं और आसपास निगेटिव एनर्जी भी नहीं भटक सकती है। जब भी आत्मविश्वास कम हो जाए, या जीवन में आत्मविश्वास कम होने लगे या कोई काम नहीं बन रहा हो, तो सुंदरकांड का पाठ करने से सभी काम खुद से बनने लगते हैं।

मनोवैज्ञानिकों ने भी सुंदरकांड के महत्व को बहुत खास माना है। विज्ञान ने भी इसके महत्व को समझाया है। इसका पाठ करने से भक्त में आत्मविश्वास और इच्छाशक्ति को बढ़ाता है।

**शनिदशा में लाभ:** खुद शनिदेव भी हनुमान जी के भक्त हैं और उनसे भय खाते हैं। माना जाता है कि जिन जातकों पर शनि की ढैय्या या फिर साढ़ेसाती चल रही है, तो इन लोगों को रोजाना सुंदरकांड का पाठ करना चाहिए। इससे शनि की महादशा का प्रभाव कम होता है। शनि बिना कुछ बुरा किए इस महादशा की अवधि को गुजार देते हैं।

स्टूडेंट्स को भी सुंदरकांड का पाठ करना चाहिए। इसका पाठ करने से स्टूडेंट्स के अंदर आत्मविश्वास जगेगा और वह सफलता के करीब जाएंगे। आपको शायद मालूम न हो, लेकिन अगर आप सुंदरकांड के पाठ की पंक्तियों का अर्थ जानेंगे, तो जान पाएंगे कि इसमें जीवन की सफलता के सूत्र भी बताए गए हैं। इसलिए सलाह दी जाती है कि अगर कोई रामचरितमानस का पूर्ण पाठ न कर पाए, तो कम से कम सुंदरकांड का पाठ जरूर करना चाहिए।

**सुंदरकांड का पाठ:** धार्मिक शास्त्रों के मुताबिक घर में रामायण का पाठ रखा जाए, तो पूर्ण पाठ में सुंदरकांड का पाठ घर-परिवार के किसी सदस्य को करना चाहिए। इससे पॉजिटिव एनर्जी का प्रवाह बढ़ता है। रोग दूर होते हैं और दरिद्रता खत्म होती है।

**दूर होगा अशुभ ग्रहों का प्रभाव:** सुंदरकांड का पाठ करने से घर के सभी सदस्यों के ऊपर से अशुभ ग्रहों से छुटकारा मिलता है। अगर इसका स्वयं पाठ नहीं कर सकते हैं, तो कम से कम घर के सभी सदस्यों को यह पाठ सुनना चाहिए। सुंदरकांड का पाठ करना अशुभ ग्रहों का दोष दूर करने में लाभकारी माना जाता है।

**दूर होंगे गृह क्लेश:** सुंदरकांड का पाठ करने से गृह क्लेश से छुटकारा मिलता है। इसका पाठ करने से सकारात्मक ऊर्जा आती है। जिससे घर में नकारात्मक शक्तियों से छुटकारा मिलता है। सुंदरकांड का पाठ करने से घर में सकारात्मक माहौल बनता है। घर में किसी के भी द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया जाता है, तो यह अधिक फायदेमंद होता है।

# किसी भी प्रकार का अभिमान नहीं करना है


सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

इन्सान अरसे से इस धरती पर जन्म ले रहा है, बस रहा है और आँखों से ओझल होरहा है। एक समय था जब गुंफाओं में रहता था इन्सान। वो नजारा बदलता गया। धीरे-धीरे वे गुफाएं झोपड़ियों में बदली, झोपड़ियां पक्के मकानों में बदलती गई। वे पक्के मकान आसमान को छूती इमारतों में बदलते गए। पहले इन्सान नग्न अवस्था में रहता था। फिर पेड़ों के पत्तों से शरीर को ढँपा और फिर कहीं जाकर वस्त्र इत्यादि बनाये। इसी प्रकार पहले इन्सान पैदल चला करता था, फिर कुछ घोड़े आदि की सवारी हुई और अब पलों में ही दुनिया के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में पहुँच जाता है। इसी प्रकार सन्देश भेजने के साधन देखें। पहले कहीं जाकर नगाड़ें आदि की सहायता से कोई सन्देश दिया जाता था, फिर कबूतर आदि पक्षियों का सहारा लिया गया और अब पलों में कहीं भी सन्देश पहुँचाया जा सकता है।

कहने का भाव इन्सान की समझ से देखते-देखते ही ये तरक्कियां हासिल होती गई लेकिन असल समझ इसने हासिल नहीं की। इसी कारण इन्सान को पहले दिन से ही समझाने आवश्यकता पड़ती है। इसके विपरीत धरती पर बसने वाले पशु-पक्षियों, जानवरों को कुछ समझाने की जरुरत नहीं है, वे अपना-अपना जीवन जी रहे हैं। हाँ, उन्हें तब समझाना पड़ता है जब उनसे भी इन्सानों वाला काम लेना हो, वर्ना उनकी कोई क्लासें (कक्षाएँ) नहीं लगती हैं। वे सहज में ही विचरण करते हैं।

यह मानव ही ऐसा नासमझ है जिसे समझाने के लिए महापुरुषों को भी मेहनत करनी पड़ी। जिसने महापुरुषों से सच्ची समझ प्राप्त कर ली, इसे अपना लिया वह ही श्रेष्ठ बन गया, वह महान हो गया, उसने मानव जाति का रुतबाबुलन्द कर दिया। लेकिन युयगों-युयगों से यही देखा गया है कि अपने झूठे अहं में पड़ कर इन्सान महापुरुषों से समझ लेने को तैयार ही नहीं है। यह किसी को अपने से समझदार मानने को तैयार ही नहीं है। इसे थोड़ा सा भी कोई हुनर प्राप्त हो जाये, यह दूसरों को मूर्ख मानने लगता है। थोड़ी सी तन में ताकत आ जाये तो दूसरों को निर्बल मानने लगता है। थोड़ा सा धन आ जाये तो दूसरों को लताड़ना शुरु कर देता है, दूसरों की हँसी उड़ाने लगता है। लेकिन जिस समझ को प्राप्त करके यह अपना जीवन सफल बना सकता है, उस तरफ यह कदम बढ़ाने को ही तैयार नहीं होता। अपने अहंकार में, अभिमान में ही पड़ा रहता है, जिस कारण इसकी दुर्दशा हो रही है, पतन हो रहा है।




## नोकरियां यहां देखें

**SSC CHSL द्वारा विज्ञापित, लोअर डिविजन क्लर्क व अन्य के**
कुल पद : 3131
आवेदन की अंतिम तिथि: 18 जुलाई, 2025
शैक्षणिक योग्यता: 12वीं पास
करें आवेदन: **ssc.gov.in**

**BPSC द्वारा विज्ञापित, विशेष विद्यालय अध्यापक के**
**कुल पद:** 7279
आवेदन की अंतिम तिथि: 28 जुलाई, 2025
करे आवेदन: **bpsconline.bihar.gov.in**

**OPSC द्वारा विज्ञापित , वेटरनरी असिस्टेंट सर्जन एवं अन्य के**
**कुल पद: 506**
आवेदन की अंतिम तिथि: 31 जुलाई, 2025
शैक्षणिक योग्यता: संबंधित विषय में बैचलर डिग्री
करें आवेदन: **opsc.gov.in**

**झारखंड SSC द्वारा विज्ञापित, माध्यमिक आचार्य के**
**कुल पद: 1300**
शैक्षणिक योग्यता: स्नातकोत्तर/बीएड व अन्य
आवेदन की अंतिम तिथि: 17 जुलाई 2025
करे आवेदन: **jssc.jharkhand.gov.in**

**प्रसार भारती में रोजगार के अवसर**
तकनीकी प्रशिक्षु के
**कुल पद:** 421
आदेवन की अंतिम तिथि: 9 जुलाई 2025
करे आवेदन: **prasarbharati.gov.in**

**झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित,**
कारखाना निरीक्षक के
**कुल पद:** 14
आवेदन अंतिम की तिथि: 29 जुलाई, 2025
**आयु सीमा:** न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 35 वर्ष
करे आवेदन: **jpsc.gov.in**

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए **arthparkash.com** देखें

# प्राइम डे से पहले अमेजन ब्यूटीवर्स के दूसरे एडिशन का आयोजन

**शिमला।** प्राइम डे से पहले अमेजन ब्यूटीवर्स के दूसरे एडिशन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मेबेलिन द्वारा प्रस्तुत किया गया था,जिसमें बेला वीटा,विशकेयर और एक्सिस-वाई सहयोगी ब्रांड्स के रूप में शामिल थे। प्राइम डे 2025 (12 से 14 जुलाई) से पहले आयोजित इस विशेष इनवाइट ओनली इवेंट में 600 से अधिक ब्यूटी प्रेमियों को एक ही छत के नीचे आमंत्रित किया गया, जहां उन्हें विभिन्न वर्कशॉप्स और इंटरएक्टिव सत्रों के जरिए एक शानदार सौंदर्य अनुभव प्राप्त हुआ। इस इवेंट की शोभा बढ़ाई बॉलीवुड की नामचीन हस्तियों, भूमि पेडनेकर, नीना गुप्ता, कृति सेनन और सुशांत दिवगिकर आदि ने। इनके साथ-साथ अमेजन प्राइम सदस्य,कंटेंट क्रिएटर्स और सौंदर्य उद्योग से जुड़े अग्रणी विशेषज्ञ भी शामिल हुए।इस दौरान उपस्थित लोगों को हाइफन,सेरा वी,लेनीज, टीएफआईटी, मिलानी, रियल टेक्नीक्स, नॉटिका फॉर हर, लामेल और अन्य प्रमुख ब्यूटी ब्रांड्स के नए प्रोडक्ट लॉन्च की पहली झलक भी देखने को मिली। अमेजन ब्यूटी इंडिया के डायरेक्टर सिद्धार्थ भगत ने कहा, हम अमेजन ब्यूटीवर्स 2025 को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं, यह एक विशेष आयोजन है जो प्राइम सदस्यों और अमेजन इन्फ्लुएंसर्स के लिए सौंदर्य की खोज के अनुभव को नए रूप में प्रस्तुत करता है।

## अमेजन.इन पर प्राइम डे के दौरान अपने घर, रसोई व आउटडोर जीवन शैली को करें तरोताज़ा

**शिमला।** अमेजन.इन एक बार फिर लेकर आया है अपना नौवां प्राइम डे,जो 12 जुलाई से 14 जुलाई 2025 तक चलेगा। अपने घर को दीजिए एक नया लुक,टॉप ब्रांड्स जैसे हार्ले डेविडसन, यूरेका, बॉश और अन्य के होम, किचन और आउटडोर प्रोडक्ट्स के नए लॉन्च के साथ।स्मार्ट होम सोल्यूशन्स और मोटर बाइक्स से लेकर फर्नीचर तक, ग्राहक आईसीआईसीआई और एसबीआई बैंक ट्रांजैक्शन्स पर 10 प्रतिशत का इंस्टेंट डिस्काउंट भी प्राप्त कर सकते हैं। 750 से अधिक सीज़नल और एवरग्रीन बेस्ट सेलर्स पर पाएं शानदार डील्स, वह भी सबसे कम दामों पर,आईसीआईसीआई और एसबीआई बैंक ट्रांजेक्शन्स पर पाएं 10 प्रतिशत का इंस्टेंट डिस्काउंट,छोटे अप्लायंसेज़ और फर्नीचर पर पाएं1200 रुपये तक का कैश बैक।ग्राहक गर्मियों की ज़रूरी चीजों पर भी टॉप डील्स का लाभ उठा सकते हैं, जिनमें शामिल हैं एयरकूलर, स्विमिंग एक्सेसरीज़ और वॉटर बॉटल्स।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने लॉन्च किया 'इंटरनेशनल रुपे सिलेक्ट डेबिट कार्ड'

चंडीगढ़। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपना पहला वैश्विक भुगतान साधन, इंटरनेशनल रुपे सिलेक्ट डेबिट कार्ड लॉन्च किया है। यह कदम बैंक के आधुनिक, समावेशी और वैश्विक रूप से सुलभ बैंकिंग समाधान प्रदान करने के उद्देश्य का हिस्सा है। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के रिटेल लाइबिलिटीज- टीएएससी एवं टीपीपी प्रमुख, हितेन्द्र झा ने कहा, यह कार्ड रुपे-डिस्कवर नेटवर्क के सहयोग से एटीएम, पीओएस टर्मिनल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर ग्लोबल स्तर पर स्वीकार किया जाता है, जो इसे अक्सर अंतर्राष्ट्रीय यात्रा करने वाले लोगों और उन ग्राहकों के लिए आदर्श बनाता है, जो अपनी बैंकिंग जरूरतों को ऑनलाइन पूरा करना चाहते हैं।एनपीसीआई द्वारा जारी इस डेबिट कार्ड में कई प्रीमियम सुविधाएँ शामिल हैं। इसमें प्रत्येक तिमाही में दो बार देश के हवाई अड्डों पर लाउंज में निःशुल्क प्रवेश और साल में एक बार अंतर्राष्ट्रीय लाउंज का निःशुल्क उपयोग शामिल है। साथ ही, इसमें 10 लाख रुपए का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा और स्थायी विकलांगता कवर प्रदान किया जाता है।

## बजाज फिन्सर्व एएमसी ने लॉन्च किया स्मॉल कैप फंड

जालंधर । बजाज फिन्सर्व एएमसी ने गुणवत्ता, विकास और मूल्य की पेशकश करने वाले बजाज फिन्सर्व स्मॉल कैप फंड, एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना जो मुख्य रूप से स्मॉल कैप स्टॉक में निवेश करता है, इसके शुरुआत की घोषणा की है। यह फंड सब्स्क्रिप्शन के लिए 27 जून 2025 से खुलकर 11 जुलाई 2025 को बंद होगा। स्मॉल कैप में हाल ही में हुआ सुधार दीर्घावधि निवेशकों के लिए एक आकर्षक प्रवेश अवसर उपलब्ध कराता है। हालाँकि 80 प्रतिशत से अधिक स्मॉल-कैप कंपनियों ने 38 प्रतिशत की मजबूत लाभ वृद्धि और ठोस प्रतिफल अनुपात दर्ज किया है, लेकिन उनमें से अधिकांश अभी भी अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर से 15-45 प्रतिशत नीचे ट्रेड हो रहे हैं। इस हालिया बाजार सुधार ने इन कंपनियों के वास्तविक मूल्य और उनके मौजूदा बाजार मूल्यों के बीच एक स्पष्ट अंतर प्रस्तुत कर दिया है। इसकी शुरुआत पर, गणेश मोहन, प्रबंध निदेशक, बजाज फिन्सर्व एएमसी ने कहां, स्मॉल कैप फंड का शुभारंभ भारत के गतिशील स्मॉल कैप जगत की दीर्घकालिक क्षमता में हमारी गहरी आस्था को प्रदर्शित करता है।

## एथर एनर्जी ने 3.7 किलोवाट बैटरी पैक के साथ रिज़्टा एस पेश किया

चंडीगढ । एथर एनर्जी लिमिटेड ने रिज़्टा फैमिली स्कूटर लाइन-अप का विस्तार करते हुए 3.7 किलोवाट बैटरी पैक के साथ नया रिज़्टा एस पेश किया है। नए रिज़्टा एस की आईडीसी रेंज 159 किमी है, इसलिए यह दैनिक आवागमन के लिए उत्तम है। यह आकर्षक मूल्य में ज्यादा रेंज, आराम, गुणवत्ता और विश्वसनीयता प्रदान करता है, जिसके लिए रिज़्टा मशहूर है।रिज़्टा का लॉन्च 2024 में एथर के पहले पारिवारिक स्कूटर के रूप में किया गया था। यह दैनिक उपयोगिता, स्टोरेज और सुरक्षा के लिए डिज़ाइन किया गया था। आज एथर की कुल सेल में रिज़्टा का योगदान 60 प्रतिशत से अधिक है। एथर एनर्जी लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर, रवनीत एस. फोकेला ने कहा, रिज़्टा पूरे देश में परिवारों को बहुत पसंद आया है। 1 लाख से अधिक रिज़्टा स्कूटर बिकना इसकी मजबूत मांग का प्रमाण है।

# मानव कल्याण यात्रा संपन्न, मनीषीसंत ने दिया मानवता का संदेश

चंडीगढ़। शनिवार को मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ठाणा 2 का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश अणुव्रत भवन सैक्टर 24 सी चंडीगढ़ मे हुआ। इस दौरान मनीषीसंत के सानिध्य मे मानव कल्याण यात्रा किसान भवन से शुरू होते हुए अणुव्रत भवन सैक्टर 24 सी से मे पहुंची। इस अवसर पर अनेको श्रावक श्राविकाओं ने किसान भवन से पैदल यात्रा कर मनीषीसंत के साथ अणुव्रत भवन मे प्रवेश किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे तेरापंथ सभा चंडीगढ के अध्यक्ष वेद प्रकाश जैन, विजय शर्मा, विजय गोयल, अंकित जैन, विजय जैन, श्रीमती सरिता बोथरा, श्रीमती शांता चोपडा आदि ने अपने विचारो की अभिव्यक्ति दी। इस अवसर पर प्रज्ञा जैन गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन सलील बंसल ने किया। मनीसंत ने कहा जीवन की सुंदरता, प्रेम, करुणा व दया सहनशीलता के कारण है। समाज में अमीर, गरीब, जाति धर्म, प्रांत, संस्कृति को लेकर जब विवाद होते हैं तो जीवन की सुंदरता समाप्त हो जाती है। इस समागम का उद्देश्य विश्व में प्रेम व भाईचारे का संदेश देना है। भाषा, संस्कृति, रिति रिवाजों, पहनावों में भिन्नता है परंतु अनेकता के होते हुए भी सत्य का बोध होने के बाद एकता के सूत्र में बंधा जा सकता है। इसी बोध के कारण ही भेदभाव की दीवारें गिरती हैं। जीवन प्रेममय और सुंदर हो जाता है। मनीषीसंत ने आगे कहा मानवता का धर्म ही केवल मात्र एक सच्चा धर्म है। ऐसे में सभी धर्म देशों, धर्मो तथा संस्कृतियों को मानने वाले लोग एक साथ रह सकते हैं। सच्चा धर्म जोड़ता है, तोड़ता नहीं। इससे मानने वाले घट-घट में इसी एक का दर्शन करते हैं जिससे मन में भेदभाव, घृणा, द्वेष और हिंसा की भावना समाप्त हो जाती है। विश्व में सब लोग एक दूसरे का सुख दुख बांटने वाले हों और सब के मन में यही धारणा हो।



### आचार्य भिक्षु जी के 300वें जन्मोत्सव का कार्यक्रम 8 को

आचार्यश्री महाश्रमण जी की आज्ञानुवर्ती मनीषीसंतमुनिश्रीविनयकुमारजीआलोक, मुनि श्री सुधाकर कुमार जी के सानिध्य में आचार्य भिक्षु जी के 300वें जन्मोत्सव का विशाल कार्यक्रम सैक्टर-24सी अणुव्रत ग्राउंड मे 8 जुलाई दिन मंगलवार सुबह 10.30 बजे होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होगें। इसके अलावा विशिष्ट अतिथियों मे श्री हरविंदर सिंह कल्याण, अध्यक्ष हरियाणा विधानसभा, श्री अमन अरोड़ा अध्यक्ष आम आदमी पार्टी व इसके अलावा जिंदा शहीद श्री मनजिंदर सिंह बिट्टा चेयरमैन, अखिल भारतीय आतंकवाद निरोधक मोर्चा व श्री संजय टंडन, भाजपा हिमाचल प्रभारी होगें। कायक्रम को लेकर पंजाब, हरियाणा के अलावा ट्राईसिटी के श्रावक श्राविकाओं मे खुशी की लहर देखी जा रही है। श्रावक कार्यक्रम की अंतिम तैयारियों मे जुटे हुए है, उनके चेहरो पर अलग ही खुशी की लहर देखी जा रही है। आचार्य भिक्षु जी के 300वें जन्मोत्सव को लेकर ट्राईसिटी में एक अलग ही खुशी का माहौल है वही तैयारियों मे जुटे कार्यकर्ताओं मे जोश व उत्साह देखते ही बन रहा है।

## पंचांग

रविवार, 6 जुलाई, 2025, सूर्योदय: 05:29 ए एम, सूर्यास्त: 07:23 पी एम, चन्द्रोदय: 03:38 पी एम, चन्द्रास्त: 02:07 ए एम, जुलाई 07, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वत: 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वत: 2081 नल, अमान्त महीना: आषाढ़, पूर्णिमान्त महीना: आषाढ़, वार: रविवार, पक्ष: शुक्ल पक्ष, तिथि: एकादशी - 09:14 पी एम तक, नक्षत्र: विशाखा - 10:42 पी एम तक, योग: साध्य - 09:27 पी एम तक, करण: वणिज - 08:08 ए एम तक, द्वितीय करण: विष्टि - 09:14 पी एम तक, सूर्य राशि: मिथुन, चन्द्र राशि: तुला - 04:01 पी एम तक, राहुकाल: 05:39 पी एम से 07:23 पी एम, गुलिक काल: 03:54 पी एम से 05:39 पी एम, यमगण्ड: 12:26 पी एम से 02:10 पी एम, अभिजित मुहूर्त: 11:58 ए एम से 12:54 पी एम, दुर्मुहूर्त: 05:32 पी एम से 06:27 पी एम, अमृत काल: 12:51 पी एम से 02:38 पी एम, वर्ज्य: 03:07 ए एम, जुलाई 07 से 04:53 ए एम, जुलाई 07

## भविष्य फल



**मेष:** आज आपके कई कार्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। तनाव खत्म होने की वजह से आपके कार्य की गति बढ़ेगी। वाहन सुख मिल सकता है।

**वृष:** अगर आज आप नयी जमीन लेने का प्लान बना रहे हैं तो प्लान कल तक टाल दीजिए।

**मिथुन:** चिंता के विचार आपकी खुशी को बर्बाद कर सकते हैं। ऐसा न होने दें, क्योंकि इनमें अच्छी चीजों को खत्म करने की और समझदारी में निराशा का जहरीला बीज बोने की क्षमता होती है।

**कर्क:** आज आपको पद प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। जिन लोगों से आपकी मुलाकात कभी-कभी ही होती है, उनसे बातचीत और संपर्क करने के लिए अच्छा दिन है।

**सिंह:** आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएंगी आप इनका डटकर मुकाबला करें सफलता हासिल होगी। करियर संबंधी चुनाव आपको थोड़ी परेशानी में डाल सकते है।

**कन्या:** जिन लोगों को आप जानते हैं, उनके जरिए आपको आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे। बच्चों की उनसे जुड़े मामलों में मदद करना आवश्यक है।

**तुला:** कोई अच्छी खबर या बड़ी सफलता अचानक फायदा हो सकता है। आपको जल्दी ही कुछ एक्स्ट्रा आमदनी होने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक:** आज आपका चंचल स्वाभाव आपके लिए थोड़ी परेशानी क्रिएट कर सकता है। बेहतर होगा आप बड़ों की राय को सुने और उनको माने।

**धनु:** बेहतर जिन्दगी के लिए अपनी सेहत और व्यक्तित्व में सुधार लाने कि कोशिश करें। आप अच्छा पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप पारंपरिक तौर पर निवेश करें।

**मकर:** आज आपके व्यावसायिक स्थान पर कार्य भार बढ़ेगा। आपके घरेलू जीवन में अशांति का वातावरण देखने को मिल सकता है।

**कुंभ:** आज आपके सारे पूराने काम आसानी से हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। साइंस से जुड़े बच्चों को अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है।

**मीन:** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है। आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी।

# आज होगा पूज्य अरुण मुनि जी महाराज का बहुप्रतीक्षित मंगल प्रवेश

**पानीपत जैन समाज में उत्सव का माहौल**

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

पानीपत। आज का दिन पानीपत जैन समाज के लिए ऐतिहासिक बन गया है। संघ शास्ता, शासन प्रभावक, पूज्य गुरुदेव श्री सुदर्शन लाल जी महाराज के सुशिष्य, आगम ज्ञाता, युवा प्रेरक योगिराज पूज्य अरुणचन्द्र मुनि जी महाराज अपने संघ सहित आज पानीपत अग्रवाल मंडी जैन स्थानक में चातुर्मास हेतु मंगल प्रवेश करेंगे।

विहार प्रातः 7:30 बजे गांधी मंडी जैन स्थानक, ठाणे-4 से आरंभ होकर जी.टी. रोड होते हुए अग्रवाल मंडी स्थानक पहुंचेगा। साथ में पूज्य श्री अभिषेक मुनि जी, श्री अभिनंदन मुनि जी तथा श्री अमृत मुनि जी महाराज भी विराजमान हैं। इस शुभ अवसर पर पूरे उत्तर भारत से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।



इस धार्मिक प्रवेश यात्रा कि शुरुआत के मुख्य अतिथि होंगे पानीपत के पुलिस अधीक्षक (एसपी), जबकि अग्रवाल मंडी जैन सभा में गुरुओं के पहुंचने पर स्वागत समारोह में पूर्व सांसद संजय भाटिया, विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति दर्ज होगी।

जैसे ही पूज्य गुरुदेव अग्रवाल मंडी जैन स्थानक में प्रवेश करेंगे, विशाल सभा हॉल में 'गुरुदेव सुदर्शन अरुण दरबार' श्रद्धालुओं की भक्ति, जयघोष से गूंज उठेगा। गुरुदेव सभी को मंगल प्रवचन और आशीर्वाद प्रदान करेंगे, जिससे समस्त वातावरण धर्ममय हो उठेगा।

अग्रवाल मंडी जैन सभा के महामंत्री श्री राजेंद्र प्रसाद जैन ने बताया कि 'पानीपत का संपूर्ण जैन समाज इस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहा था। आज वह पावन क्षण आ गया है, जब हमारे गुरुदेव इस भूमि पर पधार रहे हैं।'

सभा अध्यक्ष श्री गौतम जैन ने अपील की है कि 'हर घर से श्रद्धालु इस पावन प्रवेश में शामिल हों और गुरु दरबार में अपनी श्रद्धा का उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि यह चातुर्मास पूरे शहर का है।'

विहार स्थल: गांधी मंडी जैन स्थानक, प्रातः 7:30 बजे

मंगल प्रवेश स्थल: अग्रवाल मंडी जैन स्थानक, चातुर्मास स्थल: अग्रवाल मंडी एवं अंशल जैन स्थानक, पानीपत, आज का यह दिन पूरे पानीपत में धर्म, भक्ति और गुरु-चरणों की ऊर्जा से अनुप्राणित रहने वाला है।

# डीसी अम्बाला ने किया उपमंडल कार्यालय का निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा

**अम्बाला /बराड़ा।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शनिवार को उपमंडल बराड़ा (ना0) कार्यालय का निरीक्षण किया। इससे पहले उपायुक्त का यहां पहुंचने पर एसडीएम बराड़ा शाश्वत् सांगवान व डीएसपी बराड़ा सुरेश कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने निरीक्षण के दौरान यहां की कार्यप्रणालाी की जानकारी हासिल करते हुए यहां पर लोगों को जो सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है उसकी जानकारी ली। उन्होंने यहां पर लोगों के बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ कितने टोकन काटे जाते है, उसकी भी जानकारी ली। उन्होनें ग्राउंड फ्लोर कॉन्फ्रैंस हाल, सब ट्रैजरी के साथ-साथ कौन-कौन से विभागों के कार्यालय स्थित है उसकी भी जानकारी ली। उन्होने यहां पर कितने सर्कल है तथा कितने पटवारी है तथा वे यहां पर कब-कब बैठते है उसकी भी जानकारी लेते हुए उन्हें कहा कि मानसून सीजन में यह ध्यान रखे कि कही पर भी यदि जलभराव होता है तो उसकी सूचना तुरंत एसडीएम व जिला प्रशासन को दे। उन्होने यह भी कहा कि जो भी व्यक्ति यहां पर अपने कार्यो के लिए आता है उनके कार्यो को प्राथमिकता एवं पारदर्शी तरीके से करना सुनिर्श्चित करे।

उन्होंने एसडीएम से उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों की भी जानकारी ली और कहा कि समाधान शिविर में जो भी शिकायत प्राप्त होती है उन शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से समाधान करवाएं । उन्होंने बराड़ा डीएसपी सुरेश कुमार से भी कूानन व्यवस्था के बारे जानकारी ली और कहा कि यदि सही समय पर लोगों से संवाद हो जाए तो लोगों की जो भी शिकायते रहती है उसका प्राथमिकता से समाधान हो जाता है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान यह भी कहा कि मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियां ठीक होनी चाहिए। यदि कहीं पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो तो संबधित विभाग बेहतर समन्वय बनाते हुए कार्य करे ताकि लोगों को जलभराव की स्थिति का सामना ना करना पड़े। उन्होंनें निरीक्षण के दौरान अन्य व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी ली। इस मौके पर नायब तहसीलदार गीता राम, बराड़ा डीएसपी सुरेश कुमार के साथ -साथ अन्य स्टाफगण मौजूद रहा।

# डीसीआरयूएसटी के 17 शोधार्थियों को पीएचडी के पात्र घोषित किया: कुलगुरु प्रो. सिंह




**सतत प्रयास से विश्वविद्यालय विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल के कुलगुरु प्रो. प्रकाश सिंह के गंभीर व सतत प्रयास से विश्वविद्यालय विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। कुलगुरु प्रो.सिंह ने परीक्षकों के बोर्ड तथा शोध समिति की अनुशंसा पर 17 विद्यार्थियों को पीएचडी उपाधि का पात्र घोषित किया है। उन्होंने पीएचडी के पात्र घोषित किए 17 शोधार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कुलगुरु प्रो. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में गुणवत्ता पूर्वक शोध पर बढ़ावा दिया जाता है। शोध को बढावा देने के लिए विश्वविद्यालय प्रत्येक विभाग के दो शोधार्थियों को नियमानुसार 25 हजार रुपए मासिक स्कालरशिप दी जाएगी। इसके अतिरिक्त पीएचडी कर रहे प्रत्येक शोधार्थी को नियमानुसार 10 हजार रुपए आकस्मिक व्यय के लिए भी दिए जाएगें।

पीएचडी उपाधि के पात्र घोषित किए गए अभ्यर्थियों में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग से कपिल सैनी व पुष्पा, मैनेजमेंट स्टडीज से सरिता यादव, विंकी रानी व सुरभी दहिया,मैकेनिकल इंजीनियरिंग से आशीष व फिजिक्स से सुप्रिया सहरावत, पूजा नेहरा व दीपक, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से लोकेंद्र कुमार, सिविल इंजीनियरिंग से परमिंदर गिल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग से सर्वेश कुमार शर्मा, ललिता यादव व नीति, मैथमेटिक्स से कविता, बायोटेक्नोलॉजी से प्रिया व अमरेश कुमार शामिल हैं। इन सभी अभ्यर्थियों की पीएचडी उपाधि संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई है।

कुलगुरु प्रो. सिंह ने पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किए गए सभी शोधार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए अन्य शोधार्थियों को गुणवत्ता पूर्वक शोध करने के लिए प्रेरित किया। कुलगुरु प्रो. सिंह के गंभीर एवं सतत प्रयास से विश्वविद्यालय विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हैं।

### केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने गुजरात में रखी देश की पहली सहकारी यूनिवर्सिटी की आधारशिला

# सहकारिता आंदोलन को मिलेगी नई उड़ान : अमित शाह

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

गांधीनगर। अमित शाह ने शनिवार को गुजरात के आणंद में देश के पहले सहकारी विश्वविद्यालय 'त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी' का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और मुरलीधर मोहोळ, सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज का दिन सहकारिता क्षेत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने त्रिभुवन दास पटेल जी को सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि चार साल पहले प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के करोड़ों गरीबों और ग्रामीणों के जीवन में आशा का संचार करने और उन्हें आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के बाद से पिछले 4 साल में सहकारिता मंत्रालय ने भारत में सहकारिता क्षेत्र के विकास, संवर्धन और समविकास के लिए 60 नई पहल की हैं। श्री शाह ने कहा कि ये सभी पहल सहकारिता आंदोलन को चिरंजीव, पारदर्शी, लोकतांत्रिक बनाने, विकसित करने, सहकारिता के माध्यम से किसानों की आय को बढ़ाने और सहकारिता आंदोलन में मातृशक्ति और युवाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए की गईं।

अमित शाह ने कहा कि आज यहां 125 एकड़ में 500 करोड़ रूपए की लागत से देश के पहले त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी की आधारशिला रखने का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि आज त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी का शिलान्यास सहकारिता क्षेत्र को मज़बूत करने में रह गई सभी कमियों को पूरा करने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज देशभर में सहकारिता आंदोलन बहुत तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस यूनिवर्सिटी का शिलान्यास प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में एक युगांतरकारी कदम है। आज देशभर में 40 लाख कर्मी सहकारिता आंदोलन के साथ जुड़े हैं, 80 लाख बोर्ड्स के सदस्य हैं और 30 करोड़ लोग, यानी देश का हर चौथा व्यक्ति, सहकारिता आंदोलन से जुड़ा हुआ है।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र के विकास के लिए सहकारिता के कर्मचारियों और सहकारी समितियों के सदस्यों के प्रशिक्षण के लिए पहले कोई सुचारू व्यवस्था नहीं थी। उन्होंने कहा कि पहले कोऑपरेटिव में भर्ती के बाद कर्मचारी को ट्रेनिंग दी जाती थी, लेकिन अब यूनिवर्सिटी बनने के बाद जिन्होंने प्रशिक्षण लिया है, उसी को नौकरी मिलेगी। श्री शाह ने कहा कि इसके कारण सहकारिता में भाई-भतीजावाद खत्म हो जाएगा, पारदर्शिता आएगी और जो सहकारी यूनिवर्सिटी से प्रशिक्षित होकर निकलेगा, उसी को सहकारी क्षेत्र में नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस यूनिवर्सिटी में युवा तकनीकी विशेषज्ञता, अकाउंटेंसी, वैज्ञानिक अप्रोच और मार्केटिंग के सारे गुण तो सीखेंगे ही, साथ ही उन्हें सहकारिता के संस्कार भी सीखने को मिलेंगे कि









सहकारिता आंदोलन देश के दलित, महिलाओं और आदिवासियों के लिए है। उन्होंने कहा कि सहकारी क्षेत्र की कई समस्याओं का समाधान इस सहकारी यूनिवर्सिटी से हो जाएगा।

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश में 2 लाख नए प्राथमिक कृषि ऋण समितियाँ बनाने का निर्णय लिया है जिनमें से 60 हज़ार नए पैक्स इस वर्ष के अंत तक बन जाएंगे। उन्होंने कहा कि 2 लाख पैक्स में ही 17 लाख कर्मचारी होंगे। इसी प्रकार, कई ज़िला डेयरी बन रही हैं और इन सबके लिए ट्रेंड मैनपावर की ज़रूरत भी त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय पूरा करेगा। श्री शाह ने कहा कि यह यूनिवर्सिटी सहकारिता में नीति निर्माण, डेटा विश्लेषण और देश के कोऑपरेटिव के विकास की 5 साल, 10 साल और 25 साल की रणनीति बनाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि अनुसंधान को भी इस यूनिवर्सिटी के साथ जोड़ा गया है। यह यूनिवर्सिटी सिर्फ सहकारी कर्मचारी तैयार नहीं करेगी बल्कि यहां से त्रिभुवन दास जी जैसे समर्पित सहकारी नेता भी निकलेंगे जो भविष्य में सहकारिता क्षेत्र का नेतृत्व करेंगे। श्री शाह ने कहा कि सीबीएसई ने 9 से 12 कक्षा के पाठ्यक्रम में सहकारिता विषय को जोड़ा है। गुजरात सरकार को भी अपने पाठ्यक्रम में सहकारिता विषय को जोड़ना चाहिए जिससे आम लोग सहकारिता के बारे में जान सकें।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी का नाम त्रिभुवन दास किशिभाई पटेल के नाम पर रखा गया है। इस कोऑपरेटिव यूनिवर्सिटी की नींव पारदर्शिता, जवाबदेही, अनुसंधान और सहकारी संघवाद की भावना के विकास के लिए डाली गई है, उसके नाम के लिए त्रिभुवनदास पटेल जी से उचित व्यक्ति कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि त्रिभुवन दास जी ने सरदार पटेल के मार्गदर्शन में इसी भूमि पर एक नए विचार का बीज बोने का काम किया था। त्रिभुवन दास जी ने दूध इकट्ठा करने की एक छोटी सी मंडली बनाई और उसके माध्यम से किसानों को सशक्त करने के लिए एक बहुत बड़ा अभियान चलाया। श्री शाह ने कहा कि 1946 में खेड़ा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ की स्थापना हुई और आज त्रिभुवन दास द्वारा बोया गया वह बीज एक विशाल वट वृक्ष बनकर खड़ा है, जिसमें 36 लाख बहनें 80 हज़ार करोड़ रुपए का कारोबार करती हैं और किसी की 100 रुपए से अधिक पूंजी नहीं लगी है। श्री शाह ने कहा कि [illegible] की शोषणकारी नीति के सामने सहकारी संगठन की शक्ति को खड़ा करने का काम त्रिभुवन दास जी ने ही किया था। उन्होंने कहा कि आज अमूल विश्व में खाने-पीने की चीज़ों का सबसे मूल्यवान ब्रांड बनकर उभरा है। त्रिभुवन दास जी के ही विजन के कारण दुनियाभर की निजी डेयरियों के सामने आज हमारे देश की कोऑपरेटिव डेयरी सीना तानकर खड़ी है। एक सहकारी नेता सहकारिता के हर सदस्य की भलाई के लिए जब काम करता है, तो राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र को समृद्ध बनाने की प्रक्रिया में कितना बड़ा योगदान दे सकता है, इसका एक आदर्श उदाहरण त्रिभुवन दास जी ने प्रस्तुत किया था।

अमित शाह ने कहा कि 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'सर्वे भवन्तु सुखिन' हमारे देश के मूल विचार और संस्कृति की नींव हैं और उसी से सहकारिता की भावना पैदा हुई है। यह संस्कृति आर्थिक कल्याण के साथ-साथ मानव कल्याण, पशु कल्याण और पर्यावरण को समृद्ध करने के साथ साथ अब गरीब कल्याण के क्षेत्र में भी अपना योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि 30 करोड़ सदस्यों वाले सहकारी आंदोलन में शिक्षा, प्रशिक्षण और नवाचार के वैक्यूम को भरने का काम यह सहकारी यूनिवर्सिटी करेगी। यह यूनिवर्सिटी नीतियों का निर्माण, नवाचार को बढ़ावा देगी, अनुसंधान की नींव डालेगी, प्रशिक्षण देगी और देशभर के सहकारी संस्थाओं के प्रशिक्षण का एकसमान कोर्स तैयार कर सहकारिता को एकसाथ आगे बढ़ाने का काम करेगी। यह यूनिवर्सिटी प्रतिभाओं को प्लेटफॉर्म देने का काम करेगी और यहीं से सहकारिता की नीति बनेगी, जो सबका मार्गदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि 2 लाख नए और 85 हजार पुराने पैक्स के माध्यम से सभी योजनाओं को जमीन पर उतारने का काम भी यह विश्वविद्यालय करेगा।

## गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सेक्टर 20 डी, चंडीगढ़ वन महोत्सव 2025



### माननीय राज्यपाल द्वारा चंडीगढ़ के गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन में वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। यूटी चंडीगढ़ द्वारा आयोजित वन महोत्सव 2025 के अंतर्गत आज गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सेक्टर 20 डी, चंडीगढ़ में विशेष वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंजाब के माननीय राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर इस अभियान का शुभारम्भ किया। इस मौके पर मंदीप बराड़, आईएएस, गृह सचिव, यूटी चंडीगढ़; सौरभ कुमार, आईएफएस, मुख्य वन संरक्षक, अनूप सोनी, आईएफएस, वन संरक्षक; नवनीत श्रीवास्तव, आईएफएस, उप वन संरक्षक और राज कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक, यूटी चंडीगढ़, रुबिंदरजीत सिंह बराड़, पीसीएस, निदेशक उच्च शिक्षा, यूटी चंडीगढ़ एवं नेमी चंद, राज्य संपर्क अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए और सभी ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सपना नंदा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर गुलाब चंद कटारिया ने वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए इसे पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने एवं हरित भविष्य की दिशा में एक आवश्यक कदम बताया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एनएसएस इकाइयों, इको क्लब एवं कॉलेज प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। कॉलेज परिसर में 120 नये पौधे लगाए गए, जहां पहले से ही सैकड़ों पेड़ लगे हुए हैं।

वन महोत्सव के अवसर पर, पंजाब के माननीय राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने शहर भर में कुल 253 स्थलों में से 23 स्थलों पर वृक्षारोपण करके इस पहल का नेतृत्व किया। इस व्यापक स्तर पर आयोजित समारोह का उद्देश्य नागरिकों में पर्यावरणीय जागरूकता, संरक्षण और सतत विकास की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। इस वृक्षारोपण अभियान में छात्रों, शिक्षकों एवं गणमान्य अतिथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे यह अभियान अत्यंत सफल रहा।

वन महोत्सव 2025 का आयोजन यूटी प्रशासन की पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पहल नागरिकों को वृक्षारोपण एवं संरक्षण कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करेगी, जिससे शहर को और अधिक सुंदर, स्वच्छ एवं हरित बनाने में सहयोग मिलेगा।

## अतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन पंजाब एवं चंडीगढ़, 15 युवाओं को दिया गया ओपी जिंदल अवार्ड



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। अतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन पंजाब एवं चंडीगढ़ प्रदेश द्वारा 5वां वार्षिक भव्य संगीतमय स्वागत एवं सम्मान समारोह महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीच्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन पंजाब के ऑडिटोरियम सेक्टर 26 चंडीगढ़ में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पजांव हरियाणा से सैकडो अग्रवाल/वैश्य समाज के महानुभाव शामिल हुए, महा सम्मेलन में पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री वरिंद्र गोयल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उन्होंने महाराजा श्री अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। इस मौके पर राष्ट्रीय जांच एजेन्सी भारत सरकार एवं पंजाब पुलिस के रिं महानिदेशक दिनकर गुप्ता आईपीएस की अध्यक्षता में आयोजित इस आयोजन में संस्था के संस्थापक सर्वोच्च न्यायालय के रि.जस्टिस अशोक भान,संरक्षक जस्टिस एस एन अग्रवाल,संरक्षक जस्टिस आर के गर्ग,संरक्षक रि.आईएएस जे बी गोयल,संरक्षक रि.आईएएस धर्मपाल गुप्ता, संरक्षक रि.आईएएस डा.वी सी गुप्ता,जस्टिस आर सी गुप्ता,जस्टिस एल एन मित्तल शामिल हुए। इस भव्य कार्यक्रम में विख्यात पंजाबी कलाकार देशभक्ति एंव आप्रेशन सिंधुर के साथ - साथ सामाजिक गीत, पंजाबी भंगड़ा आदि प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान देवराज गर्ग की पुत्री एवं महाराजा अग्रसेन सेवा संगठन मनीमाजरा के चेयरमैन सतबीर गर्ग की पोती द्वारा

सीबीएसई 12वीं कक्षा की परीक्षा में 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली श्रेया गर्ग को ओपी जिंदल अवार्ड से सम्मानित किया गया । पंजाब प्रदेश के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला एवं चंडीगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष राज कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में संघ लोक सेवा आयोग-2024 की परीक्षा पास करने वाले अग्रवाल/वैश्य समाज के 15 युवाओं को अग्रवाल/वैश्य समाज के शिरोमणि विश्व विख्यात उधोगपति 'ओ पी जिंदल अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

## मंत्री जोगाराम पटेल ने किया भामाशाह द्वारा निर्मित प्रवेश द्वार और प्याऊ का लोकार्पण

अर्थ प्रकाश/मनोहर लाल

जयपुर। संसदीय कार्य विधि एवं विधिक कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बासनी करवड़ में भामाशाह द्वारा निर्मित प्रवेश द्वार और प्याऊ का विधिवत लोकार्पण किया। संसदीय कार्य मंत्री श्री पटेल ने कहा माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शैक्षणिक उन्नयन एवं विद्यालयों में अवसंरचना विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा आधारभूत अवसंरचना विकास के लिए इस बजट में 225 करोड़ रुपए और प्रदेश के 175 भवनविहीन एवं जर्जर विद्यालयों के नवीन भवनों के लिए 200 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है। श्री पटेल ने कहा विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को सुरक्षित वातावरण देने के लिए राज्य के 15 हजार विद्यालयों में 75 करोड़ रुपये की लागत से सीसीटीवी कैमरों की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा 2 हजार विद्यालयों के भवनों की मरम्मत के लिए 175 करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। उन्होंने कहा विद्यार्थियों में उद्यमिता तथा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 1500 विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना की जा रही है। श्री पटेल ने कहा बजट घोषणा के अनुरूप केरू ब्लॉक में महाविद्यालय का सुचारू संचालन भी शुरू कर दिया है और भवन निर्माण का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा हनुमानजी का बाड़िया से केरू सड़क सहित केरू क्षेत्र में एक अरब से भी अधिक लागत के सड़क निर्माण के कार्य चल रहे है। श्री पटेल ने कहा क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए बजट घोषणा के अनुरूप केरू में ट्रॉमा सेंटर और केरू सीएचसी को मॉडल सीएचसी के रूप में विकसित किया जा रहा है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा आमजन और किसानों को राजस्व एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए अन्यत्र नहीं जाना पड़े इसीलिए केरू में नवीन तहसील कार्यालय की घोषणा की गई और कार्यालय शुभारंभ शीघ्र किया जाएगा। श्री पटेल ने कहा विद्यालय भारत के भविष्य निर्माण के केंद्र है।

### बौद्ध और सिख श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी

## अब तीर्थ यात्रा का खर्च उठाएगी उत्तर प्रदेश सरकार

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बौद्ध और सिख श्रद्धालुओं की धार्मिक यात्राओं की आस पूरी करने के लिए एक बड़ा निर्णय लिया है। शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि तीर्थ यात्राएं भारतीय संस्कृति में आत्मिक उत्थान और सामाजिक समरसता का माध्यम रही हैं। ऐसे में राज्य सरकार का दायित्व है कि वह नागरिकों को उनकी आस्था से जुड़े स्थलों तक पहुंचने में सहायता प्रदान करे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बौद्ध श्रद्धालुओं की विशिष्ट तीर्थ यात्राओं हेतु 'बौद्ध तीर्थ दर्शन योजना' और सिख श्रद्धालुओं के लिए 'पंच तख्त यात्रा योजना' प्रारम्भ की जाए। इन योजनाओं के माध्यम से श्रद्धालुओं को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा, जिससे वे अपनी आस्था के प्रमुख तीर्थस्थलों की यात्रा सुलभता से कर सकें।

मुख्यमंत्री के मंशानुसार बौद्ध तीर्थ दर्शन योजना का उद्देश्य प्रदेश के निवासी हिन्दू/बौद्ध श्रद्धालुओं को देश के विभिन्न भागों में स्थित बौद्ध तीर्थ स्थलों की यात्रा की साध पूरी कराना है। मुख्यमंत्री ने योजना के लाभार्थियों के चयन में बौद्ध भिक्षुओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार, पंच तख्त यात्रा योजना सिख श्रद्धालुओं के लिए होगी। इसके अंतर्गत प्रदेश के निवासी सिख श्रद्धालुओं को भारत के पाँच पवित्र 'तख्त साहिब' स्थल की यात्रा कराई जाएगी। बता दें कि सिख पंथ के लिए पवित्र पंच तख्त स्थलों में 'श्री आनंदपुर साहिब, पंजाब, श्री अकाल तख्त साहिब, अमृतसर, पंजाब, श्री दमदमा साहिब, तलवंडी साबो, पंजाब, श्री तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़, महाराष्ट्र, श्री हरमंदिर जी साहिब (पटना साहिब), बिहार, शामिल हैं। प्रस्तावित दोनों ही योजनाओं में प्रति व्यक्ति न्यूनतम 10,000 की राशि अनुदान के रूप में प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि दोनों योजनाओं के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी जानी चाहिए, श्रद्धालुओं के चयन में पूरी पारदर्शिता के साथ कमजोर आय वर्ग के लोगों को वरीयता दी जानी चाहिए। दोनों ही योजनाएं आईआरसीटीसी के सहयोग से संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ये दोनों योजनाएं श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और धार्मिक आस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लागू की जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि ये योजनाएं प्रदेश की समावेशी विकास नीति और 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना को और सशक्त करेंगी। प्रदेश की धार्मिक सहिष्णुता और पर्यटन को नया आयाम देंगी, साथ ही 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को भी मूर्त रूप प्रदान करेंगी।

## निसान मैग्नाइट के लिए सीएनजी रेट्रोफिटमेंट के दूसरे चरण की शुरुआत की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** निसान मोटर इंडिया ने आज अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी नई निसान मैग्नाइट के लिए सीएनटी रेटोफिटमेंट किट उपलब्ध कराने के दूसरे चरण की शुरुआत का एलान किया। इको फ्रेंडली सीएनजी का विकल्प अब राजस्थान, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में निसान की अधिकृत डीलरशिप पर उपलब्ध होगा।

पहले चरण में सीएनजी रेट्रोफिटमेंट विकल्प को 7 राज्यों दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल और कर्नाटक में उपलब्ध कराया गया था। दूसरे चरण की लॉन्चिंग के साथ अब सीएनजी रेट्रोफिट वैरिएंट देश के 13 राज्यों में उपलब्ध है। कंपनी इसके तीसरे चरण की तैयारी भी कर रही है। इस किफायती और पर्यावरण के अनुकूल मोबिलिटी सॉल्यूशन को लेकर ग्राहकों की मजबूत मांग को देखते हुए दूसरा चरण शुरू किया गया है। रेट्रो फिटमेंट किट को सरकार द्वारा प्रमाणित थर्ड पार्टी वेंडर मोटोजेन ने डेवलप, मैन्यूफैक्चर और क्वालिटी एश्योर किया है। 74,999 रुपये की आकर्षक कीमत में उपलब्ध कराई जा रही रेट्रोफिटमेंट किट नई मैग्नाइट के 1.0 लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन (मैनुअल ट्रांसमिशन) वैरिएंट के लिए होगी। अपने सेगमेंट में सबसे ज्यादा 336 लीटर बूट स्पेस के साथ मैग्नाइट लगातार बेहतरीन लगेज कैपेसिटी प्रदान कर रही है। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा, 'सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के दूसरे चरण की शुरुआत स्वच्छ परिवहन की बढ़ती मांग और मैग्नाइट की खूबी से समझौता किए बिना ग्राहकों को भरोसेमंद एवं उच्च गुणवत्ता वाले विकल्प प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाती है।

### मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की अध्यक्षता में 50वें सीआरडीए प्राधिकरण में लिए गए निर्णय

## राजधानी में 20,494 एकड़ भूमि अधिग्रहण को सरकार का हरी झंडी

अर्थ प्रकाश /बोम्मा रेड्डी



अमरावती। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की अध्यक्षता में हुई 50वें सीआरडीए प्राधिकरण की बैठक में राजधानी के निर्माण के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सीआरडीए प्राधिकरण ने कुल सात मदों को अपनी मंजूरी दी है। उंडावल्ली स्थित सीएम कैंप कार्यालय में आयोजित सीआरडीए प्राधिकरण की बैठक में नगर निगम मंत्री पी. नारायण, सरकार के मुख्य सचिव के. विजयानंद, सीआरडीए, एडीसी, वित्त विभाग और सीसीएलए के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। प्राधिकरण ने राजधानी के भीतर 20,494 एकड़ भूमि के अधिग्रहण को मंजूरी दी है। सीआरडीए प्राधिकरण ने पलानाडु जिले के अमरावती मंडल के वैकुंठपुरम, पेदामद्दुर, यंद्राई, कार्लापुडिलेमल्ले और गुंटूर जिले के टुल्लूर मंडल के वड्डमनु, हरिश्चंद्रपुरम और पेदापारिम गांवों में इस जमीन के अधिग्रहण को मंजूरी दी है। इसने राजधानी में उच्च घनत्व वाले आवासीय क्षेत्रों सहित मिश्रित विकास परियोजनाओं के लिए आरएफपी के निमंत्रण को मंजूरी दी है। इसने सीआरडीए को मंडम, रायपुडी और पिचूकलापलेम में वित्त और खेल शहरों में लगभग 58 एकड़ में उच्च घनत्व वाले आवासीय क्षेत्रों और मिश्रित विकास परियोजनाओं के निर्माण के लिए आरएफपी आमंत्रित करने की अनुमति दी है। सीआरडीए प्राधिकरण ने अमरावती में बनने वाले पांच सितारा होटलों के पास अंतरराष्ट्रीय मानकों वाले कन्वेंशन सेंटर के निर्माण के लिए सीआरडीए द्वारा दिए गए प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी है प्राधिकरण ने गुणवत्ता आधारित चयन के आधार पर इन सम्मेलन केंद्रों के निर्माण को मंजूरी दी है।

सीआरडीए को राजधानी अमरावती में चल रहे निर्माण कार्यों के लिए कृष्णा नदी से रेत निकालने की अनुमति दी गई है। राजधानी में वर्तमान में चल रहे 49,040 करोड़ रुपये के कार्यों के साथ, सीआरडीए ने अनुमान लगाया है कि अगले दो वर्षों में विभिन्न परियोजनाओं के लिए 160 लाख घन मीटर रेत की आवश्यकता होगी। सीआरडीए ने जल संसाधन विभाग से प्रकाशम बैराज के ऊपर राजधानी के निर्माण के लिए आवश्यक रेत को निकालने की अनुमति देने का अनुरोध किया है। सीआरडीए प्राधिकरण ने दो साल के लिए राजधानी परियोजनाओं के लिए आवश्यक रेत खोदने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने प्राधिकरण की बैठक में कहा कि रेत निकालने की प्रक्रिया पर 286 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

सीआरडीए प्राधिकरण ने राजधानी अमरावती में विभिन्न संस्थानों को भूमि आवंटन पर मंत्रिस्तरीय उप-समिति द्वारा लिए गए निर्णयों को भी अपनी मंजूरी दे दी। सीआरडीए प्राधिकरण ने केंद्रीय जांच ब्यूरो को 2 एकड़, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण को 2 एकड़, राज्य फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला को 5 एकड़, आंध्र प्रदेश सहकारी बैंक लिमिटेड को 0.495 एकड़, पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी को 12 एकड़ और एमएसके प्रसाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी को 12 एकड़ जमीन आवंटित करने की मंजूरी दी है। सीआरडीए प्राधिकरण ने आयकर विभाग को 2 एकड़, एपी ग्रामीण बैंक को 2 एकड़, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को 0.40 एकड़, एसआईबी को 0.50 एकड़, इमिग्रेशन ब्यूरो को 0.50 एकड़, केआईएमएस अस्पताल और मेडिकल कॉलेज को 25 एकड़, भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के निर्माण के लिए 2 एकड़ और बेसिल वुड्स इंटरनेशनल स्कूल को 4 एकड़ जमीन आवंटित करने की भी मंजूरी दी है। राजधानी क्षेत्र में मंगलगिरी के पास ई-15 रोड पर चार लेन के आरओबी के निर्माण को सीआरडीए प्राधिकरण ने अपनी मंजूरी दे दी है।

मुख्यमंत्री ने राजधानी अमरावती में प्रेरणादायी लोगों के स्मारक स्थापित करने का आदेश दिया है। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को मान्यम वीरुडु अल्लूरी सीताराम राजू और अमरजीवी पोट्टी श्रीरामुलु की प्रतिमाएं स्थापित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि विभिन्न क्षेत्रों में बनाए जा रहे इको-पार्कों को भी अच्छे नाम दिए जाने चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि अधिकारियों को नई परियोजनाओं के लिए बिना किसी फिजूलखर्ची के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि अमरावती राज्य के लोगों की भावना है और राज्य सचिवालय का निर्माण पिछले दिनों रिकॉर्ड समय में किया गया था, और काम उसी भावना के साथ पूरा किया जाना चाहिए।

## ग्रामीण विकास की रीढ़ की हड्डी हैं पंचायती राज संस्थाएं : मुख्यमंत्री साय



अर्थ प्रकाश/अखिलेश कुमार

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के निमोरा स्थित ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान में आयोजित नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों के लिए तीन दिवसीय आधारभूत/उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण विकास की रीढ़ की हड्डी हैं। नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों के रूप में आप सभी के पास बहुत बड़ा अवसर और बड़ी जिम्मेदारी है। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो एक व्यक्ति भी पूरे जिले की तस्वीर बदल सकता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लोक कल्याण की भावना से जनता की सेवा करने वालों को जनता स्वयं आगे बढ़ाती है। अपने राजनीतिक जीवन के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने भी अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत पंच के रूप में की थी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि राजनीति में आऊंगा। 10 वर्ष की आयु में पिताजी के स्वर्गवास के बाद मेरे कंधों पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी आ गई। मेरा पूरा जीवन संघर्ष में बीता। मैं सरपंच भी बनूंगा, यह मैंने कभी कल्पना नहीं की थी, लेकिन जनता का आशीर्वाद मिला, जिससे विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री के रूप में सेवा का अवसर प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कुछ कर गुजरने के लिए संसाधनों से अधिक महत्वपूर्ण इच्छाशक्ति होती है। जनहित में कार्य करने की सोच से अकेला व्यक्ति भी बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि मुझे जिन प्रेरणादायी लोगों के जनसेवा के कार्यों को निकट से देखने का अवसर मिला, उनमें ओडिशा के डॉ. अच्युत सामंत और नानाजी देशमुख का उल्लेख करना चाहूंगा। अभावों में पले-बड़े डॉ. अच्युत सामंत ने आजीवन जनता की सेवा का संकल्प लिया।

# उरवा की मेहनत लाई रंग, ढकोली निवासियों को रेलवे ओवरब्रिज का जल्द मिलेगा तोहफा

65 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा फ्लाइओवर, उरवा के सदस्य पिछले चार वर्षों से अंडर पास बनाने के लिए कर रहे संघर्ष

भाजपा नेता बन्नी संधु ने लोगों की मुलाकात राज्यसभा मेंबर सतनाम सिंह संधु से करवाई



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 5 जुलाई।** लंबे समय से ढकोली निवासियों की रेलवे फाटक पर अंडर पास बनाने की मांग और संघर्ष ने अब रफ्तार पकड़ ली है और उम्मीद जताई जा रही है के जल्द यहां अब अंडर पास की जगह ओवर ब्रिज बनाया जाएगा। जिसके लिए केंद्र सरकार ने 65 करोड़ का बजट पास किया है और उसकी ड्राइंग आदि बनाने का काम भी लगभग पूरा हो चूका है। रेलवे अंडर पास बनाने के लिए ढकोली की 15 सोसायटियों के प्रधानों ने मिलकर उरवा नामक एक संस्था बनाकर सांझे तौर पर पिछले चार वर्षों से संघर्ष किया जा रहा था। जिस रफ्तार भाजपा के सीनियर नेता बन्नी संधु ने बढ़ा दी है। उरवा रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी द्वारा भाजपा नेता बन्नी संधु से इस सबंधी मुलकात की तो उन्होंने राज्यसभा मेंबर सतनाम सिंह संधु से उनकी मुलकात करवा लोगों की समस्या का हल करने की गुहार लगाई तो उन्होंने रेलवे मनिस्ट्री में रवनीत सिंह बिट्टू को पत्र लिख कर फैक्स कर दिया है। जिसके बाद फाइल आखरी पड़ाव में पहुंच गई है और लोगों को उम्मीद मिली है के अब यहां फ्लाईओवर जल्द बन जाएगा, क्योंकि 65 करोड़ का सारा बजट केंद्र सरकार द्वारा ही दिया जा रहा है। बता दें के पहले यहां 10 करोड़ कि लागत से 10 फ़ीट का अंडर पास बनाने कि योजना थी। लेकिन लोगों के राय व सर्वे के बाद पाया गया के यह काफी नहीं होगा तो जिसके बाद अब 15 फ़ीट ऊंचा फ्लाइओवर बनाने कि योजना बनाई गई है।

उरवा के सदस्य पिछले चार वर्षों से यहां अंडर पास बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे और लोगों के संघर्ष को देखते साढ़े 5 करोड़ की लागत से अंडर पास बनाने की योजना पास हो गई थी और आधा पैसा नगर परिषद ने जमा भी करवा दिया था। जिसके बाद यहां फ्लाइओवर बनाना तय हुआ है। बता दें के ढकोली की आबादी करीब डेढ़ से दो लाख के आसपास पहुंच गई है और लोगों यहां से निकलना पड़ता है, यहां तक सरकारी अस्पताल जाने के लिए यहीं रास्ता है। यहां से कुल 65 ट्रेने रोजाना निकलती है और बीस से तीस मिनट में फाटक बंद हो जाता है। जिस कारण यहां जाम लग जाता है और लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी लेकिन अब फ्लाइओवर बनने के बाद लोगों की समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा।

> ढकोली निवासी काफी समय से रेलवे फाटक की समस्या झेल रहे थे और संघर्ष भी कर रहे थे। जिसके चलते मैंने राज्यसभा के मेंबर सतनाम संधु व रवनीत सिंह बिट्टू से लोगों की मुलकात करवा कर उनकी इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की गुहार लगाई थी तो हमारे सबकी विनती कबूल हो गई है और केंद्र सरकार द्वारा यहां 65 करोड़ की लागत से फ्लाईओवर बनाया जाएगा और जल्द उसका काम भी शुरू हो जाएगा।
>
> **बन्नी संधु, भाजपा सीनियर नेता जीरकपुर।**

इसके लिए स्थानीय लोगों व उरवा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के मैंबर कुलभूषण शर्मा, अजय यादव, रमेश धीमान, सतीश शर्मा, विनोद शर्मा व अन्य लोगों ने भाजपा के सीनियर नेता बन्नी संधु, सांसद सतनाम संधु और रवनीत सिंह बिट्टू का विशेष रूप से धन्यवाद किया।

# गांव भागसी में टूटा ट्रांसफार्मर का खंभा, हादसों का खतरा बढ़ा, पावरकॉम विभाग लापरवाह

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 5 जुलाई।** यहां के नजदीकी गांव भागसी में बिजली के ट्रांसफार्मर का एक टूटा हुआ खंभा बड़े हादसे को न्यौता दे रहा है, लेकिन पावरकॉम विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा, जिसके कारण इलाका निवासियों में भारी रोष पाया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के बीचों-बीच लगा ट्रांसफार्मर एक लंबे समय से टूटे हुए खंभे के सहारे खड़ा है। यह खंभा किसी भी समय गिर सकता है, जिससे जानी व माली नुकसान होने का खतरा बना हुआ है। खास तौर पर बच्चों और पशुओं के लिए यह एक बड़ा खतरा बना हुआ है, क्योंकि यह खंभा आम रास्ते के पास है।

गांव के पूर्व सरपंच और मार्केट कमेटी डेराबसी के वाइस चेयरमैन पवन शर्मा ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में कई बार पावरकॉम विभाग के अधिकारियों को सूचित किया है, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ भरोसा ही मिला है। अभी तक इस समस्या का कोई पक्का हल नहीं निकाला गया। गांववासियों ने विभाग की इस लापरवाही पर सवाल उठाए हैं और



मांग की है कि किसी बड़े हादसे के होने से पहले इस खंभे को तुरंत ठीक किया जाए।

गांववासियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इस समस्या का हल नहीं किया गया, तो वे संघर्ष करने के लिए मजबूर होंगे। इस मामले में एसडीओ लालडू दविंदर कुमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि वह मामले की जानकारी लेकर टूटे खंभे को ठीक करवा देंगे।

# लायन क्लब जीरकपुर और लायन क्लब डेराबसी ने सिविल अस्पताल को दिया सफाई सामग्री का योगदान

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 5 जुलाई।** लायन क्लब जीरकपुर और लायन क्लब डेरा बस्सी की ओर से आज एक साझा प्रोजेक्ट के तहत सिविल अस्पताल में सफाई के लिए फिनायल और सर्फ प्रदान किया गया। क्लब के एडमिनिस्ट्रेटर लायन संत भारद्वाज ने बताया कि लायन क्लब हर महीने इस तरह का सामान अस्पताल को देता रहता है ताकि अस्पताल परिसर स्वच्छ और रोगमुक्त बना रहे।

अस्पताल के एसएमओ डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने लायन क्लब के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि लायन क्लब हमेशा किसी न किसी रूप में समाज सेवा में योगदान देता रहता है और इस प्रयास से मरीजों व स्टाफ को स्वच्छ माहौल मिलता है।

इस मौके पर जीरकपुर के प्रधान पुष्पेंद्र मेहता, डेराबस्सी के प्रधान बलकार सिंह, हरप्रीत टिंकू, लायन जस्मेर सिंह, लायन अजय सिंह, लायन बरखा राम, लायन सुशील धीमान, लायन केवल गोयल, डॉ. आशीष गर्ग और अन्य अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

अस्पताल प्रशासन ने लायन क्लब के इस सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह के सहयोग की आशा जताई।

# सीआरपीएफ कैम्पस हल्लोमाजरा में पौधारोपण कर पर्यावरण रक्षा का दिया संदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 5 जुलाई।** सी.आर.पी.एफ. कैम्पस हल्लोमाजरा, चण्डीगढ़ में पर्यावरण सुरक्षा के लिए दिनांक 05/07/2025 को 1,000 हजार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर 51 बटालियन, सी.आर.पी.एफ. कैम्पस हल्लोमाजरा, चण्डीगढ़ में तैनात श्री अमृतेश कुमार, दितीय कमान अधिकारी, डॉ0 जयमीत कौर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एस.जी.) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने पौधे लगाए जाने के कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में फलदार, इमारती एवं औषधीय पौधों को लगाया गया।



इस अवसर पर 51 बटालियन, सी.आर.पी.एफ. के श्री अमृतेश कुमार, दितीय कमान अधिकारी ने कहा कि पेड़ हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के सबसे महत्वपूर्ण घटकों में से एक हैं, जो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और स्थिरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वृक्षारोपण हमारे ग्रह की भलाई में योगदान करने का एक सरल लेकिन प्रभावी तरीका है। पेडों को कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने और ऑक्सीजन छोडने की क्षमता के लिए जाना जाता है, जो उन्हें कार्बन चक्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाता है। अधिक पेड़ लगाकर, हम वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा को कम कर सकते हैं, जिससे ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन धीमा हो सकता हैं। पेड़ प्रदूषकों और कण पदार्थों को हटाकर हवा को शुद्ध करने में भी मदद करते हैं, जिससे वायु की गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य में सुधार होता हैं। पेडों की जड़ें मिट्टी को अपनी जगह पर रखती हैं, जिससे कटाव और भूस्खलन को रोका जा सकता है। पेड़ पक्षियों और कीड़ों से लेकर स्तनधारियों और सूक्ष्मजीवों तक वन्यजीवों की एक विशाल श्रृंखला के लिए भोजन, आश्रय और आवास प्रदान करते हैं।

# गांव नन्हेड़ा में कांग्रेस जनसभा, कमलजीत सिंह चावला ने आप सरकार को घेरा

अर्थ प्रकाश/जे.के. बत्ता

**न्यू चंडीगढ़, 5 जुलाई।** गांव नन्हेड़ा (नजदीक गांव पडियाला, हल्का खरड़) में कांग्रेस की जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें पंजाब गौ सेवा आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलजीत सिंह चावला ने शिरकत की। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। सभा के दौरान गांव की सरपंच बीबी सुखविंदर कौर ने विकास कार्यों की कमी को लेकर चिंता जताई और बताया कि आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा गांव को कोई पंचायत ग्रांट नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर गांव पूरी तरह उपेक्षित है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कमलजीत सिंह चावला ने आम आदमी पार्टी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उनके कुशासन से पंजाब की जनता बेहद त्रस्त है। उन्होंने कहा, आप सरकार



सत्ता में आने से पहले जो वादे कर रही थी, वे अब हवाई साबित हो चुके हैं। युवाओं को रोजगार, किसानों को राहत, और भ्रष्टाचार-मुक्त शासन जैसे वादे अधूरे हैं।' उन्होंने कहा कि अब समय है कि जनता इस सरकार को सबक सिखाए और कांग्रेस को फिर से सत्ता में लाकर राज्य को विकास की राह पर आगे बढ़ाए। उन्होंने भरोसा जताया कि कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग और प्रताप सिंह बाजवा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार एक बार फिर पंजाब में वापसी करेगी। कमलजीत चावला ने ग्रामीणों से अपील की कि वे कांग्रेस का साथ दें और राज्य में एक स्थिर, समावेशी और विकासशील सरकार बनाने में योगदान दें।

# पंजाब से कीटनाशक रहित बासमती निर्यात को तेज करने के लिए रणनीतिक हस्तक्षेप की जरूरत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 5 जुलाई।** पंजाब राज्य से कीटनाशकों के अवशेष रहित बासमती निर्यात को तेज करने सम्बन्धी पंजाब राज्य किसान और कृषि श्रमिक आयोग के चेयरमैन प्रोफ़ैसर डा. सुखपाल सिंह के नेतृत्व अधीन विचार-विमर्श किया गया जिससे फ़सली राज्य में फ़सल विविधीकरण लाया जा सके और कम से कम 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र धान से बाहर निकाला जा सके।

इस विचार चर्चा में डा. सन्दीपराव पाटिल, उत्तरी भारत ज़ोनल मैनेजर, डा. मालविन्दर सिंह मल्ली, ग्लोबल ट्रेनर बाईर फ़सल विज्ञान और डा. आर. एस. बैंस, श्री मानवप्रीत सिंह आर. ओ., श्री गगनदीप आर. ए. शामिल हुए।

यह विचार-विमर्श रणनीतिक हस्तक्षेप तैयार करने और राज्य से यूरोपियन यूनियन और संयुक्त राज अमरीका को बासमती के निर्यात में शामिल रुकावटों की पहचान करने के लिए किया गया जिसमें यह सामने आया कि एम. आर. एल. से अधिक कीटनाशकों का अवशेष इन देशों को निर्यात में रुकावट डालने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डा. राव ने आयोग के चेयरमैन के संज्ञान में यह भी लाया कि कृषि और किसान कल्याण विभाग ने 11 कीटनाशकों पर पाबंदी लगाई है जो 1 अगस्त से 30 सितम्बर तक लागू की जायेगी, जोकि एक स्वागत योग्य कदम है। हालाँकि, विभाग को कुछ कीटनाशकों के फ़ैसले पर फिर से विचार करना चाहिए जो विश्व स्तर पर धान की फ़सल पर इस्तेमाल किये जा रहे हैं और उन देशों में अवशेष की कोई समस्या नहीं है। धान के व्यावहारिक विकल्प के तौर पर खरीफ मक्का की फ़सल एक महत्वपूर्ण फ़सल है जो पानी की खपत धान की फ़सल की अपेक्षा बहुत कम करती है। चेयरमैन ने एक खरीफ मक्का हाइब्रिड विकसित करने पर ज़ोर दिया जिस में कम से कम 35 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन के साथ धान के तुलनात्मक आधार पर आमदन प्राप्त की जा सके। डा. राव ने बताया कि बाईर पेट्रोल के साथ इथेनॉल को मिलाने की इजाज़त के मद्देनज़र बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए इस पर व्यापक तौर पर काम कर रहा है और जल्दी ही हाइब्रिड किस्मों को पंजाब राज्य के किसानों द्वारा बड़े स्तर पर अपनाने की पेशकश की जा सकती है जो धान की फ़सल से काफ़ी क्षेत्र को छुड़वा/मुक्त करवा/ सकते हैं। डा. रणजोध सिंह बैंस एडमिन अफ़सर- कम-सचिव, पंजाब राज्य किसान और कृषि श्रमिक आयोग ने खुलासा किया कि धान की बुवाई से और कम पानी की खपत वाले क्षेत्रों में बदलना हमारे कुदरती स्रोतों को कायम रखने के साथ-साथ किसानों के लाभ को कम से कम धान की फ़सल से होने वाले लाभ के बराबर सुरक्षित रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।



# विधायक रंधावा ने बलटाना से अमरनाथ यात्रा के लिए 15 सदस्य दल को किया रवाना

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 5 जुलाई।** अमरनाथ गुफा हिंदू धर्म के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है। भगवान शिव के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है अमर नाथ गुफा। अमरनाथ को तीर्थो का तीर्थ कहा जाता है क्योंकि इसी जगह पर भगवान शिव ने मां पार्वती को अमरत्व का रहस्य बताया था। इसीलिए यह यात्रा और इस गुफा को हिंदू धर्म में विशेष महत्व दिया गया है।अमरनाथ यात्रा जिसे एक पवित्र यात्रा कहा जाता है उसकी शुरूआत कल यानि 3 जुलाई से हो गई है। अमरनाथ यात्रा हर साल जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू होती है और सावन की पूर्णिमा तिथि पर यह समाप्त हो जाती है। इस दौरान भक्त बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए उनकी पवित्र गुफा अमरनाथ की यात्रा करते हैं। इसी के तहत शनिवार के दिन बलटाना क्षेत्र से सुबह 10.30 बजे हलका



विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने 15 सदस्य दल को अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किया है। आज सुबह 10.30 बजे पूजा पाठ करके देवताओं से आशीर्वाद लेकर 15 सदस्य दल अमरनाथ के लिए रवाना हुआ। इस दल में रमन सैनी, जतिन गर्ग, राजेश कुमार, मोहित शर्मा, वीरेंद्र कुमार, सुनील कुमार, रंजू शर्मा, हरलीन, हेमलता,नियति, जय शर्मा, किरण शर्मा, वंदना, अनु एवं बलकार सिंह रंधावा शामिल है। इस मौके पर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा के साथ गुरप्रीत सिंह विर्क, नदीम, करमजीत चौहान एवं सुरेश सैनी मौजूद थे। विधायक रंधावा ने इलाके की सुख शांति के लिए प्रार्थना की और 15 सदस्य दल को रवाना किया। इस यात्रा का पहला पड़ाव जम्मू दूसरा बालटाल है और यह 15 सदस्य दल 10 दिन के भीतर यात्रा समाप्त कर लौट आएगा।

# अध्यात्म व योग से मिलती है स्थिरता: स्वामी निश्चलानंद

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 5 जुलाई।** योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया (वाईएसएस) के स्वामी निश्चलानंद जी ने कहा कि अध्यात्म व योग से स्थिरता आती है। इससे दिव्य ऊर्जा का संचार होता है,जिससे हम एक स्वस्थ समाज की रचना कर सकते हैं। स्वामी निश्चलानंद जी शनिवार को यहां शूलिनी यूनिवर्सिटी में चल रहे तीन दिवसीय वाईएसएस आध्यात्मिक रिट्रीट के दूसरे दिन पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर शूलिनी यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. पीके खोसला, पूर्व आईएएस अधिकारी विवेक आत्रेय, डॉ. पंकज ललित समेत अन्य मौजूद रहे।



स्वामी जी ने कहा कि परमहंस योगानंद जी अपनी शिक्षाओं के विश्वव्यापी प्रसार के लिए और भविष्य में आने वाली पीढियों के लिए जो अध्यात्म व योग का ज्ञान को आगे बढ़ाने के लिए 1917 में योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया की स्थापना की थी। इसका मुख्यालय रांची में है। इसके बाद 1920 में सेल्फ रियलाइजेशन फैलोशिप की अमेरिका में अपने प्रारंभिक वर्षों से ही एक सफल लेखक व व्यख्याता ने अनेक लेखों और व्याख्यानों से ध्यान के योग विज्ञान, संतुलित जीवन की कला व सभी महान धर्मों में निहित एकता पर विख्यात एवं वृहत रचनाओं का सृजन किया।

# कांग्रेसी पार्षद ने वार्ड में सफाई व्यवस्था को लेकर राजनीतिक हस्तक्षेप के लगाए आरोप

## कौंसिल के कांग्रेसी अध्यक्ष ने जताई नाराजगी, कहा- बिल्कुल सही, संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा जाएगा

अर्थ प्रकाश/केके

**खन्ना, 5 जुलाई।** खन्ना के वार्ड नंबर 25 की कांग्रेसी पार्षद अमनप्रीत कौर व उनके पत्नी रणवीर सिंह काका ने वार्ड में सफाई व सीवरेज व्यवस्था को लेकर राजनीतिक हस्तक्षेप के लगाए आरोप लगाते हुए कहा कि कर्मचारी नियमित हाजिरी के बावजूद काम नहीं कर रहे। उनका कहना है कि कुछ राजनीतिक प्रभावशाली लोग समिति अधिकारियों पर दबाव बनाकर इन कर्मचारियों को जानबूझकर दूसरे क्षेत्रों में ड्यूटी देने के लिए मजबूर कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र की जनता बुनियादी सुविधाओं से वंचित हो रही है।



काका ने आरोप लगाते हुए आगे कहा कि कि, 'सत्ता से जुड़े खन्ना के कुछ हारे हुए और नाकाम लोग जनता के कामों में अड़चन डाल रहे हैं। समिति के कुछ अधिकारी भी उनके दबाव में आकर कर्मचारियों को दूसरे इलाकों में भेज रहे हैं, जबकि ड्यूटी हमारी वार्ड में होनी चाहिए।' उन्होंने कहा कि बरसात से पहले कई बार सीवरेज और गलियों की सफाई के लिए मांग की गई, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।

काका ने कहा वार्ड के लोग सफाई और सीवरेज जैसी बुनियादी सेवाओं के लिए परेशान हैं, पार्षद ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही काम शुरू नहीं हुआ, तो विरोध प्रदर्शन भी किया जा सकता है।

इस संबंध में जब हमने कौंसिल के कांग्रेसी प्रधान कमलजीत सिंह से बात की तो उन्होंने नाराज़गी जताते हुए कहा,मैं तो पहले से ही कह रहा हूँ कि हमारे पार्षदों के साथ सत्ता पक्ष द्वारा धक्केशाही की जा रही है। यह सरासर गलत है। मैं अब इस मामले में नोटिस भेजकर संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब करूंगा।

# एगजोटिका हाईट सोसायटी में बिना मंजूरी हरे भरे पेड़ काटने के आरोप में प्रधान खिलाफ केस दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 5 जुलाई।** ढकोली पुलिस ने पीरमुछल्ला क्षेत्र में पड़ती एगजोटिका हाइट नामक सोसायटी में बिना परमिशन के 20 से 25 काटने के आरोप में एक व्यक्ति को नामजद कर अज्ञात खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में सोसायटी के प्रधान हरविंदर सिंह संधू व अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 223 व 324 (4) के तहत केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी गई शिकायत में शिकायकर्ता अवतार सिंह व शिकमा धम्मन ने बताया की उनकी सोसायटी में 40 से 45 फीट लंबे और 15 साल पुराने 20 से 25 पेड़ो को उनकी सोसायटी के प्रधान हरविंदर सिंह संधु ने बिना किसी विभाग की मंजूरी के कटवा दिया था। जिसकी



शिकायत के मौके का जायजा लेने के लिए नगर परिषद से बिल्डिंग इंस्पेक्टर अजय बराड़ और जंगलात विभाग से गॉर्ड आए और देखा की वहां बिना किसी मंजूरी के 20 से 25 पेड़ काटे हुए थे। जिसकी जांच कर दोनों अधिकारियों ने उच्च अधिकारियों को भेजी। जिसके बाद रिपोर्ट पुलिस को पहुंची तो पुलिस ने जांच के बाद हरविंदर सिंह संधु व अज्ञात के खिलाफ हरे भरे पेड़ बिना मंजूरी के काटने के आरोप में केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विकास कार्यों में लाएं तेजी, जनसुविधाओं को मिले प्राथमिकता : राजेश धर्माणी

उपमंडल घुमारवीं के खंड विकास अधिकारी सभागार में शनिवार को हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा



**शाहतलाई, 5 जुलाई।** उपमंडल घुमारवीं के खंड विकास अधिकारी सभागार में शनिवार को विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता विकास कार्यों को गति प्रदान करना और जनसुविधाओं को समयबद्ध तरीके से लोगों तक पहुंचाना है। धर्माणी ने सभी विभागीय अधिकारियों से अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और चल रहे निर्माण तथा विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि घुमारवीं क्षेत्र में सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं, ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके।

लोक निर्माण विभाग को सड़कों की मरम्मत, गड्ढे भरने और कनेक्टिंग सड़कों पर स्पीड ब्रेकर लगाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि रोड क्रॉसिंग पर विजिबिलिटी को बेहतर किया जाए ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। जल शक्ति विभाग को क्षेत्र में पेयजल व सिंचाई योजनाओं को मजबूत करने, लंबित योजनाओं का ब्योरा तैयार करने और जनता की समस्याओं का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने को कहा गया।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने विशेष रूप से घुमारवीं बस स्टैंड के एक्जिट रोड के शीघ्र निर्माण पर जोर दिया ताकि ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने वन विभाग को मानसून सीजन को देखते हुए असुरक्षित पेड़ों की कटाई और अवैध कटान पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए।

खनन विभाग को निर्देशित किया गया कि अवैध खनन पर सख्ती से रोक लगाई जाए और नियमित निरीक्षण किए जाएं। मंत्री ने कहा कि वे स्वयं रात्रि के समय स्थलीय निरीक्षण कर अवैध खनन को रोकने के लिए कदम उठाएंगे।

स्वास्थ्य विभाग को क्षेत्र में अधूरे पड़े स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने तथा स्वास्थ्य सुविधाएं जनसाधारण तक बेहतर तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए गए। पंचायत राज विभाग के अंतर्गत चल रही योजनाओं की भी समीक्षा की गई और सभी अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए।

### किसानों की आय बढ़ाने के प्रयासों को और अधिक सशक्त बनाएं

धर्माणी ने बागवानी विभाग को एचपी शिव प्रोजेक्ट के अंतर्गत किसानों की आय बढ़ाने के प्रयासों को और अधिक सशक्त बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान अब इस परियोजना के महत्व को समझने लगे हैं और यह ग्रामीण समृद्धि की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। मंत्री ने लोक निर्माण, विद्युत एवं जल शक्ति विभाग को निर्देश दिए कि मानसून के दौरान यदि सड़कों, बिजली या पानी की आपूर्ति में किसी प्रकार का नुकसान हो तो उसकी तत्काल मरम्मत की जाए। सभी विभागीय टीमों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया ताकि किसी आपात स्थिति में तुरंत राहत कार्य किए जा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है तथा सभी विभाग नियमित निगरानी के साथ जनहित में तत्परता से कार्य करें।

# राशन वितरण के लिए फेस ऑथेंटिकेशन शुरू करने वाला देश का पहला राज्य बना हिमाचल : गोकुल बुटेल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 5 जुलाई।** जनकल्याण सेवाओं की दक्षता और सुगम पहुंच को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार के डिजिटल तकनीक एवं शासन विभाग (डीडीटीजी) ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को राशन वितरित करने के लिए आधार आधारित फेस ऑथेंटिकेशन प्रणाली की शुरुआत की है।

मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (नवाचार, डिजिटल तकनीक एवं शासन) गोकुल बुटेल ने बताया कि इस पहल के साथ हिमाचल प्रदेश इस प्रणाली को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश अग्रणी राज्य बना है।

श्री बुटेल ने बताया कि अब तक लाभार्थियों का सत्यापन ओटीपी या बायोमीट्रिक के माध्यम से किया जाता था। इन प्रक्रियाओं में एसएमएस डिलीवरी की विफलता और यूआईडीएआई में बायोमीट्रिक मिलान में समस्याएं आती थीं, जिससे लाभार्थियों को असुविधा होने के साथ-साथ सेवा वितरण में भी विलंब भी हो रहा था। यह राज्य के उचित मूल्य की दुकान (एफपीएस) डीलरों से प्राप्त सबसे सामान्य शिकायतों में से एक थी।

उन्होंने बताया कि नई फेस अथेंटिकेशन प्रणाली इन चुनौतियों को दूर करते हुए लाभार्थियों का सत्यापन एफपीएस डीलर के स्मार्टफोन में लगे कैमरे से चेहरे की स्कैनिंग के माध्यम से करती है। यह प्रक्रिया एक सुरक्षित मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से संचालित होती है, जिससे नेटवर्क कनेक्टिविटी या बायोमीट्रिक हार्डवेयर पर निर्भरता समाप्त हो जाती है।

उन्होंने बताया कि इस पहल के कार्यान्वयन से सत्यापन की सफलता दर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और प्रक्रिया की समयबद्धता में भी भारी कमी आई है। अब लाभार्थियों को उनके हक का राशन समय पर मिल रहा है।

# जलभराव से बचाव को नगर निगम मुस्तैद एडीसी की निगरानी में चला सफाई अभियान



**ऊना, 5 जुलाई (अप्रस)।** बरसात के मौसम को मद्देनज़र रखते हुए नगर निगम ऊना द्वारा शहर में नालों की साफ-सफाई के लिए विशेष सफाई अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज (शनिवार) को नगर निगम आयुक्त एव एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर और लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता कुलदीप सिंह की देखरेख में पुराना होशियारपुर सड़क किनारे के नाले की साफ-सफाई की गई।

नगर निगम आयुक्त ने बताया कि सफाई कार्य का मुख्य उद्देश्य बरसात के दौरान संभावित जलभराव की समस्या को रोकना, सड़क किनारे के आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना तथा जनसुविधा सुनिश्चित बनाना है। इस विशेष साफ-सफाई अभियान के अंतर्गत नालों में जमी गाद, प्लास्टिक, मलवा तथा अन्य कचरे को निकाला गया ताकि नालों में पानी की निकासी सुचारू बनी रही।

महेंद्र पाल गुर्जर ने आमजन से अपील की है कि वे नालियों में कचरा, प्लास्टिक अथवा घरेलू अपशिष्ट न डालें तथा स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि ऊना शहर में नालों की साफ-सफाई के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि ऊना शहर को स्वच्छ और जलभराव मुक्त बनाया जा सके।

# जनजातीय उत्सव 2025 पर्यावरण संरक्षण की थीम पर आधारित 'ईको-फ्रेंडली फेयर' का होगा आयोजन : किरण भड़ाना

उत्सव की तैयारियों को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई अहम बैठक

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**केलांग/कुल्लू 5 जुलाई।** जनजातीय उत्सव 2025 के सफल आयोजन के लिए आज उपायुक्त कार्यालय के सभागार में उत्सव की विभिन्न तैयारिया के संदर्भ में उपायुक्त लाहौल स्पीती एवं जनजातीय उत्सव मेला कमेटी अध्यक्ष किरण भड़ाना (भा.प्र.से) की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

उपायुक्त ने कहा कि लाहौल स्पीती जिला इको सैंसटिव जोन है और 14 अगस्त से 16 अगस्त 2025 तक आयोजित होने बाले जनजातीय उत्सव का आयोजन र्प्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा और उत्सव की थीम ईको फ्रेंडली फेयर होगी। उन्होंने बताया कि उत्सव के दौरान किसी भी व्यापारिक व अन्य गतिविधियों में प्लास्टिक का प्रयोग नहीं किया जाएगा ताकि आमजनता को भी प्लास्टिक का प्रयोग ना करने बारे प्रेरित हो।

उन्होंने इस दौरान उत्सव के सफल आयोजन के लिए विभिन्न कमेटियों को गठन किया और समयवद्ध सभी प्रकार की तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मेला स्थल पर पगोड़ा शैली में स्टाल लगाए जाएंगें। उन्होंने बताया कि जिला के प्रगतिशील किसानों के उत्पाद को भी मेला में दर्शाया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को उत्सव में बच्चों, युवाओं, महिलाओं व बजुर्गों की सक्रिय सहभागिता के लिए खेल गतिविधियों के आयोजन के विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सभी वर्गो के मनोरंजन के लिए सास्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा, जिला की स्थानिय समृद्ध लोक संस्कृति के प्रर्दशन सहित लद्दाख और किन्नौर जिला से भी सास्कृतिक दलों को आमत्रिंत किया जाएगा ताकि लोगों का अधिक से अधिक मनोरंजन किया जा सके।

उन्होंने बताया कि मिस लाहौल और मिस्टर लाहौल प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी और विजेता को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्चों के मनोरंजन के लिए झूलें स्थापित किये जाएगें और सरस मेला व तम्बोला खेल भी आयोजित किया जाएगा।

बैठक में उत्सव के दौरान शोभा यात्रा, डॉग शो,यातायात प्रबंधन, आपातकालीन सेवाओं और स्वचछता व साफ-सफाई, कानून व्यवस्था, पार्किग सुविधाओं सहित अन्य मद्दों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने आमजनता से भी जनजातीय उत्सव के आयोजन के लिए सुझाव आमन्त्रित किए हैं।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में एसडीएम केलांग आकांक्षा शर्मा, एसडीएम उदयपुर अलीशा चौहान, वनमण्डलाधिकारी अनिकेत मारूती वानवे, उप पुलिस अधीक्षक रश्मी शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन लाल, खण्ड विकास अधिकारी डॉ. विवके गुलेरिया, जिला कल्याण अधिकारी खुशविंद्र ठाकुर, तहसीलदार रमेश राणा, अधिशाषी अभियंता विद्युत विजय ठाकुर, जिला आयुष अधिकारी बनीता शर्मा, व्यापार मण्ड़ल अध्यक्ष आमची प्रकाश सहित उत्सव कमेटियों के सरकारी तथा गैर सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

# भाजपा सभी जिलों से राशन की किटें एकत्र करेगी और 48 घंटे में 5000 राशन किटें प्रभावित क्षेत्रों को भेजेगी : बिंदल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 5 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल ने कहा कि जिला मण्डी के अनेक स्थानो में भारी बरसात के कारण जो नुकसान हुआ है, जान-माल की हानि हुई है, बहुत ही कष्ट दायक है। भारतीय जनता पार्टी पूरे प्रदेश के अंदर इस विषय को लेकर बहुत चिंतित है।

डॉ. बिन्दल ने कहा कि सिराज विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक जान-माल, सड़कों, पानी, बिजली का नुकसान हुआ है। करसोग, नाचन और धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में अनेक परिवारों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। उन्होनें कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी सभी जिलों से राशन की किटें एकत्र करेगी और हम आशा करते हैं कि अगले 48 घंटे में 5000 राशन किटें जिसमें 10 किलो चावल, 10 किलो आटा, 1 किलो नमक, 1 लीटर तेल, 2 किलो दाल, मसाले, मोमबती इत्यादि की एक पूरी किट बनाकर एक परिवार को ये राशन दिया जाए ऐसी एक हजार किटें अगले 48 घंटो में मण्डी पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि आज शाम से गाड़ियां निकलनी शुरू हो जाएगी।

डॉ. बिन्दल ने कहा कि सिराज में, नाचन में, करसोग में कल भाजपा के नेतागण अलग-अलग स्थानों का दौरा करेंगे और इस त्रासदी के समय समाज के साथ पूरा हिमाचल कैसे साथ खड़ा हो सके उसके बारे में आंकलन करेंगे। उन्होनें कहा कि जहां पर त्रासदी हुई है, ये हमारे अपने परिवार हैं और पूरा हिमाचल इस त्रासदी के समय में इन प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है ऐसा हम विश्वास देते हैं।

# कुदरत की क्रूरता को चकमा देकर 9 माह की नितिका ने काल को हराया

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा


अपना सारा परिवार को चुकी 9 माह की नन्ही गुड़िया नितिका एस डी एम समृतिका नेगी की गोद में।

**गोहर 5 जुलाई।** कहते हैं जाको राखे साइयां मार न साके कोए, बाल न बांका कर सके चाहे जग वैरी होए। भाग्यशाली कहें के अभागी 30 जून की काली रात को जब हर तरफ हाहाकार मचा हुआ था बरसात अपना रौद्र रूप दिखा कर हर और तबाही का का घिनौना खेल खेल रही थी। इस दौरान उप मंडल गोहर के ग्राम पंचायत परवाड़ा के गांव तलवाड़ा में रमेश कुमार के मकान के पीछे से पानी का भाव आना शुरू हुआ पानी की आवाज से रमेश कुमार रमेश कुमार की पत्नी राधा व रमेश कुमार की माता पुर्णु देवी नन्ही सी बेटी को कमरे में छोड़कर बाहर आए ताकि जो पानी उनके घर की तरफ आ रहा है उसका रुख दूसरी तरफ मोड़ सके। देखते ही देखते पानी का ऐसा सैलाब आया कि रमेश कुमार की पत्नी राधा और माता पूर्णु देवी को अपने साथ बहा ले गया।

रमेश कुमार ने उनको बचाने की कोशिश की मगर पीछे से आ रहे से सैलाब में बड़े-बड़े पत्थरों में रमेश कुमार भी एक बड़े पत्थर के नीचे दब गया जिससे उसकी मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जबकि आज चार दिन बीत जाने के बाद भी रमेश कुमार की माता वह उसकी पत्नी राधा का कोई सुराग हाथ नहीं लगा।


गांव वालों ने सुबह देखा कि रमेश कुमार के घर में कोई नहीं है तो कमरे में जाकर देखा तो एक नन्ही सी परी 9 माह की रमेश कुमार की बेटी बिस्तर पर अकेले रो रही थी गांव वाले इकट्ठे हुए रमेश कुमार की बहन तारा देवी जो शादीशुदा हैं वह भी आ गई उन्होंने नहीं गुड़िया को सीने से लगाया और देखा घर में ना भाई है ना भाभी है ना उनकी माता है। जब उसे इस बात का एहसास हुआ की रात को परिवार के तीनों सदस्य कुदरत के क्रूर हाथों से काल का ग्रास बन गए हैं । सुबह जब इस बात की खबर स्थानीय प्रशासन को हुई तो अतिररिक्त भार संभाले कार्यकारी एसडीएम गोहर समृतिका नेगी उनकी पूरी टीम ऑफिस कानून कृष्ण कुमार व एनडीआरएफ के जवान मौके पर पहुंचे उन्होंने गुड़िया को वहां से निकला और नन्ही गुड़िया को उसकी बुआ तारा देवी को संभाला जो अब गुड़िया की देखरेख कर रही है।

अब इस नहीं गुड़िया को तो यह भी पता नहीं कि वह भाग्यशाली है की अभागी है, जिसने नन्ही सी उम्र में कुदरत की क्रूरता को मात देकर जीवन पाया है मगर अपने परिवार अपनी मां अपने पिता अपनी दादी सब को खो दिया है। यह बात कुछ सालों बाद जब उसे नहीं को पता चलेगी तो उसके दिल पर क्या बीतेगी यह तो भविष्य की गर्भ में है मगर उसे नन्ही सी मासूम ने कुदरत का क्या बिगाड़ा होगा जिसने अभी दुनिया भी नहीं देखी उसका क्या कसूर होगा जो कुदरत की क्रूरता ने सब कुछ छीन लिया।अब यहां के लोग इतने सहम चुके हैं की हल्की सी बारिश होने पर भी अपने आप को काल के मुंह में जाते हुए देखते हैं सहम जाते हैं कि फिर कोई ऐसा सैलाब ना आए जिसमें हम खुद या अपनों को खो दें।

प्रशासन की तरफ से उसे नन्ही गुड़िया के बचे हुए परिवार के सदस्यों को सोपा गया है एसडीम समृतिका नेगी ने बताया की मृतक रमेश कुमार की बहन ने नई गुड़िया की देखरेख की जिम्मेदारी ली है सरकार की तरफ से फौरी राहत के तौर पर 25 हजार रुपए दिए गए है। जबकि बाकी शव मिलने के बाद जो सरकार की तरफ से होगा उनकी सहायता की जाएगी।

# अंतर्सदनीय एमयूएन प्रतियोगिता में टीक सदन बना विजेता

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 5 जुलाई।** पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में 3 से 4 जुलाई तक अंतर्सदनीय एमयूएन प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में सभी चारों सदनों के कुल 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपने बहुआयामी कौशल का प्रदर्शन किया। इस आयोजन का संचालन छात्र समन्वयक निश्चय प्राशर द्वारा चेयरपर्सन की भूमिका में किया गया जिनके साथ उपाध्यक्ष के रूप में पार्थ सर्राफ भी मौजूद रहे।

प्रतियोगिता का अंतिम दौर विद्यालय के मुख्य सभागार 'कोलोसियम' में आयोजित किया गयाजिसमें लोकसभा समिति के माध्यम से विषय-'भारत में न्यायिक सुधार; ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य और समकालीन आवश्यकताएं' पर बहस की गई। प्रतियोगिता का स्तर संतोषजनक रहा। सांस्कृतिक विभाग के प्रमुख विशाल गौरी ने सभी प्रतिनिधियों को उत्साहित करते हुए इस बात पर बल दिया कि किसी भी विषय को गहराई को समझने के लिए अधिक गहन शोध करना आवश्यक है। प्रतियोगिता में वरन्या अग्रवाल एवं अभिनव को श्रेष्ठ प्रतिनिधि, जयादित्य किल्होर एवं नव्या जैनको उच्च सराहना, पान्वी एवं रेयांश सूद को विशेष उल्लेख तथा मोक्ष को सर्वश्रेष्ठ नवोदित प्रतिनिधि के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में टीक सदन विजेता रहा जबकि देवदार सदन ने दूसरा तथा ओक सदन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# स्वास्थ्य मंत्री 7 जुलाई को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 5 जुलाई।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 07 जुलाई, 2025 को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं।

डॉ. शांडिल 07 जुलाई, 2025 को दोपहर 12.30 बजे सोलन के चायल स्थित नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री तदोपरांत दिन में 1.30 बजे ग्राम पंचायत नगाली में पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगे।

# आउटर अखाड़ा क्षेत्र में आज बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 5 जुलाई।** विद्युत उपमंडल नं. 1 के अंतर्गत आउटर अखाड़ा स्थित 11/0.415 केवी, 400 केवीए सब-स्टेशन की एलटी लाइनों की मुरम्मत एवं आवश्यक रख-रखाव कार्य किया जाना है ।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सब-स्टेशन की एलटी लाइनों की मुरम्मत के चलते 6 जुलाई (रविवार) को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक होटल कुल्लू वैली, होटल सिद्दार्थ, नवीन गेस्ट हाउस, हरिसन, आर्य समाज गली, सपना स्वीट्स, मित्र भूषण हार्डवेयर सहित आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

# जिला दिव्यांगता एवं पुनर्वास केंद्र, जरूरतमन्द व्यक्तियों के लिये सेवा माध्यम : उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 5 जुलाई।** उपायुक्त, कुल्लू तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र, कुल्लू की गतिविधियों की समीक्षा बैठक की गई।

उपायुक्त ने जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र के कार्यों की समीक्षा करते हुए केंद्र द्वारा दिव्यांगजनों के हित में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह केंद्र समाज के विशेष जरूरतों वाले व्यक्तियों के लिए एक महत्वपूर्ण सेवा माध्यम है और इसकी भूमिका सराहनीय रही है।

डीसी ने कहा कि पुनर्वास केंद्र द्वारा श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर, कृत्रिम अंग, फिजियोथैरेपी सेवाएं, काउंसलिंग, शिक्षा एवं रोज़गार परामर्श जैसी सुविधाएं जरूरतमंदों को उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जो दिव्यांगजनों के आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में उपयोगी कदम हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस केंद्र की पहुँच ग्रामीण व दूरदराज़ क्षेत्रों तक सुनिश्चित की जाए ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी इसका लाभ ले सकें। उन्होंने सामुदायिक जागरूकता शिविरों के आयोजन की आवश्यकता पर भी बल दिया ताकि समाज में दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिल सके।

उन्होंने ने आश्वासन दिया कि प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा,ताकि पुनर्वास केंद्र और अधिक प्रभावी, सुलभ एवं परिणाममुखी बन सके।

बैठक में बताया गया कि गत वर्ष 248 दिव्यांगजन चिन्हित कर जिला स्तरीय मेडिकल बोर्ड से विकलांगता प्रमाण पत्र जारी करवाने में मदद की गई है।

जिला बोर्ड द्वारा 21 विकलांग आंकलन शिविर लगाए गए। जिनमें 650 विकलांगता प्रमाण पत्र जारी किए गए। जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र द्वारा 2496 लोगों की फिजियोथैरेपी, स्पीच थेरेपी, मनोविज्ञान मोबिलिटी, एक ओरिएंटेशन तथा हियरिंग लॉस असेसमेंट की गई। इस केंद्र में 6 वर्ष से कम आयु के 612 बच्चे जिनमें विकासात्मक कमजोरी चिन्हित की गई। ऐसे बच्चों को विभिन्न प्रकार की थैरेपीज के माध्यम से विकलांगता को समाप्त किया गया और कुछ बच्चों कुछ बच्चों में विकलांगता का असर कम किया गया।

इसके अतिरिक्त 207 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, बैसाखियां, एल्बो स्टिक और कृत्रिम अंग प्रदान कर उन्हें पुनर्वासित किया गया है।

इसके अतिरिक्त समीक्षा बैठक में जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र ने यह भी निर्णय लिया कि आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं प्रशिक्षित करने के लिये ब्लॉक स्तर पर विकलांगता प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे।

प्रथम चरण में बंजार ब्लॉक को कवर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक एक्शन प्लान की अनुमोदित किया गया। इस बैठक में सीएमओ नागराज, एम एस, जिला कल्याण अधिकारी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे व बैठक का संचालन वीके मोदगिल द्वारा किया गया।

# मक्की व धान की फसल का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 15 जुलाई

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 5 जुलाई।** ज़िला सोलन में फसलों का बीमा करवाने के लिए पुर्नोत्थान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना क्रियान्वित की जा रही है। मक्की व धान की फसल का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2025 निर्धारित की गई है। यह जनाकरी कृषि उप निदेशक सोलन देव राज कश्यप ने दी। उन्होंने बताया कि टमाटर की फसल का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 निर्धारित की गई है। देव राज कश्यप ने कहा कि इच्छुक किसान फसलों का बीमा अपने नज़दीकी लोकमित्र केन्द्र के माध्यम से करवा सकते हैं। किसान अपनी जमाबंदी, आधार कार्ड, बैंक पास बुक, बिजाई प्रमाण पत्र आदि लेकर लोकमित्र केन्द्रों में जा कर बीमा करवा सकते है। किसान ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी बीमा के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उप निदेशक ने कहा कि मक्की व धान की फसल के लिए 60 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर बीमित राशि निर्धारित की गई है। मक्की तथा धान की फसल का बीमा करवाने के लिए किसानों को 96 रुपये प्रति बीघा प्रीमियम राशि अदा करनी होगी। उन्होंने कहा कि टमाटर की फसल के लिए 02 लाख रुपए प्रति हैक्टेयर बीमित राशि निर्धारित की गई है। किसानों को टमाटर की फसल के लिए 800 रुपए प्रति बीघा प्रीमियम राशि अदा करनी होगी। पुर्नोत्थान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कम वर्षा, सूखा, बाढ़, सैलाब, भूमि कटाव, ओलावृष्टि और फसल कटाई के उपरांत दो सप्ताह तक होने वाले नुकसान तथा स्थानीयकृत आपदा को कवर किया जाता है।

# हरियाणा के स्कूलों में अब हर वर्ष जुलाई माह के पहले शनिवार को मनाया जाएगा 'चेस डे': शिक्षा मंत्री

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 5 जुलाई।** हरियाणा सरकार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं तार्किक क्षमता को बढ़ावा देने हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में स्कूल शिक्षा विभाग, हरियाणा ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए घोषणा की है कि हर वर्ष जुलाई माह के पहले शनिवार को प्रदेश के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों में %चेस डे% (शतरंज दिवस) मनाया जाएगा। इस पहल की शुरुआत शनिवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय (जीएमएस) कचरौली, पानीपत से की गई। इस महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ आज राज्यभर के स्कूलों में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा उपस्थित रहे,वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय शिक्षा विभाग, हरियाणा के अतिरिक्त निदेशक सुनील बजाज ने की। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने विद्यालय परिसर में विशाल शतरंज बोर्ड पर प्रथम चाल चलकर चेस डे का औपचारिक उद्घाटन किया।

शिक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं बल्कि बुद्धि, धैर्य, योजना, निर्णय क्षमता एवं समस्या समाधान कौशल को विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में विद्यार्थियों को ऐसे बौद्धिक खेलों से जोड़ना समय की मांग है. जिससे उनका मानसिक विकास संतुलित ढंग से हो सके। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने बच्चों से साथ साथ शिक्षकों से भी चेस खेलने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि अगर शिक्षक मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ होंगे तो विद्यार्थी अपने आप ही स्वस्थ होंगे।

महिपाल ढांडा ने कहा की अध्यापको के लिए भी चेस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाये ताकि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया जा सके। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने विद्यालय प्रशासन को विद्यालय स्तर पर चेस क्लब गठित करने तथा नियमित शतरंज कक्षाएं आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में शतरंज को स्कूलों की सह-पाठ्यक्रम गतिविधि के रूप में और अधिक मजबूती से लागू किया जाएगा ताकि हर बच्चा अपनी बौद्धिक क्षमता को नई ऊँचाइयों तक ले जा सके। महिपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा के बच्चे राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शतरंज में राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। शतरंज खेल से बच्चों में धैर्य, अनुशासन और तर्क शक्ति विकसित होती है जो जीवन में सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।÷

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त निदेशक सुनील बजाज ने अपने उद्बोधन में विद्यालय प्रमुखों एवं शिक्षकों को निर्देशित किया कि %चेस डे% के माध्यम से विद्यार्थियों को इस खेल से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएँ। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में चेस क्लब का गठन कर नियमित अभ्यास एवं प्रतियोगिताएँ सुनिश्चित की जाएँगी ताकि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में छुपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाया जा सके।

इस मौके पर हरियाणा चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश शर्मा ने कहा की इस महत्वकांक्षी योजना में अपना पूर्ण सहयोग देने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। उन्होंने कहा की यदि इसके लिए प्रशिक्षकों एवं सामान और किट की आवशयकता होगी तो वह उपलब्ध करवाई जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गई, जैसेङ्कसमानांतर शतरंज मुकाबले राज्य स्तरीय खिलाड़ियों ने विद्यालय के विद्यार्थियों से एक साथ शतरंज खेला और कक्षा-स्तरीय प्रतियोगिताएं प्राथमिक व उच्च कक्षाओं के बीच रोचक शतरंज स्पर्धाएँ भी करवाई गई।

शतरंज कार्यशालाएँ - विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने शतरंज की बुनियादी तकनीक, ओपनिंग ट्रिक्स एवं रणनीति पर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने बच्चों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया एवं कार्यक्रम का समापन सभी को हर वर्ष इस पर्व को और भव्य स्तर पर मनाने के संकल्प के साथ किया गया।कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, विक्रम सहरावतखंड शिक्षा अधिकारी, पानीपत समेत अनेक शिक्षाधिकारी, गणमान्य अतिथि, अध्यापकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज अनमोल जैन का एशियन शूटिंग चैंपियनशिप का हुआ चयन

कजाखिस्तान में अगस्त में लगाएगा 10 मीटर एयरपिस्टल में लगाएगा निशाना

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**बल्लभगढ़, 5 जुलाई।** अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज अनमोल जैन का कजाखिस्तान में होने वाली एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में चयन हुआ है। चैंपियनशिप 14 से 30 अगस्त तक होगी। अनमोल का यह चयन 10 मीटर एयरपिस्टल में हुआ है।

ग्रीनफील्ड टेनक्स शूटिंग रैंज में अभ्यास करने वाले अनमोल जैन का चयन सीनियर वर्ग में हुआ है। उनके साथ उनकी टीम में उत्तर प्रदेश के सौरभ चौधरी व हरियाणा के ही आदित्य मालरा है। अनमोल के इस चयन से उनकी रैंज व परिवार में बेहद खुशी है। अनमोल जैन के कोच राकेश सिंह ने बताया कि अनमोल जैन कजाखिस्तान में होने वाली एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में अवश्य ही देश का नाम रोशन करेगा। कोच ने बताया कि अनमोल अभी तक अंतरर्राष्टीय स्तर पर करीब 37 मैडल और देश में करीब 167 मैडल हासिल कर चुका है। कोच राकेश सिंह ने बताया कि उनकी रैंज में अभ्यास करने वाली अंतरर्राष्टीय निशानेबाज पलक का भी कजाखिस्तान के लिए चयन हुआ है। वह भी 10 मीटर एयरपिस्टल में निशाना लगाएगी।

इधर, निशानेबाज अनमोल जैन का कहना है कि वह एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में चयन होने से खुश हैं और आने वाले मैचों में वह देश के लिए अवश्य मैडल लाकर देश व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार, नकदी व गहने बरामद

**अम्बाला (अप्रस/रवि पाहुजा)।** अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अकुंश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में 04 जुलाई 2025 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी सूरज निवासी गावँ सांवत खेड़ी थाना बड़गाँव सहारनपुर यूपी वर्तमान पता दुर्गा कालोनी काला आम्ब थाना नारायणगढ़ जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले में सम्बन्ध में शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने 30 जून 2025 को थाना नारायणगढ़ में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 30 जून 2025 को आरोपी सूरज ने नेपाली कालोनी काला आम्ब में स्थित उसके घर में घुस कर चाँदी की पायल व नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

### 20 ग्राम 24 मिलिग्राम हैरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

**अम्बाला (अप्रस)।** अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतू चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना प?ाव में दर्ज नशा तस्करी के मामले में 04 जुलाई 2025 को सीआईए-2 के पुलिस दल ने निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी किरण उर्फ कर्ण निवासी मौहल्ला उच्ची घाटी थाना फिल्लौर जिला जलन्धर पंजाब को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। 11 अक्तूबर 2024 को सीआईए-2 के पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा तस्करी का कार्य करता है जो आज नशा सप्लाई करने के लिए अम्बाला छावनी बन्दरी वाला मन्दिर रेलवे स्टेशन के पास खडा है। सूचना उपरान्त सीआईए-2 के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना पडाव अम्बाला छावनी बन्दरी वाला मन्दिर रेलवे स्टेशन के पास खडे संदिग्ध को काबू कर विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उससे 20 ग्राम 24 मिलिग्राम हैरोइन बरामद की थी। आरोपी की पहचान रिक्की निवासी डेहा कालोनी अम्बाला कैन्ट के रूप में हुई थी। जिसे उपरोक्त मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार कर थाना पडाव अम्बाला छावनी में मामला दर्ज किया गया था।

### अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**अम्बाला/बराड़ा (अप्रस)।** बराड़ा से आज सुबह अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का एक जत्था विधिवत पूजा-अर्चना के साथ रवाना हुआ। हर साल की भांति इस बार भी श्रद्धालु अमरनाथ की पवित्र गुफा के दर्शन के लिए आस्था और उत्साह के साथ यात्रा पर निकले। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा जोश और भक्ति का माहौल देखने को मिला। यात्रा से पूर्व श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हवन यज्ञ किया, जिसमें क्षेत्रवासियों ने भी भाग लिया और श्रद्धालुओं के मंगलमयी सफर की कामना की। हवन के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। उसके बाद धार्मिक गीतों और जयकारों के साथ यात्रा शुरू हुई श्रद्धालुओं ने जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा के सभी आवश्यक नियमों का पालन किया गया है। सभी यात्रियों ने मेडिकल जांच और पंजीकरण की प्रक्रिया पहले ही पूरी कर ली थी। सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी सभी उपायों का विशेष ध्यान रखा गया है। श्रद्धालुओं ने केंद्र सरकार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाएं सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य सिर्फ दर्शन करना नहीं, बल्कि देश और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करना भी है।

## फरीदाबाद में हथियार सप्लायर गिरफ्तार 65 हजार में बेचे देसी पिस्टल-5 कारतूस

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद, 5 जुलाई।** फरीदाबाद में क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने एक हथियार सप्लायर गौरव को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक देसी पिस्टल और 5 कारतूस को 65 हजार रूपए में बेचा था। जिससे प्रापर्टी डीलर के ऑफिस में काम करने वाले 26 वर्षीय युवक की हत्या की गई थी। एक दिन के रिमांड के बाद पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

पल्ला थाना पुलिस के अनुसार शिवम कालोनी ईस्माईलपुर के रहने वाले सूरज (26) की 18 मई की रात करीब 1 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह वारदात उस उस समय की गई, जब सूरज बसंतपुर में दुर्गा बिल्डर के पास शराब के ठेके के पास खड़ा हुआ था। तभी उस पर गोलियां चलाई गई। गोली लगने से सूरज की मौके पर ही मौत हो गई थी।

**65 हजार में बेचे थे हथियार:** एक दिन के पुलिस रिमांड में खुलासा हुआ है कि आरोपी गौरव गांव शाहदरा, नोएडा- उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। गौरव ने आरोपी रोहित नागर को 65 हजार रूपए में एक देसी पिस्टल और 5 कारतूस बेचे थे। जिसके बाद सूरज की हत्या कर दी गई। पुलिस इस मामले में 4 आरोपियों अजय, रोहित नागर, आकाश व रोहन को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस ने आरोपी गौरव को भी आज कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

**पुरानी रंजिश को लेकर हुई थी हत्या:** पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि सूरज की मां संतोष ने मामला दर्ज कराया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि 18 मई की रात को करीब एक बजे जब सूरज घर आ था। रास्ते में सुखराज, गुल्लू, आकाश, अन्नू भड़ाना, आकाश भडाना, लखन राजपूत व साहिल के साथ करीब 8 अन्य लोगों ने उसके बेटे की गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। हत्या की वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही है।

### प्रेरणा वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद को किया याद

## स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को नई दिशा दिखाई: डा. जय भगवान सिंगला

अर्थ प्रकाश/अर्पण वधवा

**कुरुक्षेत्र, 5 जुलाई।** प्रेरणा वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से प्रो. कुसुम लता मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची। अरुण पाराशर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक एवं संचालक डा. जय भगवान सिंगला ने कहा कि पूरा भारतवर्ष स्वामी विवेकानंद जी का ऋणी है। उन्होंने युवाओं को जो नई दिशा दिखाई वह सदा याद रहेगी। डा. सिंगला ने कहा कि आज के दिन भी स्वामी विवेकानंद युवाओं के रोल मॉडल हैं। उनके जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक बातें आज भी प्रासंगिक है। जागो उठो और तब तक ना रुको जब तक उद्देश्य को हासिल ना कर लो, यह पंक्तियां आज भी सभी युवाओं की प्रेरणा स्रोत है और उन में नव उत्साह का संचार करती है। मुख्य अतिथि प्रो. कुसुम लता ने कहा कि प्रेरणा संस्था बुजुर्गो की सेवा कर एक अति उत्कृष्ट कार्य कर रही है। स्वामी विवेकानंद और अन्य महानुभावों की पुण्यतिथि या जयंती को मना कर प्रेरणा संस्था समाज को एक नई दिशा दिख रही है। स्वामी विवेकानंद के बताइए मार्ग पर चलकर ही हम अपनी संस्कृति संस्कारों को बचा कर रख सकते हैं और विश्व गुरु बन सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अरुण पराशर ने कहा कि शिकागो में आयोजित धर्म संसद में स्वामी जी के कहे वे पांच शब्द आज तक विदेशियों को भारत की संस्कृति की ओर आकर्षित करते हैं। इस अवसर पर मंच संचालन करते हुए हरकेश पपोसा ने कहा कि प्रेरणा वृद्धाश्रम में सभी महापुरुषों की याद में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और उन्हें श्रद्धा के साथ स्मरण किया जाता है। इस अवसर पर युवा कवि वीरेंद्र राठौड़ ने स्वामी विवेकानंद पर अपनी कविता सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। ममता सूद ने अपनी कविता के माध्यम से अपने विचार रखे और युवाओं को स्वामी विवेकानंद के दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नरेश गर्ग, किरण गर्ग, मीरा गौतम, बलविंदर कौर, क्षमा मल्होत्रा, उषा सच्चर, कश्मीरी लाल जैन, जोगेंद्र, सीता इत्यादि अनेक बुजुर्ग भी मौजूद रहे।

## चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, चार वाहन, दो गैस सिलेण्डर व घी की पेटी बरामद

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा

**अम्बाला, 5 जुलाई।** अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामले में वांछित आरोपी लूट तथा चोरी करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही की जा रही है। थाना अम्बाला शहर में दर्ज घी की पेटी चोरी करने के मामले में पुलिस चैकी नं0 1 थाना अम्बाला शहर के पुलिस दल ने प्रभारी चैकी इन्चार्ज सह उप निरीक्षक जसबीर सिहँ के नेतृत्व में ब?ी कार्यवाही करते हुए दो शातिर चोर गुरविन्द्र सिहँ व हरविन्द्र सिहँ निवासी गावँ चुगिंया थाना गन्नौर जिला पटियाला पंजाब को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों का माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 03 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया था। रिमाण्ड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ की गई है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पाँच चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूल किया है। आरोपियों से चोरीशुदा दो मोटरसाईकिल, दो एक्टिवा, दो गैस सिलेण्डर व घी की पेटी बरामद की गई है। आरोपियों ने यह सभी वारदातें थाना अम्बाला शहर क्षेत्र में की है। माननीय न्यायालय के आदेशानुसार दोनों आरोपियों को आज न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

इस मामले में सम्बन्ध में शिकायतकर्ता पवन कुमार निवासी पुरानी अनाज मण्डी अम्बाला शहर जिला अम्बाला ने 15 जून 2025 को थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13 जून 2025 को मोटरसाईकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने पुरानी अनाज मण्डी अम्बाला शहर में स्थित उसकी दुकान से घी की पेटी चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

## श्री जयराम पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव की हुई शुरुआत

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 5 जुलाई।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल एवं श्री जयराम सैनिक स्कूल में वन महोत्सव के उपलक्ष्य में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आठवीं कक्षा की छात्रा हिमांशी ने वन महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्यों को वृक्षों के प्रति जागरूक करना वन महोत्सव का उद्देश्य है। वन महोत्सव के अंतर्गत ही एक पौधा मां के नाम अभियान भी चलाया जा रहा है। इस मौके पर स्कूल प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल, अध्यापिकाओं और विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर में अमरताल और रेबेका फूलों वाले पौधों को लगाया। पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए विद्यार्थियों ने पेड़ बनाकर पत्तियां लगाओ स्लोगन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। स्कूल प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के बारे में बताते हुए कहा कि हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर वातावरण को हरा-भरा बनाना चाहिए। पौधों से हमें ऑक्सीजन मिलती है, जो हमारे जीवन के लिए सबसे अहम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने जन्मदिन, विवाह उत्सव और आयोजनों पर पेड़-पौधे अवश्य लगाने का आग्रह किया। कार्यक्रम का आयोजन मीराबाई हाउस ने किया, जिसमें प्रोमिला, रंजना शर्मा, नेहा गौतम, नीलम, काजल, किरण गौड़, ममता शर्मा आदि अध्यापिकाएं भी मौजूद रहीं। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

## जन सहयोग संस्था जरूरतमंदों के सहयोग में सदा मार्गदर्शन करती है: रमेश अरोड़ा

जरूरतमंदों की मदद करके आत्म संतोष भी मिलता है

अर्थ प्रकाश/अमित

**कुरुक्षेत्र, 5 जुलाई।** जन सहयोग संस्था जरूरतमंदों के सहयोग में सदा मार्गदर्शन करती है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में लोग जन सहयोग संस्था से जुड़ रहे हैं। एलएनजेपी सरकारी अस्पताल कुरुक्षेत्र में अपने पिता जी स्मृति में सेवा करने पहुंचे रमेश अरोड़ा ने कहा कि नगर की सुप्रसिद्ध जन सहयोग संस्था सेवा के क्षेत्र में रक्त उपलब्ध करवाने के साथ साथ दिन प्रतिदिन नए-नए आयाम छू रही है। जन-जन को जन सेवा के लिए जागृत कर रही है। इसी कड़ी में रमेश अरोड़ा ने पिता जी की स्मृति में अस्पताल में दाखिल मरीजों और उनके सहायकों के लिए जूस की सेवा दी। जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र जीतू ने कहा कि सक्षम लोगों को सेवा के लिए संस्था ने एक प्लेटफार्म दिया है। यहां आकर कोई भी सक्षम व्यक्ति किसी भी शुभ अवसर पर, किसी पूर्वज की स्मृति में, जन्मदिन के उपलक्ष में, शादी की सालगिरह के उपलक्ष में या अन्य किसी अवसर पर मरीजों के लिए मददगार हाथ बनकर भोजन, कच्चा राशन, कपड़े, बर्तन, मेडिकल उपकरण या अन्य कोई भी सहयोग कर सकता है। इस अवसर पर सतीश आहुजा, श्याम लाल, कल्पना, अमनदीप कौर, स्वीटी अरोडा, मंजू वर्मा व अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पिछड़ा वर्ग के अंत्योदय परिवारों को दी बड़ी राहत

## मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत शगुन राशि रुपये 51,000 की गई: डीसी

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद, 5 जुलाई।** हरियाणा सरकार द्वारा अंत्योदय परिवारों के कल्याण हेतु एक और बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने ÷मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना÷ के अंतर्गत पिछड़ा वर्ग के पात्र अंत्योदय परिवारों को दी जाने वाली शगुन राशि को बढ़ाकर ?51,000 करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है।

डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि इससे पहले यह सुविधा अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति और टपरीवास समुदाय के पात्र परिवारों को रुपये 71,000 की राशि के रूप में प्रदान की जा रही थी। अब इस योजना के दायरे में पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आने वाले पात्र अंत्योदय परिवार भी सीधे लाभान्वित होंगे। यह निर्णय हरियाणा सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास और सम्मानजनक जीवन के अवसर पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि सरकार की इस पहल से सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति होगी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को विवाह जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक अवसरों पर सहयोग मिलेगा। इस योजना का लाभ उठाने के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि विवाह के 6 माह के भीतर विवाह पंजीकरण अवश्य कराया जाए। पात्र आवेदक shadi.edisha.gov.in पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## 'राष्ट्र के लिए मध्यस्थता- अभियान' का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद द्वारा शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद, 5 जुलाई।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (द्बस्र्) एवं माननीय उच्चतम न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के निर्देशानुसार जिला न्यायालय परिसर, फरीदाबाद में ÷राष्ट्र के लिए मध्यस्थता ङ्क अभियान÷ का शुभारंभ किया गया। यह अभियान माननीय भारत के प्रधान न्यायाधीश एवं न्यायमूर्ति सूर्यकांत, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश तथा कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में देशभर में एक संगठित, सघन और संवेदनशील प्रयास के रूप में प्रारंभ किया गया है।

यह अभियान एक 90 दिवसीय विशेष पहल है जिसका मुख्य उद्देश्य है- न्यायिक प्रक्रिया में लंबित मामलों को आपसी संवाद, समझ और समाधान के माध्यम से मध्यस्थता द्वारा शीघ्रता से निपटाना, ताकि आमजन को त्वरित, सुलभ एवं संतोषजनक न्याय मिल सके।

शुभारंभ अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती रितु यादव ने कहा- ÷यह अभियान मात्र एक कानूनी औपचारिकता नहीं, बल्कि न्याय प्रणाली को मानवीय बनाने का एक समर्पित प्रयास है। इसका मूल मंत्र है ङ्क झगड़ा खत्म हो, रिश्ते बचें और न्याय शीघ्र सब तक पहुंचे। मध्यस्थता न केवल विवादों का समाधान करती है, बल्कि वह सामाजिक समरसता एवं सामंजस्य को भी सशक्त करती है।÷

उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत विशेष रूप से ऐसे मामलों की पहचान की जाएगी जो आपसी सहमति से हल हो सकते हैं। इन मामलों को प्रशिक्षित और मान्यता प्राप्त मध्यस्थों को सौंपा जाएगा। पक्षकारों को विधिक जागरूकता एवं संवाद के माध्यम से समाधान हेतु प्रेरित किया जाएगा।

इस अभियान के अंतर्गत निम्नलिखित मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद (तलाक, भरण-पोषण, पारिवारिक संपत्ति बंटवारा आदि) संपत्ति विवाद (बंटवारे, अधिकार, स्वामित्व आदि से जुड़े मामले) मोटर वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावे चेक बाउंस मामलों (धारा 138 एनआई एक्ट)

**किरायेदारी विवाद**

सेवा से संबंधित रिटायरमेंट लाभ या पेंशन विवाद

उपभोक्ता विवाद (गुणवत्ता, सेवा, डिलीवरी इत्यादि से संबंधित)

अन्य दीवानी व समझौता योग्य आपराधिक मामले

1. न्यायालयों से मामलों की पहचान की जाएगी जो मध्यस्थता योग्य हैं।
2. संबंधित पक्षकारों को सूचित कर सहमति प्राप्त की जाएगी।
3. योग्य मध्यस्थों को मामलों का संदर्भ दिया जाएगा।
4. सुनियोजित मध्यस्थता सत्र आयोजित कर पक्षकारों को समाधान हेतु प्रेरित किया जाएगा।
5. आपसी सहमति से हुए समझौते को विधिक वैधता प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थ (मेडिएटर्स) तथा पक्षकारगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने इस अभियान की सराहना करते हुए इसे न केवल न्यायिक प्रक्रिया को सुगम बनाने वाला, बल्कि समाज में संवाद एवं विश्वास की भावना को सशक्त करने वाला कदम बताया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद इस अभियान को गंभीरता एवं प्रतिबद्धता से संचालित करेगा तथा सुनिश्चित करेगा कि अधिकतम विवाद मध्यस्थता के शांतिपूर्ण मार्ग से सुलझाए जाएं और न्याय प्रत्येक व्यक्ति तक शीघ्र पहुंचे।




# नशे के कारोबार में शामिल बड़ी मछलियों को कड़ी सजा देंगे : सीएम मान

- युवाओं के कत्लेआम के लिए जिम्मेदार 'जरनैलों' को जवाबदेह बनाया जाएगा
- राज्य के विकास फंड के हिस्से को रोकने के लिए की केंद्र सरकार की निंदा
- राज्य सरकार की ओर से उठाए गए कई जनहितकारी कदमों की जानकारी दी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 5 जुलाई।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शनिवार को कहा कि नशे बेचकर युवाओं की जिंदगियां बर्बाद करने वालों के लिए कड़ी सजा सुनिश्चित की जाएगी।

पवित्र शहर के निवासियों को लगभग 350 करोड़ रुपए की सड़कों और लाइब्रेरियां समर्पित करने के बाद 'आप' नेता मनीष सिसोदिया की मौजूदगी में एक सभा को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के कारोबार को संरक्षण देने वाले जरनैलों को पहले ही सलाखों के पीछे डाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि पहले किसी ने भी इन धनाढ्य नेताओं को गिरफ्तार करने की हिम्मत नहीं की थी, लेकिन अब हमारी सरकार ने ऐसा किया है और अपराधियों को अपने पापों की कीमत चुकानी होगी। भगवंत सिंह मान ने लोगों को भरोसा दिलाया कि इन नेताओं के लिए कड़ी सजा सुनिश्चित की जाएगी ताकि कोई भी दोबारा ऐसा अपराध करने की हिम्मत न करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने नशे के खतरे से निपटने के लिए 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान शुरू किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि युवाओं की असीमित ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में ले जाया जा रहा है। नशे के कारण पंजाब को हुए भारी नुकसान पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह अभियान लोगों के सक्रिय सहयोग से राज्य से इस बुराई को खत्म करने के लिए शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि पीड़ितों का शोषण कर तस्करों के फलने-फूलने पर राज्य सरकार चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि नशे की आपूर्ति श्रृंखला को पहले ही तोड़ दिया गया है और इस घृणित कारोबार में शामिल मुख्य अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। भगवंत सिंह मान ने आगे कहा कि पहली बार नशा तस्करों की अवैध रूप से बनाई गई संपत्तियों को जब्त किया जा रहा है या ध्वस्त किया जा रहा है ताकि यह दूसरों को इस ओर आने से रोके।

मुख्यमंत्री ने 3,500 करोड़ रुपए की कुल लागत से 19,000 किलोमीटर संपर्क सड़कों को कवर करने वाले विशाल सड़क परियोजना की शुरुआत की घोषणा भी की। उन्होंने ग्रामीण विकास कोष (आरडीएफ) में राज्य के हिस्से से 6,000 करोड़ रुपए रोकने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की और जोर देकर कहा कि यदि ये फंड जारी किए जाते हैं तो राज्य की हर सड़क बनाई जा सकती है। फिर भी, उन्होंने कहा कि राज्य बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए उपलब्ध फंडों का बेहतर उपयोग कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों की भलाई के लिए कठिन प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के समय सार्वजनिक उत्सव और खुशी के अवसर गायब हो गए थे और उन्होंने विकास व समृद्धि को नजरअंदाज किया था। भगवंत सिंह मान ने कहा कि उन सरकारों ने दशकों तक लोगों को धोखा दिया, जिससे राज्य के विकास में बाधा उत्पन्न हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के लोगों ने उन राजनीतिक दलों को नकार दिया है जो हर पांच साल बाद राज्य को लूटने के लिए सत्ता हथियाने का खेल खेलते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार को लोगों ने सेवा करने का मौका दिया है और वे लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भगवंत सिंह मान ने आगे कहा कि विपक्षी नेता उनकी आलोचना इसलिए करते हैं क्योंकि वे उनकी सरकार द्वारा लिए गए जनहितकारी फैसलों से जलते हैं। मुख्यमंत्री ने गर्व के साथ कहा कि राज्य के युवाओं को भ्रष्टाचार या भाई-भतीजावाद के बिना केवल योग्यता के आधार पर 54,000 से अधिक नौकरियां प्रदान की गई हैं। उन्होंने कहा कि इन नौकरियों के साथ युवाओं को पंजाब के सामाजिक-आर्थिक विकास में सक्रिय भागीदार बनाया गया है। भगवंत सिंह मान ने बताया कि सत्ता संभालने के बाद उनकी सरकार ने विधायकों को दी जाने वाली कई पेंशनों को समाप्त कर दिया, जिससे सार्वजनिक फंडों की काफी बचत हुई। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 टोल प्लाजा बंद कर दिए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप आम लोगों को रोजाना 64 लाख रुपए की बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि 2022 में मुफ्त बिजली की गारंटी शुरू करने के बाद 90 प्रतिशत परिवारों को मुफ्त बिजली प्रदान की जा रही है और उनका बिल शून्य आ रहा है, जिससे परिवारों पर वित्तीय बोझ काफी कम हुआ है।

### पिछली सरकारों ने लोगों को धार्मिक आधार पर विभाजित रखा और उनकी भलाई को अनदेखा करती रहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने लोगों को धार्मिक आधार पर विभाजित रखा और उनकी भलाई को अनदेखा करती रहीं। उन्होंने पवित्र ग्रंथों को ले जाने वाले वाहनों पर लगाए जाने वाले करों का उदाहरण दिया, जिसे उनकी सरकार ने समाप्त कर दिया है। भगवंत सिंह मान ने जोर देकर कहा कि पंजाब में सांप्रदायिक सौहार्द, शांति और भाईचारे का माहौल है जो विकास के लिए अत्यंत आवश्यक और महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के प्रयासों के कारण, पिछले तीन वर्षों में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश हुआ है, जिसमें टाटा स्टील, सनातन टेक्सटाइल और अन्य बड़ी कंपनियों ने राज्य में निवेश करने की इच्छा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह निवेश पंजाब के उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे, कुशल कार्यबल और कारोबार अनुकूल वातावरण के कारण संभव हुआ है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार पंजाब को विकास की नई राहों पर ले जाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ और गुरमीत सिंह खुड्डीयां भी मौजूद थे।




# चंडीगढ़ व्यापार मंडल ने बिजली वितरण प्राधिकरणों के साथ उठाए बिजली के मुद्दे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 5 जून।** चंडीगढ़ व्यापार मंडल (सीबीएम) के वरिष्ठ पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के सीईओ ए.के. वर्मा से मुलाकात की और शहर के व्यापारिक समुदाय को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण बिजली संबंधी मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीबीएम अध्यक्ष संजीव चड्ढा ने किया और बिजली की बार-बार खराबी, उजागर तारों और ट्रांसफर बक्सों, और खराबी और आपूर्ति में देरी से सुधार के मुद्दों पर प्रकाश डाला। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में संजीव चड्ढा, (अध्यक्ष); चरनजीव सिंह, पूर्व अध्यक्ष, दिवाकर साहूजा, (उपाध्यक्ष), नरेश महाजन (महासचिव) बलविंदर सिंह (महासचिव), किरण नारद (मुख्य सलाहकार, राधे बजाज (वित्त सचिव) हरी कृष्ण कक्कड़ (सलाहकार), सुशील बंसल (सलाहकार), मोहित सूद (उपाध्यक्ष), विनोद तलवार (अध्यक्ष, ज्वैलर्स एसोसिएशन) मौजूद रहे।

सीईओ ए.के. वर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि नई प्राधिकरण इन मुद्दों को हल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, जिसमें अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात किया गया है ताकि बिजली की शिकायतों और निर्बाध बिजली आपूर्ति को सुनिश्चित किया जा सके।



### मुख्य मुद्दे ये रहे

- सेक्टर 17 में एक वायरिंग जंक्शन पर आग की घटना, जिसमें लगभग तीन दिन लगे और दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ।
- बार-बार और लंबी बिजली कटौती।
- उजागर तारों और ट्रांसफर बक्सों की समस्या। पारदर्शिता और पहुंच बढ़ाने के लिए कदम उठाने को कहा गया। दिवाकर साहूजा( उपाध्यक्ष) और आधिकारिक प्रवक्ता ने शिकायत संबंधित मोबाइल नंबरों की एक प्रति मांगी, जिसे कंपनी ने प्रदान किया और सीबीएम वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

# मानवता के मंच से कर दो यह ऐलान, समय-समय पर हम सभी करेंगे रक्तदान



फोटो : अजीत कौशल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 5 जुलाई।** शनिवार को चंडीगढ़ के पूर्व वरिष्ठ उप महापौर एवं पार्षद दलीप शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर मानव सेवा फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर आयोजन किया गया, जिसमें 18 से 65 वर्ष की आयु के बीच वाले लोगों ने रक्त दान किया। रक्त दान को महादान कहा गया है। इस कार्यक्रम के विशेष अतिथि संजय टंडन, सह प्रभारी हिमाचल प्रदेश चंडीगढ़ यूटीसीए के अध्यक्ष तथा चंडीगढ़ की मेयर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला रहे और मुख्य अतिथि जितेंद्र पाल सिंह मल्होत्रा, चंडीगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपस्थित चंडीगढ़ महापौर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला, पार्षद मनोज कुमार सोनकर, भाजपा के कर्मठ नेता अरविंद सिंह, सुनील शर्मा अग्रवाल टेंट वाले शिव कुमार, सोमराज, सनी द्वारा आदरणीय दलीप शर्मा को पुष्प गुच्छ देकर एवं पटका पहनाकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। उसके उपरांत दलीप शर्मा, सुनील शर्मा एवं उपस्थित सभी गणमान्यों द्वारा चंडीगढ़ महापौर हरप्रीत कौर बबला को पटका एवं श्रीमद् भागवत गीता को भेंट कर सम्मानित किया गया।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)